# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




गुना में रात को तेज बारिश के बाद बस्तियां टापू बन गईं

◆ ईसागढ़ तहसील में सर्वाधिक साढ़े चार इंच और मुंगावली में सवा तीन इंच बारिश

# कई जगह बाढ़ के 'हालात'... ऐसी हो रही 'बरसात'

**आगे क्या?**

आज से भोपाल में भी बढ़ेगी बारिश की रफ्तार एक दर्जन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में बारिश में तेजी से शुरू हो गई है। गुरुवार तक 6 जिलों में 106 से 148 मिमी तक बारिश हुई है। इससे इन जिलों में सामान्य हालात बिगड़ गए। अशोकनगर के मुंगावली में 4 घंटे तेज बारिश हुई।

इससे वहां नदी-नाले उफान पर आ गए। कई घरों में तीन से चार फीट तक पानी भर गया। विदिशा के सिरोंज में एक कार पुलिया से बह गई।

» 6 जिलों में 148 मिमी तक बारिश भोपाल में दो दिन में 7 डिग्री गिरा पारा

» प्रदेश में औसत से 49 फीसदी अधिक बारिश, पांच दिन जारी रहेगी झमाझम



अशोक नगर में बस्तियों में जलभराव

### यहां मुश्किल हुई जिंदगी

अशोकनगर में बाढ़ जैसे हालात, बहादुरपुर रोड के आसपास के घरों में 3 फीट तक पानी

विदिशा में गर्भवती को रस्सी के सहारे पुलिया पार कराई, शिवपुरी में महिला और दो बच्चियां बही एक की मौत

*मुंगावली से बीना जाने वाले मार्ग पर कंजिया के पास पुल पर पानी आ गया जिससे मुख्य मार्ग बंद हो गया*

## भोपाल में दिनभर में 28 मिमी पानी गिरा चार से पांच दिन जारी रहेगी बारिश



भोपाल में दिनभर में 28 मिमी बारिश हुई। यहां दो दिन में अधिकतम पारा 7 डिग्री गिरकर गुरुवार को जुलाई में दूसरी बार सबसे कम 26 डिग्री पर आ गया। यह नॉर्मल से 3.7 डिग्री कम है। लगातार दो दिन में पारे में करीब साढ़े तीन-तीन डिग्री की कमी आई है।






### खबर संक्षेप

#### युवक-युवतियों को पीटा, कालिख पोती

**इंदौर।** प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने आए 8 युवक-युवतियों के साथ बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मारपीट की है। इन पर धर्म परिवर्तन करवाने का आरोप लगा है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें भीड़ से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला। मीडियाकर्मियों ने भी बीच-बचाव किया। बाद में पुलिस युवक-युवतियों को अपने साथ थाने लेकर गई।



#### नकली नोट की फैक्ट्री पर छापा, नोट जब्त

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलहरी चौकी के ग्राम बखड़ेरा में नकली नोटों के बड़े रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। जबलपुर एसटीएफ ने दबिश देकर 1 लाख 56 हजार रुपए के नकली नोट और नोट छापने वाले उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी कृष्णा लोधी (29), पिता गुलाब सिंह की एक सप्ताह तक निगरानी की गई। इसके बाद कार्रवाई की गई।



#### खाद के लिए रात भर लाइन में खड़े किसान

**जबलपुर।** पनागर तहसील समेत पूरे जबलपुर जिले में खाद की मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ता अंतर किसानों को परेशान कर रहा है। एक-एक बोरी खाद पाने के लिए किसान रातभर कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। पनागर क्षेत्र में हालात ऐसे हैं कि रात को ही कृषि मंडी में जुटने लगे। किसी ने आधार कार्ड रखकर जगह बनाई तो किसी ने पत्थर रखकर लाइन में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।



#### दर्शन को जमानत पर शीर्ष कोर्ट की आपत्ति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रेणुकास्वामी मर्डर केस में कन्नड़ एक्टर दर्शन थुगुदीपा और छह अन्य को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि यह विवेकाधीन शक्ति का गलत इस्तेमाल है। अभिनेता की जमानत रद्द करने की कर्नाटक सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है।



**ऐतिहासिक दिन :** भारत और ब्रिटेन ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए

# ब्रिटेन के बाजार में 'नए अवसर' बनेंगे वहां की कई चीजें भारत में सस्ती होंगी

द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी

एजेंसी ⏭ लंदन

भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इससे ब्रिटिश व्हिस्की, कारों और कई वस्तुओं पर टैरिफ में कमी आएगी। इसके साथ ही द्विपक्षीय व्यापार में सालाना लगभग 34 अरब अमेरिकी डॉलर की बढ़ोतरी होगी। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस एफटीए से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को फायदा होने की उम्मीद है। इससे ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कारों और अन्य उत्पादों का निर्यात आसान हो जाएगा। इससे समग्र व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक ओर भारतीय टैक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न और आभूषण, सी-फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी। भारत के ऐग्रिकल्चर उत्पादन और प्रोसेस्ड फूड उद्योग के लिए ब्रिटेन के बाजार में नए अवसर बनेंगे। भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई सेक्टर के लिए यह समझौता विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।

### समझौते का यह होगा असर?

**भारतीय टैक्सटाइल्स, फुटवियर, रत्न और आभूषण, सी-फूड और इंजीनियरिंग गुड्स को ब्रिटेन में बेहतर बाजार पहुंच मिलेगी**

**भारत के लोगों और उद्योग के लिए ब्रिटेन में बने उत्पाद जैसे मेडिकल डिवाइसेस और एयरोस्पेस पार्ट्स सुलभ और किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगे**

भारत-ब्रिटेन में मुक्त व्यापार समझौता 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में भी मदद करेगा



**ब्रिटेन से आने वाली ये चीजें होंगी सस्ती**

- व्हिस्की
- चॉकलेट
- बिस्किट
- सालमन फिश
- कॉस्मेटिक सामान
- मेडिकल उत्पाद
- लग्जरी कारें



### दोनों देशों ने 'विजन-2035' किया जारी

दोनों देशों ने 'विजन-2035' जारी किया, जो टेक्नोलॉजी, रक्षा, जलवायु, शिक्षा, और लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करने का रोडमैप है। रक्षा सहयोग के लिए डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप और टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी इनिशिएटिव को और सशक्त करने पर जोर दिया गया। पीएम मोदी ने कहा कि एआई से लेकर महत्वपूर्ण खनिज, सेमीकंडक्टर, और साइबर सुरक्षा तक, हम मिलकर भविष्य का निर्माण करेंगे।

**पीएम मोदी ने कहा...**

### यह साझा समृद्धि की योजना

हमारे संबंधों में एक ऐतिहासिक दिवस है। मुझे खुशी है कि कई वर्षों की मेहनत के बाद आज दोनों देशों ने व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता संपन्न हुआ है। समझौता महज आर्थिक साझेदारी नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि की योजना है। ये समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा।

**ब्रिटिश पीएम स्टार्मर बोले...**

### लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि यह एक ऐसा समझौता है, जिससे दोनों देशों को भारी लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवनस्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में ज्यादा पैसा आएगा। यह नौकरियों के लिए अच्छी डील है, यह व्यापार के लिए अच्छा है, टैरिफ में कटौती करेगा और व्यापार को और आसान बनाएगा।

**◆ पीएम मोदी ने कहा...आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों की जगह नहीं, समय की मांग विस्तारवाद नहीं, विकासवाद**

पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कठोर निंदा के लिए हम प्रधानमंत्री स्टार्मर और उनकी सरकार का आभार व्यक्त करते हैं। हम इस बात पर भी सहमत हैं, कि अतिवादी विचारधारा वाली शक्तियों को लोकतांत्रिक आजादी का दुरुपयोग नहीं करने दिया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि हिंद-प्रशांत में शांति और स्थिरता, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और पश्चिम एशिया की स्थिति पर हम विचार साझा करते रहे हैं। सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान अनिवार्य है। आज के युग की मांग विस्तारवाद नहीं विकासवाद ही है।

***दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर बनेंगे***

*पीएम मोदी ने कहा कि डबल कॉन्ट्रीब्यूशन कन्वेंशन पर सहमति से टेक्नोलॉजी और फाइनेंस जैसे सेवा क्षेत्रों को नई ऊर्जा मिलेगी, कारोबारी लागत कम होगी, और निवेशकों का विश्वास बढ़ेगा। यूके की अर्थव्यवस्था को भारतीय कुशल प्रतिभा का लाभ मिलेगा, जिससे दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसर बनेंगे।*

**क्रेन चलाकर काट रहा था फरारी**

## पंजाब से भागा बब्बर खालसा का आतंकी इंदौर से गिरफ्तार

» *दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने आतंकी को पकड़ा*

» *गुरदासपुर में थाने पर हमला करने का है आरोप*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने बब्बर खालसा के एक सक्रिय आतंकवादी को इंदौर से गिरफ्तार किया है। यह युवक पंजाब से भागकर इंदौर आया था और पिछले काफी दिनों से यहां रहकर क्रेन चालक का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस लंबे समय से लगातार उसे तलाश रही थी।



**गुजरात में भी फरारी काट चुका है आकाशदीप**

आकाशदीप लगातार फरार चल रहा था। वह इसके पहले गुजरात में भी फरारी काट चुका था। जब दिल्ली की स्पेशल टीम को आकाशदीप के गुजरात में होने की जानकारी लगी थी तो गुजरात में भी दिल्ली की स्पेशल टीम के द्वारा दबिश दी गई थी।

*हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल के नाम बदलने पर हंगामा*

## भोपाल नवाब गद्दार...सदन में लगे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



**भोपाल।** नगर निगम परिषद की बैठक में हमीदिया अस्पताल, कॉलेज और स्कूल के नाम बदलने का प्रस्ताव पास होते ही सदन में हंगामा मच गया। भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच काफी नोक-झोंक हुई, हाथापाई तक की नौबत आ गई।

***8 हजार स्वच्छता मित्रों को भोज देगा निगम***


*महापौर मालती राय ने कहा कि स्वच्छता में भोपाल देश में दूसरे नंबर पर आया है। निगम 8 हजार स्वच्छता मित्रों को भोज देगा और उनका सम्मान करेगा। रक्षाबंधन में स्वच्छता मित्रों का हेल्थ चेकअप होगा। उन्हें रक्षासूत्र बांधे जाएंगे। महापौर ने कहा कि स्वच्छता मित्रों को रेन कोट भी दिए जाएंगे।*

**तीन साल के लिए की गई नियुक्ति**

## पूर्व वित्त सचिव अजय सेठ आईआरडीएआई प्रमुख नियुक्त

कर्नाटक कैडर के 1987 बैच के आईएएस हैं सेठ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने गुरुवार को पूर्व वित्त व आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को भारतीय बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।






**अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

उच्च न्यायालय के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक वर्ष 2006 ट्रेन धमाके के आरोपियों को दी गई थी राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2006 के ट्रेन धमाका मामले के आरोपियों को राहत दी थी। गुरुवार को अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। सर्वोच्च अदालत ने ये भी कहा कि फिलहाल रिहा किए गए आरोपियों को जेल नहीं भेजा जाएगा।

बॉम्बे उच्च न्यायालय ने हाल ही में दिए अपने फैसले में धमाके के सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। उच्च न्यायालय के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जेल से रिहाई को बरकरार रखा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों की जेल से रिहाई को बरकरार रखा**

**उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा**

### जमानत हासिल करने के लिए आरोपी आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे



जस्टिस एमएम सुंदरेश और एन कोटिश्वर सिंह ने सभी आरोपियों को भी नोटिस जारी कर उनका जवाब मांगा है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले को मिसाल नहीं माना जाएगा। इसका मतलब है कि जो लोग इसी तरह के आरोपों में जेल में बंद हैं, वे जमानत हासिल करने के लिए इस आदेश का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

**मुंबई ट्रेन धमाके में हुई थी 187 लोगों की मौत**

गौरतलब है कि 2006 के मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 187 लोगों की मौत हुई थी, वहीं 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के बाद इन धमाकों का कोई जिम्मेदार नहीं रह गया था। पूर्व में निचली अदालत ने 12 दोषियों में से पांच को मौत की सजा और सात को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

# प्रथम
# ॥ पुण्यस्मरण ॥



**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।**

आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न आग उसे जला सकती है।
न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है।

**श्रीमद् भगवद् गीता - अध्याय 2 श्लोक 23**

## ब्रह्मलीन
# स्व. श्री प्रभात झा जी

जन्म :04.06.1957 | प्रभुमिलन : 26.07.2024

श्रद्धावनत



राजेश दामानी | जीतू चांगलानी | विभय दयारामानी | विजय धनवानी | अक्षय ग्वालानी

जबलपुर
शुक्रवार, 25 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-1
वर्ष : 20, अंक : 86
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 25

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



**प्रेरक खबर**

दोनों युवक सड़क के कटे हुए हिस्से में तेज बहाव के बीच घुटनों के बल बैठ गए और एक-एक करके तीस बच्चों व स्कूल के स्टाफ को अपनी पीठ के ऊपर से पार कराया

### मोगा और बठिंडा में दो मामलों में मानवता की मिसाल

# दो युवकों ने पीठ को बनाया पुल...पार कराए 30 स्कूली बच्चे
# नहर में गिरी कार, पुलिसकर्मी ने कूद कर बचाई 11 की जान

एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

मुसीबत के समय मदद के लिए आगे आना पंजाबियों की पहचान है। भले ही इसके लिए अपनी जान ही दांव में क्यों न लगानी पड़े। मोगा और बठिंडा में ऐसे ही दो मामलों में यह मिसाल देखने को मिली। मोगा में बारिश में सड़क का हिस्सा बह गया तो दो युवकों ने पानी में बैठकर अपनी पीठ पर 30 स्कूली बच्चों को पार कराया। वहीं, बठिंडा में एक कार नहर में गिर गई, इस पर एक पुलिसकर्मी ने अपनी जान की परवाह किए गए बिना





नहर में छलांग लगा दी और 11 लोगों को बचा लिया। मोगा जिले के कस्बा निहाल सिंह वाला में बारिश ने भारी तबाही मचाई। गांव मल्लेयाना को जाने वाली मुख्य सड़क का एक हिस्सा पानी में बह गया। जगरांव स्कूल से लौट रहे गांव के करीब 30 बच्चे वहां फंस गए। गांव को जोड़ने वाली इकलौती सड़क के बीच से कट जाने के कारण तेज बहाव को पार करना मुश्किल था। ऐसे में गांव के दो युवकों गगनदीप सिंह और सुखविंदर सिंह ग्रामीणों की मदद से बच्चों को सड़क पार कराने लगे।

## खबर संक्षेप

### 10 हजार की रिश्वत लेते डेटा इंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार

**बालाघाट।** कलेक्टर कार्यालय में लोकसेवा प्रबंधन विभाग के डेटा इंट्री ऑपरेटर और एडीएम के प्रभारी स्टेनो राजेंद्र कुमार मसकरे को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। डेटा इंट्री ऑपरेटर ने आवेदक से 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। आवेदक ने जबलपुर में लोकायुक्त से शिकायत की थी। जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में स्टेनो कक्ष में राजेन्द्र कुमार मसखरे को रिश्वत लेते पकड़ा गया। कटंगी के महकेपार निवासी मेहरचंद सुलकिया ने शिकायत की थी कि उनकी पत्नी के नाम से कटंगी में लोक सेवा केंद्र है। नवंबर 2024 में उन्होंने नवीन आधार आईडी बनाने के लिए कलेक्टर कार्यालय के लोक सेवा प्रबंधन विभाग में आवेदन किया था।

### बावड़ी में युवक डूबा, दूसरे दिन निकाला गया शव

**दतिया।** रत्नसेठ की बावड़ी में बुधवार शाम नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई। गुरुवार



सुबह गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। घटना के बाद उसके साथ गए दोस्तों ने न तो पुलिस को सूचना दी और न ही परिजनों को खबर दी। देर शाम जब सौरभ घर नहीं पहुंचा तो तलाश शुरू हुई।

### वाटरफॉल में कूदे देवर भाभी, दोनों की तलाश

**मऊगंज।** बहुती वाटरफॉल में देवर-भाभी ने परिवार के सामने छलांग लगा दी। इससे पहले दोनों



ने मांग भरने का वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। एसडीईआरएफ की टीम दोनों की तलाश कर रही है। घटना बुधवार शाम की है। देवरा खटखरी के ग्राम तेलिया बूढ़ के रहने वाले दिनेश साहू (26) और उसकी भाभी शकुंतला साहू (35) चार दिन से लापता थे। बुधवार शाम को दोनों बहुती

### सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम ने वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार की

# प्रदेश में राख के पहाड़ों पर 3 लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास



मुख्यमंत्री राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खनन गतिविधियों और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बने राख के पहाड़ों पर वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार कर मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम ने वन संपदा को पुनर्स्थापित किया है। प्रदेश के तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास करना बड़ी उपलब्धि है।

वन विकास निगम इस उपलब्धि के लिए बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में विशेष पहल की जा रही है। राज्य सरकार जू (चिड़ियाघर) तथा वन्य जीवों का रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। डॉ. यादव ने वन विकास निगम के केन्द्रों में ईको टूरिज्म की गतिविधियां संचालित करने का भी सुझाव दिया।

प्रदेश में **ईको टूरिज्म** गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा



डॉ. यादव ने कहा कि राजस्थान का जोधपुर आम और बबूल की लकड़ी के आधार पर फर्नीचर के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। प्रदेश में उपलब्ध सागौन और अन्य श्रेष्ठ काष्ठ के उपयोग से मध्यप्रदेश भी इस प्रकार की पहल कर सकता है।

- ***चिड़ियाघर तथा वन्य जीवों के रेस्क्यू सेंटर होंगे स्थापित***
- ***वन विकास निगम के विजन डॉक्यूमेंट का किया अनावरण***
- ***उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान***

#### वनों के प्रबंधन पर विचार मंथन की जरूरत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य वन विकास निगम द्वारा विकसित वनों के प्रबंधन और आगामी कार्ययोजना के बारे में विचार मंथन की आवश्यकता है। अब तक किए गए कार्यों का सिंहावलोकन करते हुए राज्य सरकार वन विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष नवाचार और पहल करने के लिए तत्पर है। डॉ. यादव ने कहा कि राजस्थान का जोधपुर आम और बबूल की लकड़ी के आधार पर फर्नीचर के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। प्रदेश में उपलब्ध सागौन और अन्य श्रेष्ठ काष्ठ के उपयोग से मध्यप्रदेश भी इस प्रकार की पहल कर सकता है।

#### मध्यप्रदेश वन संपदा में देश में सर्वश्रेष्ठ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अद्यतन तकनीक के माध्यम से वनों का उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि प्रदेश वन संपदा में देश में सर्वश्रेष्ठ है। राज्य सरकार वनों और वन उपज के साथ वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में भी हरसंभव प्रयास कर रही है। प्रदेश के सघन वन क्षेत्र की सुरक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए वन सेवा के अधिकारी-कर्मचारी प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने वन विकास निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्री आरके नामदेव, आरएस नेगी, रतन पुरवार, पीसी ताम्रकार तथा भगवंतराव बोहरपी को सम्मानित किया।

#### प्रदेश में हो रहा अनेक नवाचारों का क्रियान्वयन

वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वन विकास निगम स्थानीय लोगों को जोड़ते हुए वन संरक्षण की गतिविधियां संचालित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में अनेक नवाचार क्रियान्वित हो रहे हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश को वन संपदा से समृद्ध करने के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया गया। प्रदेश में जल संरक्षण के लिए जल-गंगा संवर्धन अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत प्रदेश में अनेकों कुए, बावड़ी, तालाब और जलस्त्रोतों का जीर्णोद्धार किया गया। जल-गंगा संवर्धन अभियान भूजल स्तर सुधार के क्षेत्र में एक बड़ी पहल है। राज्य वन विकास निगम की भूमिका सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है।

### अनिल अंबानी के ठिकानों पर ईडी की रेड

# 50 कंपनियों और 35 से अधिक परिसरों पर तलाशी 3 हजार करोड़ का घोटाला

- ***यस बैंक से लगभग 3,000 करोड़ रुपए के अवैध ऋण डायवर्जन के आरोपों की जांच***
- ***कंपनी के शेयरों में भूचाल आया, शेयर क्रैश***



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अनिल अंबानी पर नई मुसीबत आ गयी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को अनिल अंबानी ग्रुप की कंपनियों के कई परिसरों में छापेमारी की है। साथ ही ईडी ने यस बैंक के खिलाफ भी छापेमारी की है। इस छापेमारी से रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रा के शेयरों में गिरावट देखी गई। दोनों कंपनियों के शेयर 5 फीसदी से अधिक टूटकर कारोबार कर रहे हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मुंबई और दिल्ली में 50 कंपनियों और लगभग 25 व्यक्तियों के 35 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है।

#### कैसे सामने आया यह मामला?

मनी लांड्रिंग का यह मामला कम से कम दो सीबीआई एफआईआर और राष्ट्रीय आवास बैंक, सेबी, राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा साझा की गई रिपोर्टों से उपजा है।

#### कंपनी ने दिया स्पष्टीकरण

कंपनी ने कहा उक्त कार्रवाइयों का रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के कारोबार ऑपरेशन, फाइनेंस परफॉर्मेंस, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य स्टेकहोल्डर्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर एक अलग और इंडिपेंडेंट लिस्टेड यूनिट है जिसका आरसीओएम या आरएचएफएल से कोई व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं है।

### डिप्टी कमिश्नर की बुजुर्ग मां को जेल भेजा

# 30 साल पहले ससुर ने दी थी बाघ की खाल, रोजाना पूजा करती थीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सरवटे के घर से बाघ की खाल मिली थी। जिसके बाद उनकी 75 साल की मां सावित्री सरवटे को जेल भेज दिया है। आधारताल स्थित घर से जांच के दौरान ईओडब्ल्यू को बाघ की पुरानी खाल मिली थी। ईओडब्ल्यू ने आगे की

- **ससुर को बाघ की खाल कहां से मिली, किसने दी, नहीं पता**




कार्रवाई के लिए खाल वन विभाग को सौंपी थी। विभाग ने वन्य प्राणी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए सावित्री सरवटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूछताछ में सावित्री ने बताया कि खाल का इस्तेमाल वह पूजा के दौरान बैठने के लिए करती थीं।

### ठगों ने निकाला ठगी का नया तरीका

# डिजिटल सोना खरीदा...खाते से उड़ गए डेढ़ लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर

जिले के ढीमरखेड़ा के ग्राम मेर निवासी 40 वर्षीय शैतान सिंह



वर्तमान में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के देवेंद्र हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा है। उसने कुछ समय पूर्व अपने मोबाइल फोन से एक ई-वॉलेट ऐप के माध्यम से 20 हजार रुपए मूल्य का डिजिटल सोना खरीदा था। लेकिन दुर्भाग्यवश उस निवेश की रसीद कहीं गुम हो गई। रसीद के बिना वह रिफंड या निवेश की पुष्टि नहीं कर पा रहा था। रसीद दोबारा लेने के लिए उसने गूगल पर संबंधित ई-वॉलेट का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। जो नंबर उसे मिला वह असली नहीं, बल्कि एक ठग का जाल था। उस नंबर पर कॉल करने के बाद उसे तीन मोबाइल नंबर और दिए गए और बताया गया कि इन्हीं से सहायता मिलेगी।

### अशोक नगर में चलती ट्रेन से गिरी महिला

# ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसी ड्रिल मशीन से खोदकर निकाला

पानी भरने उतरी और चढ़ते समय पांव फिसल गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रेलवे स्टेशन पर एक महिला ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई। महिला चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही थी। उसके गिरने के बाद यात्रियों में से ही किसी ने चेन पुलिंग कर दी। 40 मिनट के रेस्क्यू के बाद महिला को सुरक्षित निकाला जा सका। घटना गुरुवार सुबह 10 बजे की है।





#### महिला के सिर और पीठ पर चोट

राजस्थान के अलीगढ़-रामपुरा की रहने वाली मधु लाक्ष्यकार (32) लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस में सवार थी। अशोकनगर रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म पर ट्रेन रुकी तो वह बोतल में पानी भरने उतरी। इतने में ही ट्रेन चल पड़ी। मधु ने दौड़कर गाड़ी में चढ़ने की कोशिश की लेकिन पैर फिसल गया।

### नए चयनित जवानों को रामचरितमानस का पाठ हुआ अनिवार्य

# एडीजी का फरमान- सोने से पहले अब रामचरितमानस पढ़ेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस ने अपने रंगरूटों यानि नए चयनित जवानों को रामचरितमानस का पाठ पढ़ाने का फरमान जारी किया है। फरमान जारी होने के निर्णय पर सवाल उठने लगे हैं। मध्य प्रदेश में पुलिस रामचरितमानस में भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास का हिस्सा पढ़ाने के साथ रंगरूटों को ये सिखाना चाहती है कि घर से दूरी कई बार क्यों जरुरी हो जाती है। एक तरीके से रामचरितमानस का पाठ भी पुलिस भर्ती की ट्रेनिंग का हिस्सा है।

एडीजी बोले केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है, ये एक सोशल गाइड है



#### सामूहिक पाठ के निर्देश

मध्य प्रदेश पुलिस में प्रशिक्षण विभाग में एडीजी राजाबाबू सिंह का कहना है कि श्री रामचरितमानस की चौपाइयों के जरिए पुलिस जवान उनके अर्थों को अपने जीवन में उतार सकें, इसलिए पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के सभी जवानों के लिए रात में सोने से पहले एक साथ बैठकर चौपाइयों के सामूहिक पाठ के निर्देश दिए गए हैं।

### जो भी फैसला होगा, वह फिलहाल दिल्ली-एनसीआर के लिए होगा, पर वह सारे देश के लिए नजीर होगा

सवाल ये है-पेट्रोल गाड़ियों के लिए 15 साल और डीजल गाड़ियों के लिए 10 साल की तय उम्र सीमा लागू होनी चाहिए या नहीं?

# बीएस-6 तकनीक वाली गाड़ियों पर भी बैन का साया, सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई को सुनवाई तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट 28 जुलाई को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें यह सवाल उठाया गया है कि बीएस-6 मानकों वाली गाड़ियों पर भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पेट्रोल गाड़ियों के लिए 15 साल और डीजल गाड़ियों के लिए 10 साल की तय उम्र सीमा लागू होनी चाहिए या नहीं? मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने गुरुवार को इस याचिका को जल्दी सुनवाई के लिए मंजूरी दी। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह मामला बेहद जरूरी है, क्योंकि सरकार कोर्ट के पहले दिए गए निर्देशों को नजरअंदाज करके अपने नियम लागू नहीं कर सकती।

#### कोर्ट के पुराने आदेशों से नहीं हट सकती सरकार



वकील ने दलील दी कि दिल्ली में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही गाड़ियों की उम्र को लेकर जो सीमाएं तय की थीं, सरकार को उन्हें बिना कोर्ट की मंजूरी के बदलने का अधिकार नहीं है। ऐसे में यह साफ किया जाना जरूरी है कि बीएस-6 मानकों को पूरा करने वाली नई तकनीक की गाड़ियों पर भी पुराने नियम लागू होंगे या नहीं।

#### क्या है मौजूदा नियम?

कानून के अनुसार, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में डीजल वाहनों के लिए वर्तमान एंड ऑफ लाइफ (जीवन अवधि) 10 वर्ष और सभी पेट्रोल वाहनों के लिए 15 वर्ष है। 2015 में, भारत के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने निर्देश दिया था कि शहर में बढ़ते प्रदूषण स्तर को कम करने के प्रयास में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में चलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

उल्लेखनीय योगदान दिया

# राज्यसभा के 6 सदस्यों की विदाई, अन्नाद्रमुक के विल्सन का दोबारा आना तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मानसून सत्र के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से राज्य सभा चर्चा का केंद्र बनी हुई है। गुरुवार को उच्च सदन में उन 6 सदस्यों को विदाई दी गई, जिनका कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इसकी जानकारी उपसभापति हरिवंश ने दी। उन्होंने कहा कि 6 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है जिसमें एक, अन्नाद्रमुक के पी विल्सन दूसरे कार्यकाल के लिए सदन में वापस आ रहे हैं। उपसभापति ने कहा कि द्रमुक के एम मोहम्मद अब्दुल्ला और एन षणमुगम, अन्नाद्रमुक के एम चंद्रशेखरन और पी विल्सन, पीएमके के डॉ. अंबुमणि रामदास तथा एमडीएमके के एम वाइको का उच्च सदन में कार्यकाल समाप्त हो रहा है। इन सदस्यों ने सदन में हुई बहसों, चर्चा और अन्य बैठकों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। मैं सभी के बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।



*द्रमुक के एम मोहम्मद अब्दुल्ला और एन षणमुगम, अन्नाद्रमुक के एम चंद्रशेखरन और पी विल्सन, पीएमके के डॉ. अंबुमणि रामदास तथा एमडीएमके के एम वाइको का उच्च सदन में कार्यकाल समाप्त*

**उपसभापति हरिवंश ने दी जानकारी, उज्ज्वल भविष्य की कामना की**

## नड्डा ने प्रजातंत्र में चर्चा और वाद-विवाद स्वाभाविक बताया

सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि सदन में समय-समय पर नए सदस्य आते हैं और कार्यकाल पूरा होने पर जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में चर्चा और वाद-विवाद स्वाभाविक है। लोकतंत्र में असहमति का भी स्थान होता है और हम यह मानते भी हैं। विदा ले रहे हमारे साथियों ने मत विभिन्नता के बावजूद बहसों, में विभिन्न



समसामायिक, सामाजिक, कानूनी मुद्दों आदि पर चर्चा की और उसे उच्च स्तरीय बनाया। इसके लिए उनका धन्यवाद। नड्डा ने वाइको का जिक्र करते हुए कहा कि उनके योगदान को सदन में और बाहर हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह सदन में उन्होंने मछुआरों का मुद्दा उठाया, उसे देख कर ऐसा नहीं लगता कि उनका उत्साह कम हुआ है।

**ये भी बोले**

### सदस्यों ने सामाजिक न्याय के मुद्दे उठाए: अठावले

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों ने सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दे उठाए और वह उनके बेहतर भविष्य की कामना करते हैं।

### वाइको हमेशा याद किए जाएंगे: शिवा

द्रमुक के तिरुचि शिवा ने कहा कि सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों ने कई मुद्दे उठाए और अपना पक्ष रखा जिसे याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि वाइको की बात हमेशा सबने ध्यान से सुनी गई और वह हमेशा याद आएंगे।

**उपराष्ट्रपति के लिए चर्चा जोरों पर**

## आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली से होगा निर्वाचन, 'कोटा' अहम


उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों और मनोनीत सदस्यों से मिलकर बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। राष्ट्रपति चुनाव के विपरीत, इसमें राज्य विधानसभाएं भाग नहीं लेतीं। यह चुनाव संसद भवन में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार गुप्त मतदान द्वारा सिंगल ट्रांसफरेबल वोट के माध्यम से किया जाता है। प्रत्येक सांसद उम्मीदवारों को वरीयता क्रम के हिसाब से वोट डालता है।निर्वाचित होने के लिए, किसी उम्मीदवार को न्यूनतम आवश्यक मतों की संख्या प्राप्त करनी होती है, जिसे कोटा कहा जाता है। इसकी गणना कुल वैध मतों की संख्या को दो से विभाजित करके और एक जोड़कर की जाती है। यदि पहले चरण में कोई भी उम्मीदवार कोटा पार नहीं करता है, तो सबसे कम प्रथम वरीयता वाले मत पाने वाले उम्मीदवार को हटा दिया जाता है।

**उपराष्ट्रपति पद के लिए पात्रता**

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को भारत का नागरिक होना चाहिए, कम से कम 35 वर्ष का होना चाहिए। किसी भी संसदीय क्षेत्र में मतदाता के रूप में पंजीकृत होना चाहिए। उन्हें राष्ट्रपति, राज्यपाल या मंत्री जैसे पदों को छोड़कर किसी भी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए।

**खबर संक्षेप**

### महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी



**संबलपुर।** ओडिशा के संबलपुर में गुरुवार की सुबह महिमा गोसाईं एक्सप्रेस की एक बोगी अचानक पटरी से उतर गई। यह घटना संबलपुर सिटी स्टेशन के पास सुबह करीब 9:15 बजे हुई, जब ट्रेन भुवनेश्वर से संबलपुर की ओर आ रही थी। खबर मिलते ही रेलवे और पुलिस विभाग तुरंत हरकत में आए। राहत रही कि किसी को कोई चोट नहीं पहुंची।

### खिलाड़ी हुड्डा को गंगा में डूबने से बचाया



**प्रयागराज।**गंगा में बह रहे युवक को बचाकर बुधवार को उत्तराखंड पुलिस ने दावा किया कि भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा को बहने से बचाया गया है। हुड्डा ने पहले तो पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया। लेकिन कबूला कि वे ही नदी में गिर गए थे। हरकी पैड़ी क्षेत्र में उनको घाट पर मौजूद 40वीं वाहिनी पीएसी की आपदा राहत टीम ने सकुशल बचा लिया।

### दिल्ली को मिलेगी 1100 आरोग्य मंदिर की सौगात




**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को नागरिकों को 93 लाख स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाने का दावा करते हुए मार्च 2026 तक 1,100 से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर शुरू करने की घोषणा की।34 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ करते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली को लगातार एक वरदान मिल रहा है और वह है आयुष्मान भव।

### 15 दिन में बनाएंगे नई पार्टी: टीएमसी विधायक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक हुमायूं कबीर ने बगावती तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने अपनी ही पार्टी को अल्टीमेटम देते हुए 15 दिन का समय दिया है। उनका कहना है अगर पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं हुआ तो वह नई पार्टी बना लेंगे। पार्टी के ही नेता विकास में बाधा डाल रहे हैं।

### धर्मांतरण में क्राइम ब्रांच प्रभारी सिद्दीकी सस्पेंड



**मेरठ।** कमिश्नरेट पुलिस के क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी को पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड़ ने निलंबित कर दिया है। 2019 में मेरठ के सिविल लाइन थाना प्रभारी रहते सिद्दीकी ने अपहृत युवती का मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित परिजनों का आरोप था कि युवती का अपहरण छांगुर बाबा गैंग के एक सदस्य ने किया है। छांगुर बाबा एटीएस की गिरफ्त में है।

## बिहार मुद्दे पर चुनाव आयोग की राहुल को दो टूक, दागे गंभीर सवाल

# फर्जी, मृत और विदेशी मतदाताओं को हम मतदान करने दें, विरोध के डर से काम छोड़ दें



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण की मांग को लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। इसे लेकर बिहार विधानसभा और संसद में हंगामा जारी है। अब चुनाव आयोग ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर बयान जारी किया है और सवाल किया है कि क्या चुनाव आयोग को फर्जी मतदाताओं को भी मतदाता सूची में शामिल कर लेना चाहिए?चुनाव आयोग ने बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण मामले पर हो रही आलोचना को लेकर कहा कि 'भारत का संविधान, भारतीय लोकतंत्र की मां है। तो क्या विरोध से डरकर चुनाव आयोग को कुछ लोगों के दबाव में भ्रमित हो जाना चाहिए और उन लोगों का रास्ता साफ कर देना चाहिए, जो मृत मतदाताओं के नाम पर फर्जी मतदान करते हैं? जो मतदाता स्थायी तौर पर पलायन कर गए हैं, जो मतदाता फर्जी या विदेशी हैं, क्या उन्हें संविधान के खिलाफ जाकर, पहले बिहार में और फिर पूरे देश में मतदान करने दें?'

**मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र का आधार**

*आयोग ने पूछा कि क्या हमें निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए मतदाता सूची को तैयार नहीं करना चाहिए? मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव और मजबूत लोकतंत्र का आधार होती है। इन सभी सवालों पर हम सभी भारतीयों को गंभीरता से और राजनीतिक वैचारिकता से परे जाकर विचार करना चाहिए। इन सभी मुद्दों पर अब गंभीरता से विचार करने का सही समय आ गया है।*




**'सर' पर फिर संसद से बवाल**

*ईसी ने पूछा क्या हमें निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए मतदाता सूची को तैयार नहीं करना चाहिए?*




**चुनाव आयोग ने दी राहत**

### वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए मिलेंगे 30 दिन

बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर पटना से लेकर नई दिल्ली तक भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच इलेक्शन कमीशन ने वोटर्स और सियासी दलों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने बताया है कि बिहार में मतदाता सूची संबंधी आदेश के पैरा 7(5) के तहत पृष्ठ 3 पर कहा गया है कि कोई भी मतदाता या कोई मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा। अगर उसका नाम बीएलओ/बीएलए द्वारा छोड़ दिया गया हो। साथ ही किसी भी मतदाता का नाम कटवा सकते हैं अगर बीएलओ/बीएलए द्वारा गलत तरीके से नाम शामिल किया गया हो।

### गोवा संबंधी विधेयक पर विपक्ष ने नहीं लिया भाग, मेघवाल ने सुनाई खरी-खरी

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2024 पेश करने का प्रयास किया, जो गोवा विधानसभा में पहली बार अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक विधेयक है। हालांकि, विपक्ष ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया, जिससे मेघवाल ने निराशा व्यक्त की।

**वेणुगोपाल ने ईसी की मंशा पर लगाया प्रश्नचिन्ह**

बिहार चुनाव बहिष्कार संबंधी बयान पर कांग्रेस महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में मौजूदा परिस्थितियों ने तेजस्वी यादव पर यह कहने का दबाव बनाया। चुनाव आयोग अप्रत्यक्ष रूप से मतदाता सूची से इतने सारे नाम हटाने की मंजूरी दे रहा है। उनकी मंशा सही नहीं है।

## विपक्ष ने की नारेबाजी, बिहार चुनाव का मुद्दा फिर उठाया

**विरोध से संसद फिर ठप**

लोकसभा में बिहार में चल रही वोटर लिस्ट 'सर' प्रक्रिया के खिलाफ संसद भवन के बाहर विपक्षी दलों ने गुरुवार को भी प्रदर्शन किया। एक बार फिर हंगामेदार सत्र देखने को मिला जब विपक्षी सदस्यों (सांसदों) ने नारेबाजी और तख्तियों के साथ कार्यवाही बाधित की, जिससे कई बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी और आखिरकार पूरे दिन के लिए विधायी कार्य ठप रहा। तेदेपा नेता कृष्ण प्रसाद टेनेटी के अध्यक्ष बनते ही विपक्षी सदस्यों ने तुरंत नारेबाजी शुरू कर दी और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की मांग करने लगे। हंगामे के कारण निर्धारित कार्य नहीं हो पाया, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पार्टी समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना और जनार्दन मिश्रा द्वारा ग्रामीण विकास और पंचायती राज से संबंधित नियम 377 के तहत उठाए गए मामले शामिल थे।



**ईसी के बयान को राहुल ने बताया 'नॉनसेंस'**

## मेरे पास सारे 'सबूत' मौजूद हम आयोग को छोड़ेंगे नहीं



मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के बयान को बकवास बताया। राहुल ने कहा कि बहुत सीरियस मामला है, चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है।राहुलने कहा कि आज उन्होंने कुछ बयान दिया, ये कंप्लीट नॉनसेंस है। तथ्य ये हैं कि चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है। अब हमारे पास 100 फीसदी ठोस सबूत हैं कि चुनाव आयोग ने कर्नाटक में एक सीट पर बेइमानी करने दी। हमने सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र को देखा और हमें सबूत मिल गए। मुझे पूरी तरह से विश्वास है कि सीट दर सीट इस तरह का ड्रामा किया गया है। हजारों की संख्या में ऐसे नए वोटर्स को जोड़ा गया है, जिनकी उम्र 40 से 60 साल के बीच है। इसके अलावा वोटर डिलीट किए गए हैं। मैं चुनाव आयोग से कहना चाहता हूं कि अगर आपको लगता है कि आप इससे बच निकलेंगे, अगर आपके अधिकारी सोचते हैं कि वे इससे बच निकलेंगे, तो आप गलतफहमी में हैं।

**निशिकांत का राहुल पर बड़ा हमला**

### वे हरियाणा, दिल्ली और पंजाब की बात क्यों नहीं कर रहे? पिताजी के ही कानून को भूले

सर को लेकर तेजस्वी यादव तो चुनाव बहिष्कार तक की धमकी तक देने लगे हैं, लेकिन अभी आखिरी फैसला लिया जाना बाकी है। राहुल के बयानों पर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने



जवाबी हमला किया है। उन्होंने कहा कि उनका बयान बता रहा है कि उनको अपने पिता द्वारा पारित कानून की जानकारी नहीं है। युवा मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए ये राजीव गांधी का पारित कराया हुआ कानून है। 2003 में भी बिहार में ऐसा ही किया गया था। महाराष्ट्र की ही तरह हरियाणा और दिल्ली में भी विधानसभा चुनाव हुए हैं। राहुल को ऐसा क्यों लगता है कि चोरी सिर्फ महाराष्ट्र में हुई है। क्या वे पंजाब , हरियाणा और दिल्ली चुनाव भूल गए।

**उमर भी उठा चुके राहुल पर सवाल**

विरोध का सबका अपना तरीका होता, अपना हिसाब होता है। वक्त का तकाजा भी होता है। राहुल के साथ भी ऐसा ही है। राहुल गांधी के सवाल उठाने पर जम्मू-कश्मीर में उनके गठबंधन सहयोगी उमर अब्दुल्ला भी सवाल उठा चुके हैं। राहुल गांधी के स्टैंड पर सवाल खड़े होने की वजह भी यही है।

**हरियाणा में जाम, भड़के एसडीएम**

## एक घंटे में धड़ाधड़ काटे 44 चालान, भारी जुर्माना ठोका

एजेंसी ⏭ तावड़ू

हरियाणा के तावड़ू में बुधवार को पटौदी चौक पर जाम लग गया। इस दौरान एसडीएम जितेंद्र गर्ग ने यातायात नियमों



का उल्लंघन करने वालों पर एक के बाद एक करीब 44 चालान कर भारी भरकम जुर्माना लगाया है। कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार एसडीएम जितेंद्र गर्ग शिवरात्रि पर जलाभिषेक को लेकर पुलिस की क्या व्यवस्था है। एसडीएम इसका निरीक्षण करने निकले थे।

**पुलिस को दिए चालान करने के निर्देश**

उन्होंने तुरंत नीचे उतरकर शहर पुलिस को बुलाया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के धड़ाधड़ चालान कराए। मात्र एक घंटे में ही 44 लोगों के चालान किए। जिनमें बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, पोल्यूशन आदि दस्तावेजों की जांच के बाद शहर पुलिस को चालान करने के निर्देश दिए।

**मेरठ में शिव पुजारी का भंडाफोड़**

## कृष्ण नाम, वो मौलवी का बेटा कासिम, 6 माह में खुली पोल

एजेंसी ⏭ मेरठ

उत्तरप्रदेश के मेरठ जिले में कृष्ण नाम के एक शिव पुजारी का भंड़ाफोड़ हुआ है। ये हिंदू नहीं है। वह पहचान छिपाकर रह रहा था।



उसका असली नाम कासिम है। कासिम मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र के दादरी गांव में स्थित शिव मंदिर में पिछले 6 महीनों से कृष्ण बनके रह रहा था। लोगों को गुमराह करने के अलावा वह दान की चोरी भी कर रहा था। पूछताछ में उसने यह भी स्वीकारा कि उसके पिता का नाम अब्बास है जो कि बिहार में मौलवी हैं।

**आधार कार्ड से जानकारी मिली**

कुछ दिनों पहले से ही लोकल लोगों को कासिम पर शक था और जब गहराई से पूछताछ हुई तो कासिम की असलियत सामने आ गई। उससे पहचान के लिए आधार कार्ड मांगा गया, तो वह पहले तो बहानेबाजी करता रहा। फिर कुछ समय के लिए गांव से गायब हो गया। बाद में मंदिर में दोबारा आकर रहने लगा।आखिरकार उसकी असलियत सबके सामने आ गई है।

*हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट में हादसा*

## सड़क से नीचे खेतों में गिरी यात्रियों से भरी 'बेकाबू' बस, सात की मौत

### मृतकों में 5 महिलाएं और 2 पुरुष, 22 लोग घायल

एजेंसी ⏭ मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल में मसेरन के पास तरांगला में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यात्रियों से भरी हिमाचल पथ परिवहन निगम(एचआरटीसी) की बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेतों में जा गिरी। हादसे में 7 यात्रियों की मौत हो गई है। करीब 22 यात्री घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों में 5महिलाएं व 2 पुरुष शामिल हैं। 2घायल महिलाओं ने मेडिकल कॉलेज नेरचौक में उपचार के दौरान दम तोड़ा।

**घटनास्थल पर मची चीख-पुकार**



हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी सरकाघाट व पुलिस थाना की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घायलों को एंबुलेंस से सरकाघाट अस्पताल पहुंचाया गया है। स्थानीय लोग भी बचाव अभियान में जुटे रहे। हादसे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार हादसे के दौरान बस में करीब 29 लोग सवार थे।

### कंगना ने की शाह से मुलाकात, किया ट्वीट



भाजपा सांसद कंगना ने ट्वीट में लिखा कि आज नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और मंडी लोकसभा क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदा के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

**कर्नाटक हाई कोर्ट ने दिया महत्वपूर्ण फैसला**

# मंदिर में सिर्फ पर्चा बांटा, इस्लाम का प्रचार अपराध नहीं

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक हाई कोर्ट ने 3 मुस्लिम व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है, जिन पर एक हिंदू मंदिर में इस्लाम की शिक्षा को बढ़ावा देने वाले पर्चे बांटने और मौखिक रूप से अपनी धार्मिक मान्यताओं को समझाने का आरोप था। कोर्ट ने आदेश में कहा है कि किसी मंदिर में सिर्फ इस्लाम का प्रचार करने वाला पर्चा बांटने और उसके बारे में व्याख्या करने से कोई अपराध नहीं हो जाता, जब तक कि धर्मांतरण से जुड़ा कोई साक्ष्य न मिलता हो। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता, और कर्नाटक धर्म स्वतंत्रता अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए थे। जस्टिस वेंकटेश नाइक टी की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि आरोपियों ने उपरोक्त कानूनों के तहत कोई अपराध नहीं किया है।

**उच्च न्यायालय ने मुस्लिम युवकों के खिलाफ रद्द की एफआईआर**

### नौकरी और गाड़ी का दिया था प्रलोभन



शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया था कि आरोपी मंदिर में मौजूद लोगों को इस्लाम धर्म अपनाने के एवज में गाड़ी देने और दुबई में नौकरी दिलाने का प्रलोभन दे रहे थे। अपने खिलाफ दर्ज अपराध को रद्द करने की मांग करते हुए याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि वे केवल अल्लाह या पैगंबर मुहम्मद की शिक्षाओं का प्रचार कर रहे थे।

**धर्मांतरण के साक्ष्य नहीं**

याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत से कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा किसी व्यक्ति को एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास करने के आरोप केपीआरएफआर अधिनियम की धारा 5 के तहत दंडनीय अपराध के आवश्यक तत्वों को पूरा नहीं करते हैं क्योंकि ऐसे कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं, जिससे साबित हो कि वे सभी धर्मांतरण कराने की कोशिश कर रहे थे।

### हिंदू धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी के भी आरोप

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि 4 मई को शाम 4:30 बजे, जब वह जामखंडी स्थित रामतीर्थ मंदिर गया था, तो कुछ लोग वहां मंदिर परिसर में इस्लामिक शिक्षा का प्रचार करने वाले पर्चे बांट रहे थे और अपनी धार्मिक मान्यताओं के बारे में लोगों को मौखिक रूप से समझा रहे थे। शिकायत में बताया गया है कि घटनास्थल पर मौजूद हिंदू श्रद्धालुओं ने उन लोगों से उनकी गतिविधियों के बारे में पूछताछ की थी, तो मुस्लिम युवकों ने कथित तौर पर हिंदू धर्म की आलोचना करते हुए अपमानजनक टिप्पणियां की थीं।

**बेंगलुरु भगदड़ मामले में कैबिनेट का फैसला**

## आरसीबी और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स कंपनियों पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के निकट हुई भगदड़ की घटना पर न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। स्टेडियम में चार जून को हुई भगदड़ की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हो गए थे।कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने बैठक के बाद बताया कि मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय किया कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने में शामिल निजी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करेगी।



उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी कुन्हा की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय किया है। उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई निजी संघों, आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स जैसी कंपनियों के खिलाफ की जाएगी।

# शासन ने डॉ. संजय मिश्रा, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने जारी किया आरोप पत्र

## CMHO की विभागीय जांच प्रारम्भ

**जबलपुर।** संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश ने आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के अनुमोदन और संभागीय कमिश्नर, जबलपुर संभाग के माध्यम से डॉ. संजय मिश्रा, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जबलपुर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के अंतर्गत आरोप पत्र जारी किया है। आरोप पत्र पर बचाव पक्ष का लिखित उत्तर 45 दिवस के अन्दर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करने का लेख किया है। आरोप पत्र में शिकायतकर्ता नरेन्द्र कुमार राकेशिया की शिकायत के आधार पर आरोप प्रस्तावित किए जाने के कारण उन्हें सरकारी गवाहों की सूची में शामिल किया गया है। गौरतलव है कि उक्त आरोपपत्र की प्रति लोकायुक्त कार्यालय मप्र के उप विधि सलाहकार को उनके यहा दर्ज लोकायुक्त प्रकरण कमांक 91/ई/2024 के संदर्भ में प्रेषित की गई है।

संजय मिश्रा की निजी लैबों में हिस्सेदारी, फर्जी दस्तावेज, दो विवाह और बेनामी संपत्ति के आरोप प्रमाणित होने के चलते आरोप पत्र जारी किया गया

आरोप पत्र में डॉ. मिश्रा पर कुल पांच प्रमुख आरोप लगाए गए हैं- 1. निजी पैथोलॉजी लैब में हिस्सेदारी 2. दो विवाह करना 3. सेवा पुस्तिका में फर्जी पन्ने 4. बिना अनुमति अचल संपत्ति खरीदना और 5. अवैध रूप से नियुक्ति प्राप्त करना। गौरतलब है कि शासकीय उपमहाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली द्वारा न्यायालय को आरोप पत्र में डॉ मिश्रा के विरुद्ध वर्णित इन्हीं आरोपों की जांच के लिए शासन स्तर से की गई कार्यवाही की जानकारी नहीं दिए जाने के चलते आरोप पत्र में वर्णित इन्हीं आरोपों की लोकायुक्त जांच करने के लिए पत्रकार प्रहलाद साहू द्वारा दायर याचिका उच्च न्यायालय द्वारा 50,000 रूपए जुर्माने के साथ खारिज कर दी गई थी।

### डॉ. मिश्रा ने खुद मानी निजी लैबों में हिस्सेदारी

आरोप पत्र में आरोप क्रमांक 1 के अंतर्गत शासन द्वारा अभिकथन किया गया है कि शिकायतकर्ताओं द्वारा की गयी शिकायत में यह आरोप लगाया गया कि. डॉ. संजय मिश्रा के द्वारा बिना शासन की अनुमति के म.प्र. शासन के प्रचलित नियमों के विरूद्ध पैथोलाजी सेंटरों का संचालन किया जा रहा है और उक्त आरोप के उत्तर में प्रस्तुत डॉ संजय मिश्रा के द्वारा दिए अपने कथन में स्वयं यह स्वीकार किया गया है कि एप्पल पैथोलॉजी लैब, फेथ पैथोलॉजी लैब एवं दिव्यता इंस्ट्रीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जैसे निजी केंद्र पहले उनके नाम से पंजीकृत थे, जिनका संचालन उनके द्वारा किया गया था। इसके अलावा, परफेक्ट इंडोकेयर लैब के संचालन संबंधी रजिस्ट्रेशन में डॉ. संजय मिश्रा का नाम आज भी दर्ज पाया गया है। म.प्र. शासन के द्वारा समय-समय पर शासकीय अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों द्वारा नर्सिंग होम / निजी चिकित्सालय/प्राइवेट क्लीनिक आदि में निजी प्रैक्टिस करने के सम्बंध में अनेक परिपत्र जारी किए गए है और डॉ संजय मिश्रा के द्वारा उनका स्पष्ट रूप में उल्लघन किया जाकर नियम विरुद्ध तरीके से चार पैथोलॉजी लैबों का संचालन कर महत्वपूर्ण प्रशासनिक पद पर रहने के बावजूद अपने पदीय अधिकारों का दुरूपयोग किया गया है। इससे शासन द्वारा शिकायतकर्ताओं का यह आरोप पूर्णतः प्रमाणित माना गया।

### दो विवाह और संपत्ति खरीदने में अनियमितता

आरोप पत्र में आरोप क्रमांक 2 के अंतर्गत शासन द्वारा अभिकथन किया गया है कि आपके द्वारा पहली पत्नी तृप्ति मिश्रा के जीवित रहते हुये दूसरी महिला इशिप्ता सिंह मिश्रा से विवाह किया गया है जो कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 22 का घोर उल्लघंन कर कदाचरण किया गया है। आपके द्वारा पूर्व में स्वयं यह स्वीकार किया गया कि तृप्ति मिश्रा आपके घर पर रहकर आपकी अस्वस्थ माँ की देखभाल करती थी। इसी कारण पेंशन प्रपत्रों में पत्नि के कॉलम में तृप्ति मिश्रा का नामांकन किया गया। प्रस्तुत सेवापुस्तिका का सूक्ष्मता से परीक्षण करने पर यह पाया गया कि सेवापुस्तिका में पृष्ठ क्रमांक 01 से 08 (कुल 08) पृथक से जोड़े गये है। डॉ. संजय मिश्रा के द्वारा स्वयं अपने हस्ताक्षरयुक्त बयान दिनांक 30.08.2024. 06.2.2024 एवं 03.04.2025 में यह कथन किया गया है कि उनके द्वारा अपनी सेवापुस्तिका में श्रीमती तृप्ति मिश्रा का नामांकन पेंशन फॉर्म में पत्नी के रूप में किया है। डॉ. संजय मिश्रा द्वारा स्वयं यह स्वीकार किया गया है कि उन्होंने कोषालय सॉफ्टवेयर आई.एफ. एम.आई.एस. में दर्ज परिवार विवरण में 2017 के पश्चात पत्नि के नाम में परिवर्तन किया है।

शिकायत में आरोप है कि आपके द्वारा इप्शिता सिंह मिश्रा के साथ मिलकर संयुक्त नाम से रामपुर जिला जबलपुर स्थित ओजस इम्पीरिया नामक हाउसिंग प्रोजेक्ट में बिना शासन के अनुमति के फ्लैट क्रं- 1201 अचल संपति का क्रय किया है। इस आरोप का सत्यापन जिला पंजीयक, जबलपुर से कराया गया। उनके द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार डॉ. संजय मिश्रा एवं श्रीमति इशिप्ता सिंह मिश्रा के द्वारा 50 लाख का भुगतान कर दिनाक 22.07.2021 को फ्लेट खरीदा गया है। डॉ. मिश्रा के द्वारा फ्लेट क्रय करने की अनुमति लेने के सम्बंध में कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया होने से बिना सक्षम स्वीकृति के अचल संपत्ति खरीदने सम्बंधी आरोप प्रमाणित है।

### सेवा पुस्तिका में जोड़ दिए गए फर्जी पेज

आरोप पत्र में आरोप क्रमांक 3 के अंतर्गत शासन द्वारा अभिकथन किया गया है कि आपके द्वारा संस्था प्रमुख (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) के पद पर रहते हुये सेवा अभिलेखों / सेवा पुस्तिका में कूटरचित तरीके से षडयंत्रपूर्वक पृथक से 08 पृष्ठ जोड़े गये हैं जिसमें दूसरी पत्नी के रूप में तृप्ति मिश्रा का नाम दर्ज था। इस प्रकार आपने शासकीय अभिलेखों एवं सेवा पुस्तिका में हेराफेरी व छेडछाड़ की गई है। जो कि अपराधिक कृत्य की श्रेणी में आता हैं। डॉ संजय मिश्रा ने इसका जवाब देते हुए माना कि उन्होंने पेंशन फॉर्म में तृप्ति मिश्रा को पत्नी के रूप में दर्ज कराया, क्योंकि वह उनकी मां की सेवा करती थीं और घर में रहती थीं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि आई.एफ.एम.आई.एस. सॉफ्टवेयर में परिवार विवरण में 2017 के बाद नाम परिवर्तन किया गया।

संचालनालय की जांच में यह सामने आया कि डॉ. मिश्रा का यह बयान उनके पहले के बयानों से मेल नहीं खाता। सेवापुस्तिका में आठ पृष्ठों को अलग से जोड़ा जाना एक गंभीर प्रशासनिक कदाचार और फोरजरी माना गया।

### कोषालय सॉफ्टवेयर में किया अवैध नामांकन परिवर्तन

आरोप पत्र में आरोप क्रमांक 4 के अंतर्गत में शासन द्वारा अभिकथन किया गया है कि आपके द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के कोषालय सॉफ्टवेयर (आई.एफ.एम.आई.एस.) में नामांकन परिवर्तन किया गया है जो कि घोर कदाचरण की श्रेणी में आता है। म.प्र. सिविल सेवा नियमों के अनुसार शासकीय सेवक सूचना देकर नामांकन निरस्त करा सकता है, परन्तु यह कि वह ऐसी सूचना के साथ एक नया नामांकन प्रस्तुत करेगा। डॉ. संजय मिश्रा के द्वारा इस नियम के विपरीत बिना सक्षम स्वीकृति के नामांकन में परिवर्तन किया गया है। इस कारण डॉ. संजय मिश्रा द्वारा कोषालय सॉफ्टवेयर में किया गया परिवर्तन मान्य नहीं है। अत उक्त आरोप पूर्णतः प्रमाणित हो रहा है। इस प्रकार आपका उपरोक्त वर्णित कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के अनुरूप न होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है तथा आप उक्त नियमों का पालन न कर अपने कार्य के प्रति संनिष्ठ एवं कर्तव्यपरायण न रहते हुये, स्वयं को अनुशासनात्मक कार्यवाही का भागी बना लिया हैं।

### स्वास्थ्य विभाग में प्राप्त प्रथम नियुक्ति अवैध

आरोप पत्र में लेख है कि शिकायतकर्ताओं द्वारा आरोप लगाया है कि वर्श 1990 में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयन होने के बाद भी अपने चयनित पद पर डॉ मिश्रा 7 वर्ष के पश्चात उपस्थित हुए, अतः उनकी नियुक्ति प्रचलित नियमों के विपरीत है। डॉ मिश्रा ने अपने कथन में बताया कि वे वर्ष 1990 में पैथोलाजी विशय में अध्ययन कर रहे थे जिसके लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला द्वारा अनुमति दी गई लेकिन डॉ मिश्रा के द्वारा उपरोक्त वर्णित अनुमति के संबंध में कोई दस्तावेज व साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए गए।

### डॉ. मिश्रा के जवाबों ने उन्हें ही साबित कर दिया दोषी

हालांकि, जबलपुर के सीएमएचओ डॉक्टर संजय मिश्रा को भेजे गए कारण बताओ नोटिस के बाद डॉ. मिश्रा ने इन आरोपों के जवाब में कई तथ्यों और दस्तावेजों का हवाला देते हुए संचालनालय के समक्ष अपना जबाव प्रस्तुत किया गया था। डॉ. संजय मिश्रा के खिलाफ लगे आरोपों को उनके जवाब ने खुद ही सही साबित कर दिया है। प्रशासनिक स्तर पर जारी जांच रिपोर्ट में हर मामले में उनके जवाबों को अस्पष्ट और विरोधाभासी माना गया। जांच कमेटी को दिए गए जवाब में वह खुद उलझ गए। जिसके कारण विभाग ने साफ कर दिया है कि अब डॉक्टर संजय मिश्रा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और इससे विभागीय जांच शुरू कर दी गई।

---

## यह कहा-यदि भूखंड नहीं हैं तो क्यों न मौजूदा बाजार मूल्य से दिलाया जाए मुआवजा

# आईटी पार्क बरगी हिल्स में निवेशकों को भूखंड आवंटन तक आक्शन पर रहेगी रोक

**हाईकोर्ट ने जारी किया अंतरिम आदेश**

**मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड पर मिलीभगत का आरोप भी लगा**

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट के समक्ष मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड व शक्ति इंजीनियरिंग सहित अन्य के मामले में दायर अपील पर सुनवाई हुई।चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने उभयपक्षों को सुनने के बाद अपने अंतरिम आदेश में साफ कर दिया कि निवेशक शक्ति इंजीयिरिंग सहित अन्य को भूखंड आवंटन तक आक्शन प्रक्रिया पर रोक बरकार रहेगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड पर मिलीभगत का आरोप भी लगा। कोर्ट ने सख्ती बरतते हुए कहा कि यदि मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड के पास निवेशकों को देने के लिए भूखंड मुहैया नहीं है, तो क्यों न मौजूदा बाजार मूल्य से मुआवजा का आदेश पारित कर दिया जाए।12 अगस्त तक खसरा नंबर को लेकर विवाद की विस्तृत जानकारी पेश करें

हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि यदि खसरा नंबर-865-5 को लेकर 2020 से कोई विवाद है, तो उसकी विस्तृत जानकारी 12 अगस्त तक प्रस्तुत कर दी जाए। बहरहाल, जिस निजी शिक्षण संस्थान का मप्र राज्य



इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड की ओर से नाम लिया गया है, उसे नोटिस जारी कर दिए गए हैं। हालांकि यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि यदि आज तक कोई पंजीकृत विवाद सामने नहीं आया है, तो क्यों न ये समझा जाए कि मप्र राज्य इलेक्ट्रनिक विकास निगम लिमिटेड ने खुद ही जानबूझकर निजी शिक्षण संस्थान को मध्यस्थ बना लिया है। यह एक तरह से मिलीभगत नहीं तो और क्या है।

### एकलपीठ ने निरस्त कर दिया था मप्र राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड का आदेश

दरअसल, हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने पूर्व में मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड का वह आदेश निरस्त कर दिया था, जिसके अंतर्गत याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर दिए बिना उनके विरुद्ध आदेश पारित कर दिया गया था। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया था कि प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड लीज डीड को निरस्त करने के संबंध में कोई भी निर्णय लेने से पूर्व याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान करेंगे। प्रबंध संचालक द्वारा अंतिम आदेश पारित किए जाने के बाद याचिकाकर्ता को अपील प्रस्तुत की स्वतंत्रता होगी। याचिकाकर्ता शक्ति इंजीनियरिंग, जबलपुर के संचालक मनीष सिन्हा सहित अन्य की ओर से अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने पक्ष रखा था। उन्होंने दलील दी थी कि प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड ने नैसर्गिक न्याय सिद्घांत के अनुरूप सुनवाई का समुचित अवसर दिए बिना ही आठ अगस्त, 2022 को याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध आदेश पारित कर दिया। इसीलिए अनुचित आदेश को याचिका के जरिए चुनौती दी गई है। एक अन्य याचिकाकर्ता टीवीएम कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2016 और 2019 की नीति के अनुसार भूखंड आवंटन के संबंध में दायर समान याचिका का हाई कोर्ट द्वारा निपटारा किया जा चुका है। उस मामले में भी आदेश पारित करने से पहले प्रबंध संचालक, मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम लिमिटेड याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर प्रदान नहीं किया गया था। लिहाजा, उसी की रोशन में वर्तमान याचिकाकर्ताओं के प्रकरण का भी निपटारा किया जाना चाहिए। हाई कोर्ट ने तर्क से सहमत होकर मांग स्वीकार कर ली थी।

### यदि कोई विवाद है तो अपने स्तर पर निराकृत करें

पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान शक्ति इंजीनियरिंग की ओर से अधिवक्ता अंशुमन सिंह ने दलील दी थी कि याचिकाकर्ता ने नियमानुसार भूखंड लीज के लिए राशि जमा की थी। इसलिए उन्हें भूखंड का भौतिक कब्जा दिलाया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा न करते हुए कुतर्क यह दिया जा रहा है कि किसी शैक्षणिक संस्थान को लीज आवंटन की भूमि का विवाद चल रहा है। यदि ऐस है कि विभाग अपने स्तर पर वह विवाद निरकृत करे और याचिकाकर्ताओं को उस भूखंड का भौतिक कब्जा दिलाए, जिसके एवज में राशि जमा की गई थी।

---

# ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर दी थी जान

## सुसाइड नोट से हुआ खुलासा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में मई माह में जलकर आत्महत्या करने वाले अरुण दुबे (40) की मौत के पीछे ससुराल पक्ष की प्रताड़ना की पुष्टि हुई है। मामले में मृतक के सुसाइड नोट और परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने पत्नी, तीन सालों और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक महिला आरोपी फरार है। पुलिस के अनुसार 15 मई 2025 को ग्राम सूखा में जलकर गंभीर रूप से झुलसे अरुण दुबे को मेडिकल कॉलेज लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। मृतक के भाई आशीष दुबे ने एक सुसाइड नोट पेश किया, जिसमें अरुण ने अपनी पत्नी प्रिया केशरवानी, तीन साले राकेश, दिनेश, सौरभ, सास रेखा केशरवानी और एक अन्य व्यक्ति जगदीश सोनी पर 20 लाख रुपये की मांग को लेकर मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

**पत्नी, तीन साले और एक अन्य आरोपी गिरफ्तार, एक महिला आरोपी फरार**

पुलिस जांच में पुष्टि हुई कि आरोपियों द्वारा लगातार मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा रही थी, जिससे परेशान होकर अरुण ने आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने आरोपी प्रिया केशरवानी (30), राकेश (35), दिनेश (33), सौरभ (32) और जगदीश सोनी (63) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। फरार महिला आरोपी रेखा केशरवानी की तलाश जारी है। मामले में धारा 108, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और पुलिस की कार्रवाई को पीड़ित पक्ष ने सराहा है।

---

# सड़क हादसे की आड़ में भाई ने रची खौफनाक साजिश, रॉड-जैक से पीटकर की हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की आड़ में हुई एक युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में पता चला कि मृतक अभिषेक सिंह राजपूत (25) की मौत हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश थी, जिसे उसके ही छोटे भाई रिषभ सिंह राजपूत ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया।

### खाना खाते वक्त हुआ विवाद

19 जुलाई को मेडिकल कॉलेज में अभिषेक की मौत की सूचना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि अभिषेक हाईवा सुधरवाने मैकेनिक के पास गया था, जहां से लौटते वक्त उसका अपने भाई रिषभ, मामा के लड़के राजा राजपूत, लल्लू चड़ार और देवेंद्र लोधी से विवाद हो गया। सभी ने बिट्टू ढाबा में खाना खाया, फिर रास्ते में कहासुनी बढ़ गई। इसी दौरान अभिषेक बाइक से आगे निकल गया, जिसे आरोपियों ने कार से जानबूझकर टक्कर मारी।



**भाई, मामा के लड़के समेत चार आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज, मुख्य आरोपी गिरफ्तार**

### गिरते ही ताबड़तोड़ वार

अभिषेक के गिरते ही रिषभ ने जैक और राजा ने रॉड से उसके सिर पर वार किए। गंभीर चोटों के चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद धारा 109, 103(3), 3(5) बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

### लल्लू, देवेंद्र के लिए छापेमारी जारी

मुख्य आरोपी रिषभ सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त जैक भी जब्त किया गया है। शेष आरोपी राजा, लल्लू और देवेंद्र फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

---

## क्रेटा कार ने रोपाई मजदूरों को रौंदा, पांच घायल

**कटंगी।** ग्राम मुर्रई में सड़क हादसे में धान रोपाई करने आए पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। हिण्डोरिया दमोह निवासी राजकुमार साहू ने बताया कि वे पंचमपुरा में रहकर धान रोपाई का कार्य कर रहे थे। मंगलवार सुबह वह, उसका बेटा सुमित साहू, अकरम मंसूरी, मोहित दांगी, राजेन्द्र यादव और सूरज लोधी काम पर जा रहे थे।मुर्रई मंदिर के पास जैसे ही वे सड़क पार कर रहे थे, तभी क्रेटा कार क्रमांक एमपी 28 सीबी 3008 के चालक ने तेज रफ्तार में आकर सभी को टक्कर मार दी। हादसे में सभी मजदूर घायल हो गए, जिन्हें आसपास के लोगों ने तत्काल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश जारी है।

---

# चंद घंटों में पकड़े गए हमला करने वाले आरोपी

**गोहलपुर पुलिस को मिली सफलता, बाइक और वारदात में प्रयुक्त चाकू जब्त**

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में शांति और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने एक बार फिर अपनी मुस्तैदी और दक्षता का परिचय दिया है। थाना गोहलपुर अंतर्गत हुए प्राणघातक हमले के मामले में पुलिस ने महज कुछ घंटों में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

### वीडियो को लेकर उपजा विवाद

मंगलवार रात अहमद नगर निवासी मोहम्मद रफीक का बेटा सोहेल खान अपने मित्र के साथ बातचीत कर रहा था। तभी मुन्ना, समीम और एक अन्य युवक मोटरसाइकिल से आए और पुराने झगड़े का वीडियो बनाने को लेकर कहासुनी करने लगे।गाली-गलौज के बाद समीम ने सोहेल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

### भागने की फिराक में थे आरोपी-

एएसपी सिटी/क्राइम आनंद कलादगी, सीएसपी



मधुर पटेरिया के मार्गदर्शन में टीआई रीतेश पांडेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी समीम अंसारी, मुन्ना खान और सोहेब ओसमानी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी भागने की फिराक में थे लेकिन उसके पूर्व उनको दबोच कर वारदात में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

---

# प्रमुख सचिव राजस्व ने देखी नई व्यवस्था

जबलपुर।

प्रमुख सचिव राजस्व ने गुरुवार को अपने प्रवास के दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना के साथ गोरखपुर तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने नये सेटअप में जिले में राजस्व न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिये अलग-अलग राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति और उनकी कार्य प्रणाली का जायजा लिया।

उल्लेखनीय है कि जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में 22 जुलाई से पूर्णकालिक न्यायिक कार्य करना प्रारंभ हो गया है। जिसमें अब पीठासीन अधिकारी राजस्व न्यायालयों में कार्यदिवसों के दौरान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक न्यायिक कार्य कर रहे है। इस व्यवस्था से प्रकरणों का समय सीमा के भीतर निराकरण होंगा, क्योंकि पहले राजस्व अधिकारियों को बहुत से प्रशासनिक कार्यों के कारण कोर्ट में बैठने लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता था, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत न्यायालयों में पूर्ण कालिक राजस्व मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने तहसीलदार कोर्ट, अतिरिक्त तहसीलदार कोर्ट की कार्यप्रणाली को देखा।

**गोरखपुर तहसील का कलेक्टर के साथ किया निरीक्षण**

साथ ही राजस्व अधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ नए सेटअप के संबंध में चर्चा कर इसे और बेहतर बनाने के सुझाव भी लिए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने इस नवीन व्यवस्था को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में बेहतरी की दिशा में बढ़ते कदम कहा। निरीक्षण के समय एसडीएम अनुराग सिंह व तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

---

# होटल से चोरी का फ्रिज और कुर्सियाँ खरीदने वाला गिरफ्तार

**चोरी का माल जब्त, शैलू खान की तलाश जारी**

हरिभूमि, जबलपुर।

पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा जिले में सम्पत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देशों के पालन में जबलपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी का फ्रिज और कुर्सियाँ खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर माल बरामद किया है। चोरी का मुख्य आरोपी शैलू खान अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। थाना कुण्डम अंतर्गत नेगई मोड़ स्थित यादव होटल संचालक अमित यादव की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया था। अज्ञात चोर ने होटल का दरवाजा तोड़कर दो घरेलू गैस सिलेंडर, दो होटल सिलेंडर, दो फ्रिज (पेप्सी और एलजी कंपनी), लोहे की गल्ला पेटी समेत अहम दस्तावेज चोरी कर लिए थे।

### 16 हजार में बेच दिया-

जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम आमाखोह निवासी आकाश उर्फ गोलू कुशवाहा (29) को पकड़ा गया। आरोपी के घर से चोरी गया पेप्सी कंपनी का फ्रिज कीमत लगभग 45 हजार और 8 कुर्सियाँ कीमत एक हजार बरामद की गईं। पूछताछ में आकाश ने बताया कि उसने यह सामान शैलू खान से 16 हजार में खरीदा था और उसे पहले से मालूम था कि यह चोरी का है।

### मुख्य आरोपी की तलाश जारी

आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। मुख्य आरोपी शैलू खान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

---

# अधिवक्ता व विधि छात्र पर जानलेवा हमले से वकील आक्रोशित

जबलपुर।

जिला बार एसोसिएशन के सह सचिव अधिवक्ता मनोज शिवहरे व उनके पुत्र शिवांग उर्फ नयन शिवहरे पर जानलेवा हमले और अधिवक्ता उवैश अंसारी व उनके पिता के साथ भी मारपीट से अधिवक्ता समुदाय आक्रोशित है। इसी सिलसिले में गुरुवार को सैकड़ों वकील जिला अदालत के गेट नंबर तीन से अधिवक्ता रैली के रूप में एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। वहां मानव श्रृंखला बनाकर आंदोलन का शंखनाद किया। जिला बार अध्यक्ष अधिवक्ता मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि दोनों वारदातों की शिकायत के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं। जिला बार उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, महिला उपाध्यक्ष ज्योति राय, सह सचिव मनोज शिवहरे, कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा, पुस्तकालय सचिव शैलेन्द्र यादव, कार्यकारणी सदस्य रवीन्द्र दत्त, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा सीपू, अर्जुन साहू, दुर्गेश मनाना व मनोज तिवारी सहित अन्य वकीलों ने पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। साथ ही पुलिस प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की।

**मानव श्रृंखला बनाकर पुलिस के विरुद्ध की नारेबाजी**

# राजस्व अधिकारी निष्ठा से कार्य करें: पोरवाल

## प्रमुख सचिव राजस्व ने कहा नई व्यवस्था से आएगा सुधार



**जबलपुर।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने यहां कहा की किसी भी नई व्यवस्था में प्रासंगिक चुनौतियां सामने आती हैं, लेकिन उनका सामना कर बेहतर तरीके से काम करने से परिणाम भी सकारात्मक आते हैं. उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से आव्हान किया की राजस्व न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिये अलग-अलग नियुक्त राजस्व अधिकारी अपने-अपने दायित्व को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी तथा तत्परता से करे। जिससे प्रकरणों के निराकरण में सकारात्मक परिणाम सामने आयें और प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकृत हो।श्री पोरवाल यहां कलेक्ट्रेट के सभागार में राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।बैठक में कलेक्टर दीपक सक्सेना, अपर कलेक्टर मिशा सिंह व नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे। बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए बनाई गई, नई व्यवस्था पर चर्चा की गई।श्री पोरवाल ने कहा पहले राजस्व अधिकारियों को बहुत से प्रशासनिक कार्यों के कारण कोर्ट में बैठने लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता था, लेकिन अब नई व्यवस्था के तहत न्यायालयों में पूर्णकालिक राजस्व मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। इससे प्रकरणों के निराकरण में निश्चित गति मिलेगी। बैठक में कुछ प्रासंगिक संसाधन व चुनौतियों के संबंध हुए चर्चा में कहा गया कि अभी तो शुरुआती दौर है, आवश्यकता अनुसार इस प्रणाली में सुधार भी किया जाएगा। प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल ने बैठक के बाद कलेक्ट्रेट स्थित अपडेटेड राजस्व रिकॉर्ड रूम का अवलोकन किया। इसके पूर्व उन्होंने पुराने राजस्व रिकॉर्ड रूम को भी देखा।

## सेंट्रल बैंक ने जिला न्यायालय परिसर में दो वाटर कूलर भेंट किए

**जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर ने अपनी कार्पोरेट सामाजिक दायित्व रणनीति के हिस्से के रूप में 24 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर जबलपुर में उच्च गुणवत्ता वाले दो वाटर कूलर इंस्टॉल कराये। यह पहल न्यायालय परिसर में आये न्यायधीशों, वकीलों, स्टाफ एवं आम जनता के लिए स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय के उप क्षेत्रीय प्रमुख विवेक कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ वित्तीय सेवाएं प्रदान करना नहीं, अपितु सामाजिक उत्थान में भी योगदान देना है। उक्त कार्य क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में गौरव गर्ग, मनीष कुमार मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, आशीष पांडेय, शैलेन्द्र यादव, मनोज तिवारी, सेंट्रल बैंक से मुख्य प्रबंधक शशांक मिश्रा, वरिष्ठ प्रबंधक जयदेव पीपरा, अरविंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह राठौर, सुमित ओबेरॉय, शशि कुजूर, दीपक पहाड़े, तूलिका पांडेय, रश्मि मेहरा, सतीश धूसिया, अजय सहारे, मुन्ना रजक तथा रंजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सावन भगवान भोलेनाथ की आराधना के लिए विशेष माह : पं. शैलेन्द्र पांडेय



**जबलपुर।** जय प्रकाश नगर आधारताल स्थित शिव मंदिर में सावन के पवित्र महीने में सवा लाख महामृत्युंजय जाप यजमान इंद्रजीत तिवारी व पत्रकार दिलीप तिवारी के द्वारा कराया जा रहा है। यह जाप सात वैदिक ब्राम्हणों के द्वारा कराया जा रहा है जिसमें श्री नगर पंडित महासभा जाबालिपुरम के सूचना मंत्री शैलेन्द्र पांडेय, संगठन मंत्री लोकेश दुबे, अभिषेक चौबे, ओम गर्ग, विनय पांडेय, सुयोग्य त्रिपाठी आदि का योगदान है।

### यह है विधान

ज्योतिषाचार्य शैलेन्द्र पांडेय ने बताया कि महादेव के जीवनदायिनी महामृत्युंजय मंत्र के लिए कहा जाता है कि अगर नियम से आप इसका जाप करेंगे तो इसका प्रभाव और अधिक हो जाता है। महामृत्युंजय मंत्र के नियम एवं लाभ, मंत्र का जाप सुबह और शाम दोनों समय किया जा सकता है। जाप रुद्राक्ष की माला से ही करना उत्तम होगा। अगर मंत्र जाप के पूर्व शिव जी को जल और बेलपत्र अर्पित कर दें तो और भी शुभ होगा।

### यह है मंत्र

ऊं त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धन्म। उर्वारुकमिव बन्धनामृत्येर्मुक्षीय मामृतात। शास्त्रों में महामृत्युंञ्जय की आराधना के लिए महामृत्युंञ्जय मंत्र के जप का महत्व बताया गया है। इस महामृत्युंजय मंत्र का जप हर रोज कोई भी व्यक्ति कर सकता है। खासतौर पर जब कोई व्यक्ति रोग से पीड़ित हो या मानसिक अशांति या भय, बाधाओं से घिरा हो, तब इस मंत्र की साधना पीड़ानाशक मानी गई है।

### रक्षा कवच है यह मंत्र

महामृत्युंजय मंत्र के जप का शास्त्रों में विस्तार से महत्व समझाया गया है। ज्योतिषाचार्य शैलेन्द्र पांडे के अनुसार महामृत्युंजय मंत्र का जप हर रोज कोई भी व्यक्ति कर सकता है। खासतौर पर जब कोई व्यक्ति रोग से पीड़ित हो या मानसिक अशांति या भय, बाधाओं से घिरा हो, तब इस मंत्र की साधना पीड़ानाशक मानी गई है।

## मंचीय कलाकार एसो. का सम्मान व सांस्कृतिक सम्मेलन आज

**जबलपुर।** मंचीय कलाकार वेलफेयर एसोसियेशन, मध्यप्रदेश कलाकार एसो. द्वारा 25 जुलाई को रानी दुर्गावती संग्रहालय कला वीथिका भंवरताल पार्क के समीप शाम 04 बजे से सम्मान व सांस्कृतिक सम्मेलन आयोजित है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा एवं महासचिव अनिल प्रजापति ने बताया कि प्रतिवर्ष आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेश के वरिष्ठ गायक, वादक एवं विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन में भोपाल, रायसेन, नीमच, सागर, उज्जैन, विदिशा, छिंदवाड़ा, कटनी, सिहोरा, सतना, मैहर, बरही, मानपुर, नैनपुर, सिवनी, पाटन, मंडला, दमोह, नरसिंहपुर के प्रभारी एवं सह प्रभारी अपनी-अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। साथ ही प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। मंचीय कलाकार वेलफेयर एसो., मप्र कलाकार एसो. ने सभी कलाकारों से उपस्थिति की अपील की है।



## हरियाली अमावस्या पर निकली कांवड़ यात्रा

**जबलपुर।** हरियाली अमावस्या को बाटकेश्वर महादेव मंदिर पुरानी पी पी कॉलोनी में विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस कावड़ यात्रा में मां नर्मदा का जल लेकर पीपी कॉलोनी स्थित बटेश्वर महादेव मंदिर में नर्मदा जल से अभिषेक किया। इस कांवड़ यात्रा का आयोजन महिला मंडल के द्वारा किया गया था। इस कावड़ यात्रा में कैलाश नामदेव परिवार के सभी सदस्य शामिल हुए।

# युवा शिक्षा ग्रहण कर, रोजगार प्राप्त करें या स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें: अशोक रोहाणी




**जबलपुर।** जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जबलपुर एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के संयुक्त तत्वाधान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर में "एक दिवसीय युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार जिला स्तरीय वृहद् कॅरियर अवसर मेला" का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अशोक रोहाणी, विधायक, केंट जबलपुर, विशिष्ट अतिथि के रुप में आशीष राव, महाविद्यालय, जनभागीदारी अध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी द्वारा की गई। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना/ मेला संयोजक ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर, रोजगार प्राप्त करें या स्वरोजगार स्थापित कर दूसरों को रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम का उदेदश्य अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार/स्वरोजगार प्रदान करना होता है। मेला संयोजक प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि मेले में ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से 1890 पंजीयन हुये। जिसमें से विभिन्न प्लेसमेंट कंपनियों में लगभग 986 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन कराया जिसमें से प्लेसमेंट हेतु 401 युवाओं का चयन प्रथम चरण में हुआ है।

# सत्पथ प्रश्नमंच सीजन 3 के मीडिया प्रभारी बने दीपक राज जैन



**जबलपुर।** विश्वस्तरीय सत्पथ प्रश्नमंच सीजन 3 के मीडिया प्रभारी हेतु जैन समाज के वरिष्ठ समाज सेवी जिनशासन सेवक दीपक राज जैन की घोषणा नागपुर में आयोजित सत्पथ पाठशाला के आठवें सत्र के शुभारंभ पर सत्पथ के संरक्षक सीए राजकुमार जैन मुंबई द्वारा विशेष समारोह में की गई और जिनशासन की प्रभावना हेतु दीपक राज जैन का अभिनंदन किया गया, जो सकल जैन समाज के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर समाज सेवक हेमंत लोढ़ा, प्रसिद्ध उद्योजक प्रियदर्शन जैन, रितेश मोदी आलीशान, वरिष्ठ समाज सेवी दीपकभाई जवेरी, जयकुमार देवडिया (अध्यक्ष, श्री कुन्द कुन्द दि. जैन स्वाध्याय मंडल ट्रस्ट), डॉ. सुखेन दोशी प्लास्टिक सर्जन, जितेंद्र तोरावत, अध्यक्ष दिग. जैन नागदा समाज सहित टीम सत्पथ के समस्त पदाधिकारी एवं सकल जैन समाज के श्रेष्ठिगण उपस्थित रहे, सभी ने सफल आयोजन की खूब अनुमोदना कर मंगलकारी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित श्रुतेश शास्त्री एवं आभार प्रदर्शन पंडित रविन्द्र शास्त्री द्वारा किया गया।

## हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण



**भेड़ाघाट।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर भृगु उद्यान लम्हेटा घाट में वृक्षारोपण किया गया जिसमे अमरूद आम जामुन के के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी कालीचरण पटेल लक्ष्मण यादव एवं नगर परिषद भेड़ाघाट उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे सुनील बैरागी रिंकू सेन विजय चडार दीपक शुक्ला आदि की उपस्थित में पौधारोपण किया गया।



# हरियाली अमावस्या पर समर्पण संस्था ने किया पौधारोपण

**जबलपुर।** समर्पण संस्था फाउंडेशन द्वारा हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में 24 जुलाई को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर दिवाकर प्यासी, डायरेक्टर ममता प्यासी, सिलाई एवं फैशन डिजाइन प्रशिक्षिका रानू शुक्ला, पार्लर प्रशिक्षिका आरती सेन एवं शैक्षणिक प्रशिक्षिका नीलू शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्था का यह प्रयास समाज में हरियाली, स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हरियाली अमावस्या पर किया पौधों का वितरण



**सिहोरा।** नवांकुर सखी हरियाली उत्सव का आयोजन बाबा ताल मंदिर प्रांगण में म प्र जन अभियान परिषद की नव अंकुर संस्था स्वा सेवा संयोजन समिति सेक्टर एक सिहोरा में मुख्यमंत्री के आव्हान एंव जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया,विकास खंड समन्वयक भारत महोलिया के निर्देशानुसार किया गया। आयोजन बाबाताल सरकार की अध्यक्षता, अंजलि गोलू पांडे जिला पंचायत सदस्य के मुख्य आतिथ्य, एवं पार्षद रीता शुक्ला एवं बेबी विनय पाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। सभी सखियों का हल्दी रोली लगाकर स्वागत किया गया संस्था की अध्यक्ष सुषमा कर्चुली के द्वारा सभी को सखी कलश-पौध यात्रा अभियान के स्वरूप से अवगत कराया गया।हरियाली कलश यात्रा में सभी को नीम पीपल आम जामुन बेल एलोवेरा गुड़मार सोमवल्ली अपराजिता गुड़हल गुलाब तुलसी आदि पौधे प्रदान किए गये। आयोजन में जैन महिला परिषद नीतू सिंघई, गहोई महिला परिषद रमा सरावगी,ममता गुप्ता, कार्तिका गुप्ता, बीना अरोरा, अंजू पहारिया, रीता पहारिया,रश्मि तिवारी उपस्थित थी।



# नवांकुर सखियों ने किया हरियाली यात्रा का आयोजन

**मझोली।** हरीयाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर संस्था श्रीमती गुमत बाई लक्ष्मी प्रसाद पटेल उत्थान समिति सचिव अभिषेक कुरमी एवं नवांकुर सखियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु भव्य हरीयाली यात्रा का आयोजन किया गया। कलशयात्रा मझोली बाबड़ी बस स्टैंड से राम हनुमान मंदिर तक निकाली गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर सुभाष सराफ, आर पी उपाध्याय श्रीमती राधा खरे एवं धर्मेंद्र पटेल ब्लॉक समन्वयक श्रीमती तृप्ति मिश्रा मेंटर्स सुश्री अंकिता दुबे, मुकेश साहू, सतीश पाठक एवं स्कूल निदेशक सौरभ कुमार, अनुषा दुबे सोनु साहू महेंद्र कोस्टा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी नवांकुर सखियों को बीज की थैली एवं पौधों का वितरण किया गया तथा सामूहिक रूप से वृक्षारोपण की शपथ ली गई ।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण की बैठक संपन्न



**बरगी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण की बैठक का आयोजन विकासखंड सह समन्वयक अमृता कोरी के नेतृत्व पर हुई। श्रीमती कोरी ने बैठक पर आगामी आसक्षर परीक्षा के संबंध पर लक्ष्य निर्धारित किया, ऑनलाइन पंजीयन की समीक्षा की व शत प्रतिशत साक्षरता पंजी संधारित हेतु बताया व आसाक्षर हेतु पूर्ण चिन्हाकन हेतु अवगत कराया एवं समस्त नोडल अधिकारियों से पूर्णता का प्रमाण पत्र सरपंच, सचिव के हस्ताक्षर सहित लेने को कहा वह प्रशासन के विभिन्न दिशा निर्देश से अवगत कराया सह समन्वयक बैजनाथ यादव द्वारा ऑनलाइन एवं टेक्निकल संबंधी अपने वक्तव्य सांझा किया गया विपिन विश्वकर्मा, राजा भैया चौकसे द्वारा भी इस संबंध में अपनी बात रखी गई। कार्यक्रम के समापन के पश्चात वृक्षारोपण भी किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से विकासखंड सह समन्वयक अमृता कोरी, संकुल समन्वयक विपिन विश्वकर्मा, राजा भैया चौकसे, बैजनाथ यादव, सुनील मरकाम, रवि नंदन मेहरा, रसेन्द्र पाल सिंह मर्सकोले ,सुनील धुर्वे, प्रफुल्ल बनाफर, गीता सोनी सहित ग्रामीण के समस्त समन्वयक की उपस्थिति रही।

## निधन



**श्री सतीश चंद्र रजक-** संजय गांधी नगर बं ग ड़ी मोहल्ला सदर नि वा सी स्वर्गीय कपूर चंद रजक के छोटे पुत्र श्री सतीश चंद्र रजक जो की ताराचंद रजक भरत रजक शरद रजक के छोटे भाई थे उनका निधन हो गया है शव यात्रा आज सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से गौरी घाट के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री चंदन लाल पासी-** नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री चंदन लाल पासी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश यादव-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री रामजी यादव के पुत्र श्री ओम प्रकाश यादव (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश प्रसाद शर्मा-** डी 11, रक्षा नगर कॉलोनी रांझी निवासी श्री गनेश प्रसाद शर्मा (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मंतो बाई मारू-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री हरी प्रसाद मारू की धर्मपत्नी श्रीमती मंतो बाई मारू (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश प्रसाद दहायत-** द्वारका नगर कांचघर रोड निवासी श्री गनेश प्रसाद दहायत (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विमला बाई कोरी-** न्यू गोकलपुर निवासी श्री फूलचंद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती विमला बाई कोरी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला देवी विश्वकर्मा-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री पन्ना लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी विश्वकर्मा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चंद्रवती दुबे-** देवी नगर गढ़ा पचमठा मंदिर के पास निवासी श्री भगवत प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रवती दुबे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद तिवारी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला रजक-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री नंद किशोर रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला रजक (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 900/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग



# एकल अभियान आचार्य प्रशिक्षण शुरू

**बरेला।** वन बन्धु परिषद् अंचल जबलपुर का 10 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन सामुदायिक भवन चल रहा है जिसमें उपस्थित आचार्य 41 संख्या है जिसमें संघ परिवार से उपस्थित प्रहलाद चोकसे, नगर कार्यवाह जमुना पटेल, खंड कार्यवाह विकास साहू, खंड व्यवस्था प्रमुख ब्रजेश, सरपंच आशीष शुक्ला, संच समिति जागरण समिति अध्यक्ष गौतम यादव ,अंचल अभियान प्रमुख जबलपुर दुर्गा प्रसाद झारिया, अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रमुख चन्द्र कुमार चौकसे गतिविधि प्रमुख अरविंद यादव अंचल कार्यालय प्रमुख ज्योति ठाकुर संच प्रमुख बरेला रश्मि लोधी संच प्रमुख शहपुरा प्रेम सिंह भलावी संच प्रमुख चौर ई एवं समस्त आचार्य गण उपस्थित हुए।

# तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन कल से

**सिहोरा।** निकटवर्ती गांधीग्राम स्थित बंजारी माता मंदिर में तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण और महारुद्राभिषेक का आयोजन परम पूज्य गृहस्थ संत देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के आशीर्वाद एंव डॉ. अनिल शास्त्री बड़े भैया के सानिध्य में किया जा रहा है। 26 से 28 जुलाई तक आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के संबंध में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने आयोजन को भव्य बनाने सुझाव भी दिए। इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,नवल सिंह राजपूत,गोलू सिंह राजपूत ,सतीष राय,बसंत तिवारी,रेवा शंकर असाटी,सुरेश असाटी,चमन असाटी,महंगू चौरसिया,अरविंद गौर,लक्ष्मी असाटी,राजू सोनी,नत्थू लाल चौरसिया,लक्ष्मण काछी,विष्णु पटेल,महेश सेन,हरिशंकर तिवारी,सुधीश त्रिपाठी,राम मनोहर तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS SHAMSUDDIN SHEIKH I, HAVE CHANGED THE SPELLING OF MY FIRST AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS SAMSUDDIN KHEIKH S/O SHAHADAT KHAN SHEIKH RESIDENT OF - H.NO. 47, OLD P P COLONY, GWARIGHAT ROAD, GAURIGHAT, VIDYUT NAGAR, JABALPUR (M. P.) 482008.

## खबर संक्षेप

### उत्तर प्रदेश में तिलहन की खेती का रकबा बढ़ा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तिलहन और दलहन की खेती को बढ़ावा देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, खरीफ के मौजूदा सीजन में 21 जुलाई तक तिलहन की सभी प्रमुख फसलों तिल, मूंगफली और सोयाबीन की बुवाई का रकबा पिछले सीजन की तुलना में करीब सवा गुना तक बढ़ा है।

### आदित्य इन्फोटेक का आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** 'सीपी प्लस' ब्रांड के तहत वीडियो सुरक्षा और निगरानी उत्पाद पेश करने वाली कंपनी आदित्य इन्फोटेक का लक्ष्य आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,300 करोड़ रुपये जुटाने का है। बयान के अनुसार, कंपनी ने इस आईपीओ के लिए 640-675 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा और 31 जुलाई को संपन्न होगा।

### मारुति सुजुकी का वाहन निर्यात 96 हजार इकाई पार

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 96,000 से ज्यादा गाड़ियों का निर्यात किया है। कंपनी ने बताया कि उसका मॉडल फ्रॉन्क्स भारत से सबसे तेजी से एक लाख इकाई के निर्यात को पार करने वाला स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) बन गया है।अप्रैल-जून तिमाही में भारत से यात्री वाहन निर्यात में मारुति सुजुकी की हिस्सेदारी 47 प्रतिशत रही।

### सात कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला और सात्विक ग्रीन एनर्जी समेत सात कंपनियों को अपने आईपीओ लाने की बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक 'अपडेट' में कहा कि इन सात कंपनियों को आईपीओ के जरिये पूंजी जुटाने के लिए नियामकीय टिप्पणियां दी गई हैं। सेबी के नियमों के मुताबिक मंजूरी पाने वाली कंपनियों में फिजिक्सवाला और सात्विक ग्रीन एनर्जी के अलावा विनिर इंजीनियरिंग, प्रणव कंस्ट्रक्शन्स, फुजियामा पावर सिस्टम्स, एसआईएस कैश सर्विसेज और एनलॉन हेल्थकेयर भी शामिल हैं। इन कंपनियों ने इस साल जनवरी और अप्रैल के बीच अपने मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे। इस बीच, गोडिजिटल आईवीएफ और वूमेन हेल्थ ने अपने मसौदा दस्तावेज वापस ले लिए हैं। इन कंपनियों ने जनवरी में अपने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे।

# मेटा की 44 लोगों की सुपरइंटेलिजेंस टीम में दो भारतीय भी शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मेटा ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के निर्माण के लिए एक खास टीम बनाई है, जिसे 'सुपरइंटेलिजेंस' नाम दिया गया है। इस टीम में दुनिया की कई बड़ी कंपनियों जैसे ओपनएआई, गूगल डीपमाइंड और एंथ्रोपिक से 44 विशेषज्ञों को जोड़ा गया है।

इन लोगों को करोड़ों डॉलर के पैकेज दिए जा रहे हैं। इस टीम में 2 भारतीयों को भी शामिल किया गया है, जिनका नाम त्रपित बंसल और हम्माद सैयद है। इस टीम में अलग-अलग पृष्ठभूमियों के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं और इसे मेटा की अब तक की सबसे बड़ी एआई पहल माना जा रहा है।

## सालाना पैकेज 10 से 100 करोड़ डॉलर यानी 800 से 8500 करोड़ रुपए

### त्रपित बंसल रह चुके हैं एआई शोधकर्ता

त्रपित मेटा की सुपरइंटेलिजेंस टीम का हिस्सा बनने से पहले ओपनएआई में एआई शोधकर्ता रह चुके हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से गणित और सांख्यिकी में मास्टर्स किया है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर्स और फिर पीएचडी की। उनका शोध मुख्य रूप से नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग और मेटा-लर्निंग जैसे क्षेत्रों में रहा है, जो एआई विकास के लिए बेहद अहम और उपयोगी माने जाते हैं।








### मेटा की योजना और भारी वेतन पैकेज

रिपोर्ट्स के अनुसार, मेटा की सुपरइंटेलिजेंस टीम में शामिल इन 44 लोगों को 10 से 100 करोड़ डॉलर (800-8,500 करोड़ रुपये) से तक का सालाना भुगतान किया जा रहा है। इस टीम का लक्ष्य दुनिया की सबसे एडवांस्ड एजीआई बनाना है जो सोचने-समझने में इंसानों से भी आगे हो।

### हम्माद सैयद खुद ही हैं एक संस्था के सीईओ

हम्माद सैयद प्ले.एचटी नामक वॉइस जेनरेशन प्लेटफॉर्म के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। यह प्लेटफॉर्म टेक्स्ट को इंसानी जैसी आवाज में बदलने का काम करता है, जो आज की एआई तकनीक में बेहद उपयोगी है। उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर से पढ़ाई की है। टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स में रुचि रखने वाले हम्माद अब मेटा की इस बेहद खास एआई टीम का हिस्सा बन चुके हैं।

## ट्रंप ने भारतीयों को नौकरियां देने पर रोक लगाई

# अमेरिकी कंपनियों के चीन में कारखाने लगाने भारत में लोगों को काम देने के दिन लद गए

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के "दिन अब लद चुके हैं"। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुधवार को एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए।

इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कार्य योजना भी शामिल है। इन सभी के बीच उन्होंने अपने ही देश में अपने साथी नागरिकों को बरगलाने और यहां तक कि उन पर 'सेंसरशिप' (नियंत्रित करने) लगाने का काम किया है।

### मेरी पॉलिसी ही है अमेरिका फर्स्ट : ट्रंप



राष्ट्रपति ट्रंप ने टेक इंडस्ट्री के 'ग्लोबल माइंडसेट' की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस रवैये की वजह से कई अमेरिकी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा ट्रंप की पॉलिसी ही 'अमेरिका फर्स्ट' की है, जिसके तहत वह सबसे पहले अमेरिकी नागरिकों और देश का भला चाहते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि कुछ टॉप अमेरिकी कंपनियों ने देश से मुनाफा कमाया और देश के बाहर भारी निवेश किया है।

### लाखों अमेरिकी नागरिक ठगा महसूस करते रहे

उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग "कट्टरपंथी वैश्वीकरण" का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी "ठगा" महसूस करते रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है।

### ट्रंप भारत के खिलाफ लगातार उगल रहे जहर

गौरतलब है कि डोनल्ड ट्रंप जबसे व्हाइट हाउस पहुंचे हैं, सिर्फ भारत के खिलाफ ही काम कर रहे हैं। उनके बयान भी सिर्फ भारत के खिलाफ ही निकल रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने कहा कि अब वो दिन लद चुके हैं कि अमेरिकी कंपनियां चीन में अपना कारखाना लगाएं और भारतीयों को नौकरियां दें। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को भी चेतावनी दी और कहा कि ऐसा करने के दिन खत्म हो चुके हैं, उनके कार्यकाल में ऐसा हरगिज नहीं चलेगा।

### अमेरिकी कंपनियों को चीन में कारखाने लगाने से मना किया

### एआई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप ने तीन आदेशों पर हस्ताक्षर किए

### एआई की दौड़ जीतने नई भावना की आवश्यकता

ट्रंप ने कहा, " एआई की दौड़ जीतने के लिए सिलिकॉन वैली और उससे भी आगे तक देशभक्ति और राष्ट्रीय निष्ठा की एक नई भावना की आवश्यकता होगी।" उन्होंने कहा, " हमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की जरूरत है जो अमेरिका के लिए पूरी तरह से समर्पित हों। हम चाहते हैं कि आप अमेरिका को प्राथमिकता दें। आपको ऐसा करना ही होगा। हम बस यही चाहते हैं।"

### एआई से संबंधित आदेशों पर किए हस्ताक्षर

ट्रंप ने इस मौके पर एआई से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें व्हाइट हाउस कार्ययोजना भी शामिल है, जो अमेरिकी एआई प्रौद्योगिकी 'पैकेज' के निर्यात को बढ़ावा देकर अमेरिकी एआई उद्योग को समर्थन देने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास स्थापित करता है।

# गोवा की फेनी, केरल की ताड़ी को मिलेगी ब्रिटेन में जगह

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गोवा की फेनी, नासिक की वाइन और केरल की टोडी (ताड़ी) सहित भारत के अनूठे पारंपरिक पेय पदार्थों को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है। दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही विशिष्ट प्रकार के अल्कोहल-आधारित भारतीय पेय पदार्थों को न केवल अपने पारंपरिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) संरक्षण का लाभ मिलेगा, बल्कि ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में भी उनकी पहुंच होगी, जहां प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ये पेय पदार्थ ब्रिटिश पेय पदार्थों को अपना अनूठा स्वाद, विशिष्ट स्वाद और विरासत प्रदान करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारत वर्तमान में अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है, और आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य है। एफटीए न केवल स्कॉच व्हिस्की और अन्य के साथ पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थों को ब्रिटेन में जगह दिलाने में मदद करेगा, बल्कि आतिथ्य जैसे विशिष्ट माध्यमों का पता लगाने में भी मदद करेगा।



■ मुक्त व्यापार समझौते से होगा लाभ

### जीआई सुरक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

अधिकारी ने आगे कहा, "गोवा की फेनी, नासिक की विशिष्ट वाइन और केरल की ताड़ी जैसे भारतीय पेय अब भौगोलिक संकेतक (जीआई) सुरक्षा के साथ ब्रिटेन में जगह बना पाएंगे। यह सरकार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, जो वैश्विक बाजारों में भारतीय अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है।"

### सरकार को निर्यात बढ़ने की उम्मीद

यह एक नया क्षेत्र है, सरकार को उम्मीद है कि देश का अल्कोहल वाले पेय पदार्थों का निर्यात मौजूदा 37.05 करोड़ डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे पहले अप्रैल में, एपीडा ने कहा था कि भारतीय अल्कोहल पेय पदार्थों की वैश्विक बाजारों में अपार संभावनाएं हैं और देश के पास दुनिया को देने के लिए जिन, वीयर, वाइन और रम सहित कई अच्छे उत्पाद हैं।

# लाल निशान पर शेयर बाजार हुआ बंद, 542 अंक टूटा सेंसेक्स, निफ्टी भी लुढ़का

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आज गुरुवार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गिरावट दर्ज हुई है। सेंसेक्स 542 अंक की गिरावट के साथ आज 82,184.17 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 157 अंक फिसलकर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव भरा माहौल रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 127 अंकों की गिरावट के साथ 16,566.85 अंक पर बंद हुआ।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज केनरा बैंक, इंडियन बैंक और मदरसन ने क्रमशः 5.30 फीसदी, 4.44 फीसदी और 4.27 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। इटरनल और वन 97 पेटीएम के शेयरों में भी क्रमशः 3.67 फीसदी और 3.28 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। आईईएक्स, कोफोर्ज लिमिटेड, पेरसिस्टेंट, नेस्ले और ट्रेंट क्रमशः 29.58 फीसदी, 9.39 फीसदी, 7.70 फीसदी, 5.32 फीसदी और 3.83 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

*शेयर बाजार में क्यों दर्ज हुई गिरावट*

*भारतीय शेयर बाजार में गिरावट की कई वजहें हैं। कंपनियों की पहली तिमाही के नतीजे कमजोर रहे, जिससे निवेशकों का भरोसा घटा।* भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देरी और तकनीकी सहयोग की अनिश्चितता ने भी बाजार को कमजोर किया है। विदेशी निवेशकों ने जुलाई में 26,395 करोड़ रुपये के शेयर बेच दिए हैं, जिससे दबाव और बढ़ा।

# ब्लिंकिट 10 मिनट में एम्बुलेंस सेवा का और कर रही विस्तार



**नई दिल्ली।** जोमैटो अपनी 10 मिनट एम्बुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने में जुटी है, जो फिलहाल गुरुग्राम में ब्लिंकिट के जरिए चल रही है। जोमैटो के सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल ने आज एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ब्लिंकिट इन-हाउस पैरामेडिक प्रशिक्षण के साथ एम्बुलेंस सेवा को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यह अब तक की सबसे कठिन और संसाधन-गहन चुनौती है, लेकिन वे पीछे नहीं हटेंगे और इसे सफल बनाएंगे।

***अब तक 594 कॉल, 83 प्रतिशत में 10 मिनट पर पहुंच***

*गोयल ने बताया कि जनवरी में 5 एम्बुलेंस के साथ शुरू हुई सेवा अब 12 एम्बुलेंस तक पहुंच चुकी है।*

ये एम्बुलेंस अब गुरुग्राम के आधे हिस्से में सेवा दे रही हैं। अब तक कुल 594 कॉल का जवाब दिया गया है, जिनमें से 50 प्रतिशत गंभीर आपात स्थिति थीं। अभी 6 डिपो में एम्बुलेंस मौजूद हैं, जो 83 प्रतिशत मामलों में मरीजों तक 10 मिनट में पहुंच जाती हैं।

# भारतीयों के लिए वैश्विक भुगतान करना हुआ आसान, पेपाल से जुड़ा यूपीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक भुगतान कंपनी पेपाल ने 23 जुलाई को पेपाल वर्ल्ड लॉन्च किया है, जो भारत के UPI समेत दुनिया के कुछ बड़े डिजिटल वॉलेट्स को जोड़ने वाला एक प्लेटफॉर्म है। यह नया सिस्टम भारत की एनपीसीआईएल इंटरनेशनल, टेनपे ग्लोबल, मर्काडो पेगो और वेनमो के साथ मिलकर शुरू किया गया है। इसके जरिए दुनियाभर में लगभग 2 अरब उपभोक्ताओं के लिए भुगतान और पैसे ट्रांसफर करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा।

लिए, अमेरिका से ऑनलाइन खरीदारी करते समय उन्हें पेपाल के अंदर यूपीआई बटन दिखेगा, जिससे रुपये में तुरंत भुगतान हो सकेगा। यह क्रेडिट कार्ड या अन्य चैनलों की जरूरत को खत्म कर देगा। इससे पेमेंट प्रोसेस और सरल होगा और हर यूपीआई ऐप को अलग-अलग देश में लॉन्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### प्लेटफॉर्म तकनीक-न्यूट्रल और भविष्य के लिए तैयार

पेपाल वर्ल्ड तकनीक-न्यूट्रल प्लेटफॉर्म है, जिसमें एआई-शॉपिंग, स्टेबलकॉइन पेमेंट और डायनामिक पेमेंट बटन जैसी सुविधाएं भी आने वाले समय में मिलेंगी। कंपनी का दावा है कि यह सिस्टम क्लाउड-आधारित है, जिसमें ओपन एपीआई, मजबूत सुरक्षा और बेहतर ग्लोबल अपटाइम शामिल हैं। चीन में वेक्सिन पे या अमेरिका में वेनमो जैसे स्थानीय वॉलेट्स के साथ सीधा पेमेंट संभव होगा। इस बदलाव से भारतीय यूजर्स को वैश्विक लेनदेन में काफी आसानी होगी।

### कैसे करेंगे भारतीय यूजर्स इसका इस्तेमाल?

अब भारतीय यूजर्स पेपाल इंटरफेस में अपने यूपीआई ऐप्स जैसे फोनपे या गूगल पे का उपयोग करके विदेशों में भी भुगतान कर सकेंगे। उदाहरण के

# श्री लोटस डेवलपर्स का आईपीओ 30 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के कलाकारों और प्रसिद्ध निवेशक आशीष कचोलिया द्वारा समर्थित रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी श्री लोटस डेवलपर्स का 792 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसके लिए मूल्य दायरा 140-150 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी का आईपीओ एक अगस्त को बंद होगा। यह आईपीओ पूर्णतः नए शेयरों का निर्गम है, और इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है।कंपनी मुंबई में रियल एस्टेट डेवलपर हैआनंद कमलनयन पंडित द्वारा प्रवर्तित कंपनी एक रियल एस्टेट डेवलपर है जो मुंबई में आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों के निर्माण में लगी हुई है। कंपनी का मुख्य ध्यान अल्ट्रा लक्जरी खंड (बहुत महंगे) और पश्चिमी उपनगरों में लक्जरी खंड में पुनर्विकास परियोजनाओं पर है। कंपनी ने 30 जून, 2025 तक पांच परियोजनाएं पूरी कर ली हैं, पांच परियोजनाएं प्रक्रिया में हैं और 11 परियोजनाएं आने वाली हैं। आय पिछले वर्ष से 19 प्रतिशत बढ़ीश्री लोटस डेवलपर्स एंड रियल्टी की परिचालन आय पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 19 प्रतिशत बढ़कर 549.68 करोड़ रुपये रही।

### मेकमाईट्रिप का नया बुकिंग 130 देशों में देगा सुविधाएं

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप ने बृहस्पतिवार को वैश्विक अनुभव खंड में कदम रखने की घोषणा की। इसके लिए कंपनी ने सैर-सपाटे एवं आकर्षक परिसरों की बुकिंग का एक नया मंच भी पेश किया। इस बुकिंग मंच के जरिये 130 देशों के 1,100 शहरों में दो लाख से अधिक बुकिंग योग्य गतिविधियों तक पहुंच हासिल की जा सकती है। मेकमाईट्रिप ने बयान में कहा कि यह मंच भारतीय यात्रियों को वैश्विक अनुभवों की तलाश और उनकी बुकिंग की सुविधा देता है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र**

**शुद्धि सूचना क्र 1 एवं दिनांक :** 19.07.2025 **मद** : निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, **शुद्धि सूचना क्र एवं दिनांक:** क्र. 2 दिनांक 22.07.2025, **मद** : बिडरो को प्री बिड प्रश्नों के खिलाफ जवाब और आरएफपी के संशोधित धाराओं, **IREPS** की वेबसाईट पर **NIT; EL-JBP-Project-25 PSSA-1 दिनांक 28.06.2025** : 05.08.2025 upto 15:00 hrs., **IREPS** पर **संशोधित दिनांक:** 19.08.2025 upto 15:00 hrs., शेष वस्तुएँ यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।

(हस्ता)
उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट)
पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जबलपुर जिला जबलपुर**

द्वितीय तल अपेक्स बैंक बिल्डिंग सिविक सेंटर जबलपुर
Email : drcoop.jbp@mp.gov.in Phone: 0761-2312374

**निविदा सूचना/शर्ते** **प्रथम आमंत्रण**

क्र./उ.आ./उर्व./वाहन/2025/1245 — जबलपुर दिनांक 23-07-2025

कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता जिला जबलपुर में किराये पर वाहन व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित है निविदा शर्तो के अंतर्गत न्यूनतम दर कोटेशन कर्ता से धरोहर राशि के रूप मे रुपए 50000/- की एक एफ डी कार्यालय द्वारा कार्यालय मे जमा कराई जायेगी साथ ही किराये के वाहन के व्यय की अधिकतम सीमा रुपए 30000/- है जिसमे वाहन की रनिंग 1000 कि.मी. रहेगी इसके अलावा अन्य सभी शर्ते कार्यालय आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक /प्रशासन/02/21/797 भोपाल दिनांक 16-09-2021 के अधीन रहेगी जिसे निविदाकर्ता कार्यालय से प्राप्त कर सकता है उल्लेखित पत्र मे दी गई निविदा शर्तो का पूर्ण रूप से पालन किया जाना अनिवार्य रहेगा। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 31-07-2025 सायं 05:00 बजे तक है इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

उप आयुक्त
सहकारिता जबलपुर

G-16177/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**Can Fin Homes Ltd** (Sponsor : CANARA BANK)

78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यों) एवं जमानतदार (रो) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **भौतिक कब्जा** केनफिन होम्स लिमिटेड **जबलपुर शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर **श्री राम संजीवन यादव एवं बेबी यादव (ऋणी)** से केनफिन होम्स लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) की दिनांक **24-07-2025** को **11,03,423/-** (रु. ग्यारह लाख तीन हजार चार सौ तेईस मात्र) की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **29-08-2025**, को बेचा जाएगा।

आरक्षित मूल्य **₹ 4,00,000/-** (रुपये चार लाख मात्र) होगा और अग्रिम धनराशि **₹ 40,000/-** (रुपये चालीस हजार मात्र) होगी।

**संपत्ति का विवरण**

**संपत्ति स्थित लेआउट प्लाट नं. 30, खसरा नं. 90 का भाग, एनबी नं. 85, प.ह.नं. 6/14, (बीजापुरी) मौजा-बिछुआ, आर.एन.एम. इमलई, तहसील कुंदम, जिला-जबलपुर जिला मध्यप्रदेश चर्तुसीमाएं-** पूर्व- प्लाट नं. 43, पश्चिम- साइड रोड, उत्तर- प्लाट नं. 29, दक्षिण- साईड रोड

ज्ञात भार का विवरण : कोई भार नहीं

नीलामी के नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत विवरण हेतु केनफिन होम्स लिमिटेड की अधिकृत वेबसाइट **(https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx)** देखें । ई-नीलामी में भाग लेने हेतु लिंक - **www.bankeauctionwizard.com**

**दिनांक : 25-07-2025**
**स्थान: जबलपुर**

(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केनफिन होम्स लि.

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**लोककर्म विभाग // द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निवदाये आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_439348_1 | कलेक्टर जनसुनवाई की शिकायत के निराकरण हेतु श्री गोलीराम महोबिया के घर के आगे की ओर नाला निर्माण कार्य । द्वितीय निविदा | 02 माह | 2000/- | 8/08/2025 |
| | Pro- 370 Date- 24/07/2025 | | 02.53 लाख | 2530/- | |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर

**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक Indian Overseas Bank**
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking) आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
www.iob.in

जबलपुर शाखा
जबलपुर, कचनार शिखर परिसर, मरहाताल, पुराना विनीत टॉकीज, जबलपुर, म.प्र. पिन-482001
फोन नं.: 8754450589, ईमेल आईडी: iob0589@iob.in)

**मांग सूचना** — **मांग सूचना दिनांक : 09/07/2025**

(1) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 3 (1) अंतर्गत नोटिस

(2) इंडियन ओवरसीज़ बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम के नियम-3 के साथ पठित सेक्शन 13 (12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत निम्न वर्णित दिनांक को निम्न वर्णित उधारकर्ताओं/जमानतदारों को अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत डिमांड नोटिस जारी किया गया एवं डिमांड नोटिस में दर्शायी गई निम्न वर्णित राशि उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया था। उपरोक्त नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा ऋणी को भेजा था जिसकी पावती प्राप्त नहीं हुई, इसलिए इस प्रकाशन के द्वारा नोटिस देते हुए आप संबंधितों को अवगत किया गया है। अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नोटिस को ऋणी / बंधककर्ता / जमानतदारों के पूर्व ज्ञात पतों पर अधिनियम की धारा के अन्तर्गत नोटिस चिपका दिये गये हैं। ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु अधोहस्ताक्षरी से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त कर सकते हैं।

(3) उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए उधारकर्ता /बंधककर्ता/जमानतदारों को इस नोटिस प्रकाशन के 60 दिनों की अवधि में इंडियन ओवरसीज बैंक को बकाया राशि एवं उस पर निम्न वर्णित दिनांक से देय ब्याज तथा अन्य खर्चे जमा करने हेतु दिया जाता है। ऋण के पुर्नभुगतान हेतु निम्न वर्णित संपत्ति इंडियन ओवरसीज़ बैंक द्वारा बंधक रखी गई है।

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | ब्याज दर (अतिदेय सहित ब्याज) एवं शेष | कुल बकाया राशि दि. 09.07.25 को | सुरक्षित आस्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|
| ऋणी : **मुकेश झारिया पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद झारिया** सभी का स्थायी/ संचार/कार्यालय का पता: मकान नंबर 1245, गौशाला के पीछे, रांझी पुरानी बस्ती, मोनेगांव, जबलपुर - म.प्र. - 482005 | RLLR (8.35%) + spread (0.2%) + overdue interest 2% =10.55% p. a with monthly rest<br>सुविधा का प्रकार ऋण राशि Housing Loan ₹ 20.00 Lacs | ₹ 20,01,628.84<br>NPA DATE 29/06/2025 | यह आवासीय उपयोग की भूमि है और इस पर स्थायी आरसीसी छत वाला घर बना हुआ है, जो पटवारी हल्का: मोहनिया, ग्राम-रांझी, लाला लाजपत राय वार्ड, वार्ड क्रमांक 70, तहसील- रांझी, जिला- जबलपुर में स्थित है। यह भूमि खसरा संख्या 265/2 के एक हिस्से से संबंधित है, जिसका कुल बिक्री क्षेत्र लगभग 20 फीट x 40 फीट = 800 वर्ग फीट, यानी 74.34 वर्ग मीटर है, जिस पर भूतल पर 600 वर्गफीट अर्थात 55.76 वर्गमीटर का एक स्थायी आरसीसी छत वाला घर बना हुआ है। चर्तुसीमाएं: पूर्व - श्रीमती बृजकुमारी यादव का घर, पश्चिम - श्री प्रहलाद अग्रवाल का घर, उत्तर-साइड रोड, दक्षिण-साइड रोड उपरोक्त संपत्ति श्री मुकेश झारिया पुत्र श्री नर्मदा प्रसाद झारिया के नाम से है, जैसा कि रजिस्टर्ड सेल डीड में निर्धारित है। एसआरओ जबलपुर -1 (म.प्र.) के समक्ष (ई पंजीकरण MP182542023A12225932, दिनांक 04.08.2023) अन्य अनुलग्नकों के साथ |

*ऊपर उल्लेखित तारीख से सहमति के आधार पर अनुबंधित दरों/छूट पर आगे भुगतान की तिथि तक ब्याज देय।

(4) यदि इस मांग सूचना पत्र के उपरांत भी ऋणी/ जमानतदार निर्धारित अवधि में ऊपर वर्णित बकाया राशि तथा भविष्य की अवधि का ब्याज, का पुर्नभुगतान करने में असफल रहते हैं तो इंडियन ओवरसीज बैंक अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त समस्त अथवा कोई भी अधिकार का उपयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित बंधक संपत्ति के विरुद्ध कार्यवाही करेगी।

(5) ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

(6) ऋणी तथा जमानतदार को यह भी सूचित किया जाता है कि सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत वे उपरोक्त वर्णित संपत्ति जो कि इंडियन ओवरसीज़ बैंक के हित में प्रतिभूत की गई है को बैंक की लिखित सहमति के बिना विक्रय पत्र, किरायेनामें या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेंगे। अगर किसी व्यक्ति द्वारा उक्त प्रावधानों का उल्लंघन किया जाता है तो अधिनियम की धारा 29 के तहत उन्हें सजा और या जुर्माना का प्रावधान है।

**स्थान : जबलपुर**
**प्रकाशन दिनांक : 25-07-2025**

हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज़ बैंक

## चिंतन

# भारत-ब्रिटेन में एफटीए दोनों के लिए फायदेमंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ वार के चलते विश्व के दूसरे प्रमुख देशों ने तेजी से विकल्प की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। जो यूरोप अपनी अधिकांश चीजों के लिए अमेरिका पर निर्भर होता था, वो अब अमेरिका मुक्त वैश्विक विकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देखा जाना चाहिए। वर्ष 2022 से भारत व ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत चल रही थी, लेकिन ट्रंप के टैरिफ वार के बाद एफटीए को अंतिम रूप देने में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है, इससे यूरोप असहज है। ब्रिटेन बेशक ब्रेक्जिट कर चुका है, लेकिन यूरोपीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका में है। भारत व ब्रिटेन के बीच सामरिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से मजबूत हैं, लेकिन इस एफटीए के बाद दोनों देशों के बीच ट्रेड संबंध और मजबूत होंगे। ब्रिटेन दैनिक जरूरतों के बहुत सामानों के लिए आयात पर निर्भर है। चीन ने अपने सस्ते सामानों से ब्रिटेन समेत पूरे यूरोप को पाट रखा है। इस एफटीए के बाद भारत को ब्रिटेन में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी, अमेरिका के बाद भारत को ब्रिटेन का समृद्ध बाजार भी मिलेगा। यूरोपीय संघ छोड़ने (ब्रेक्जिट) और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद ब्रिटेन के चीनी आयात पर निर्भरता से दूर होने के मद्देनजर यह एफटीए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देश के निर्यातकों को लाभ होगा और आम नागरिक को सस्ते उत्पाद मिल सकेंगे। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। ब्रिटेन से भारत में आयात होने वाले करीब 90 फीसदी उत्पाद या तो शुल्क मुक्त होंगे या उस पर कम शुल्क लगेंगे। यह एफटीए ऐतिहासिक होने के साथ-साथ दोनों देशों के लिए 'विन विन' है। हालांकि भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाजार में चीनी निर्यातकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़कर वैश्विक व्यापार में ऐसा संशय का माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें दूसरे मुल्क आपसी ट्रेड बढ़ाने पर जोर देने लगे हैं। सितंबर में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच भी एफटीए पूर्ण होगा। भारत व ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए से इंडो-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में भी मदद मिलेगी। अब भारत अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार्ता में भी दबाव में नहीं होगा। खास बात है कि चीन 25 जुलाई को ईयू के साथ एफटीए को पूर्ण करेगा। इससे भी भारत को यह देखने का अवसर मिलेगा कि ईयू और चीन के साथ शुल्क को लेकर किस तरह की डील हुई है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड वार्ता अगस्त तक पूर्ण हो सकती है, हालांकि टैरिफ दर को लेकर अभी दोनों देशों के बीच कई स्तर पर मतभेद हैं। अभी ब्रिटेन भारत से 11 अरब पाउंड का आयात करता है। इस एफटीए से दोनों मुल्कों के बीच आपसी व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है, अभी यह 56 अरब डॉलर है। इस एफटीए में भारत-यूके के बीच व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस समझौते से भारत में आगरा-कानपुर के चमड़ा उद्योग, सूरत-लुधियाना-वाराणसी के टेक्सटाइल उद्योग और सूरत-मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग को सस्ता बाजार मिलेगा। भारत और ब्रिटेन के रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ेगी। यह एफटीए विश्व की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच समझौता है।



## इंडो-यूके एफटीए
शंभू भद्रा

# ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और आयाम

> ब्रिटेन-भारत व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच कारोबार में कम से कम 34 अरब डॉलर का इजाफा होने का अनुमान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश पीएम किएर स्टॉर्मर ने इस समझौते को ऐतिहासिक और दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड बढ़ाने का अवसर कहा है। इस एफटीए से भारत के वस्त्र, कृषि, ज्वेलरी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक, फार्मा क्षेत्र को व्यापक बाजार मिलेंगे। अमेरिका से जारी ट्रेड वार्ता के बीच यह एफटीए का पूर्ण होना काफी महत्वपूर्ण है। इस एफटीए से ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और नया आयाम जुड़ गया है। भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, यूएस व फ्रांस के साथ प्रतिस्पर्धा में मदद मिलेगी।

भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। इसे आधिकारिक तौर पर सीईटीए (व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता) के नाम से जाना जाएगा। ब्रिटेन-भारत व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच कारोबार में कम से कम 34 अरब डॉलर का इजाफा होने का अनुमान है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटिश पीएम किएर स्टॉर्मर ने इस समझौते को ऐतिहासिक और दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच ट्रेड बढ़ाने का अवसर कहा है। इस एफटीए से भारत के वस्त्र, कृषि, ज्वेलरी, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक, फार्मा क्षेत्र को व्यापक बाजार मिलेंगे। अमेरिका से जारी ट्रेड वार्ता के पहले ही भारत व यूके के बीच एफटीए का पूर्ण होना काफी महत्वपूर्ण है। इस एफटीए से ग्लोबल ट्रेड में भारत का एक और नया आयाम जुड़ गया है। शुल्क मुक्त पहुंच से भारत को ब्रिटेन के प्रमुख आयात स्रोतों जैसे जर्मनी, चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, बेल्जियम और फ्रांस के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी।

वस्त्र व परिधान क्षेत्र के लिए शून्य शुल्क के साथ बाजार पहुंच 1,143 टैरिफ लाइनों (या उत्पाद श्रेणियों) के लिए है, जो 11.7 प्रतिशत का योगदान देता है। भारत को बांग्लादेश, पाकिस्तान और कंबोडिया की तुलना में शुल्क संबंधी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इन देशों को ब्रिटेन के बाज़ार में शुल्क मुक्त पहुंच प्राप्त थी। मुक्त व्यापार समझौते के तहत भारत से कपड़ा आयात पर शुल्क समाप्त कर दिया गया है, जिससे भारत की प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता बढ़ गई है। वस्त्र व परिधान के क्षेत्र में, ब्रिटेन का कुल आयात (26.95 अरब अमेरिकी डॉलर) भारत का वैश्विक निर्यात (36.71 अरब अमेरिकी डॉलर) से कम है, फिर भी भारत ब्रिटेन को केवल 1.79 बिलियन अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति करता है। तेजी से विकास की ओर अग्रसर क्षेत्रों में आरएमजी (रेडीमेड गारमेंट्स), घरेलू वस्त्र, कालीन और हस्तशिल्प शामिल हैं, जहां शुल्कों को हटाने से तत्काल और पर्याप्त प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। भारत को 1 से 2 वर्षों के भीतर ब्रिटेन में कम से कम 5 प्रतिशत अतिरिक्त बाजार हिस्सेदारी हासिल होने की उम्मीद है।

ब्रिटेन भारत का छठा सबसे बड़ा इंजीनियरिंग निर्यात बाजार है। 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। एफटीए के तहत टैरिफ उन्मूलन (18 प्रतिशत तक) के साथ, ब्रिटेन को इंजीनियरिंग निर्यात अगले पांच वर्षों में लगभग दोगुना हो सकता है, जो 2029-30 तक 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकता है। शून्य-शुल्क पहुंच से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है, साथ ही स्मार्टफोन, ऑप्टिकल फाइबर केबल और इनवर्टर के कारण ब्रिटेन के बाजार में भारत की स्थिति मजबूत होगी। सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के लिए ब्रिटेन की महत्वाकांक्षी प्रतिबद्धताएं, नए बाजारों को खोलने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और भारतीय सॉफ्टवेयर फर्मों के लिए निर्यात क्षमता को बढ़ाने के लिए; 2024-25 में वर्तमान 32 अरब अमेरिकी डॉलर से 15-20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का अनुमान है।

भारत वैश्विक स्तर पर 23.31 अरब अमेरिकी डॉलर का फार्मा निर्यात करता है और ब्रिटेन लगभग 30 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारतीय



फार्मा का योगदान 1 अरब अमेरिकी डॉलर से कम है। एफटीए के तहत शून्य टैरिफ प्रावधानों से ब्रिटेन के बाजार में भारतीय जेनेरिक दवाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। एफटीए से ब्रिटेन को भारत के रासायनिक निर्यात में 30-40 प्रतिशत की नाटकीय वृद्धि होने का अनुमान है। फुटबॉल गेंदों, क्रिकेट गियर, रग्बी गेंदों और गैर-इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों का निर्यात बढ़ने की संभावना है। भारतीय खेल वस्तुओं और खिलौनों को ब्रिटेन के आयात शुल्क समाप्त होने से लाभ होगा, जिससे वे चीन या वियतनाम जैसे देशों की तुलना में अधिक मूल्य-प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे, जिनके ब्रिटेन के साथ ऐसे एफटीए नहीं हैं। भारत का ब्रिटेन को कुल आभूषण और ज्वेलरी निर्यात में लाभ मिलेगा। एफटीए के तहत टैरिफ में छूट से अगले 2-3 वर्षों में ब्रिटेन को भारत के रत्न व आभूषण निर्यात में दोगुना वृद्धि होने का अनुमान है। भारत के चमड़े और जूतों पर 16 प्रतिशत से शून्य टैरिफ समाप्त कर दिया गया, है जिससे भारत की शिल्पकला को विश्वभर में अपना परचम लहराने का अवसर मिलेगा।

इस समझौते के बाद भारत को ब्रिटेन में कई कृषि उत्पादों जैसे फल, सब्जियां, अनाज, हल्दी, काली मिर्च, इलायची, तथा प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे रेडी-टू-ईट खाद्य, आम का पल्प (मैंगो पल्प), अचार और दालों तक शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। 95 प्रतिशत से अधिक कृषि व प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा। शुल्क मुक्त पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2030 तक भारत के 100 अरब अमेरिकी डॉलर के कृषि निर्यात के लक्ष्य में योगदान देगा। व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) से संबंधित प्रावधान प्रमाणीकरण को सुव्यवस्थित करेंगे, जिससे निर्यातकों के लिए समय और लागत में कटौती होगी। एफटीए उभरते उत्पादों, जैसे कटहल, बाजरा और जैविक जड़ी-बूटियों के लिए नए बाजार तक पहुंच बनाता है, जिससे किसानों को घरेलू मूल्य अस्थिरता के खिलाफ विविधता लाने में मदद मिलती है। भारत का मत्स्य पालन क्षेत्र, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु में, ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से विस्तार देखेगा। भारत संवेदनशील क्षेत्रों-डेयरी उत्पाद, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई टैरिफ रियायत नहीं दे रहा है। भारत वैश्विक स्तर पर 36.63 अरब डॉलर का कृषि उत्पाद निर्यात करता है, जबकि ब्रिटेन 37.52 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, लेकिन भारत से केवल 811 मिलियन अमेरिकी डॉलर का आयात करता है, जो इस एफटीए से उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों में वृद्धि की संभावना दिखाता है। इस समझौते से महाराष्ट्र (अंगूर, प्याज), गुजरात (मूंगफली, कपास), पंजाब और हरियाणा (बासमती चावल), केरल (मसाले) और पूर्वोत्तर राज्यों (बागवानी) को लाभ होगा। सीईटीए भारत के समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन के टैरिफ को समाप्त करता है।

इससे भारतीय निर्यातकों के लिए मूल्य प्राप्ति में सुधार होगा, तथा उच्च खरीद दरों के माध्यम से तटीय मछुआरों को लाभ मिलेगा। ब्रिटेन के 5.4 अरब अमेरिकी डॉलर के समुद्री आयात बाजार के बावजूद, भारत की हिस्सेदारी मात्र 2.25 प्रतिशत ही बनी हुई है, जो एक महत्वपूर्ण अप्रयुक्त निर्यात अवसर को रेखांकित करता है। भारतीय झींगा पर ब्रिटेन के मौजूदा टैरिफ 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच होने के कारण, एफटीए के टैरिफ उन्मूलन से विशेष रूप से झींगा, टूना, मछली आहार और आहार में तीव्र वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है, जिससे विस्तार की काफी गुंजाइश है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मानसून सत्र
डॉ. आशीष वशिष्ठ



# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदुभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर पर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है।

विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट की आड़ में संसद का समय बर्बाद कर रहा है। धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते देश के मान-सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का उपयोग देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे



संकलित
## दर्शन

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अधिकाधिक चिंता और अधिकाधिक प्रतियोगिता। धन प्राप्त करना बहुत कठिन कार्य है उसे बचाए रखना और भी कठिन काम है। तुम थोड़ा सा धन जोडऩे के लिए सारे संसार से झगड़ते हो (और) समस्त जीवन उसकी रक्षा के लिए लड़ते हो। (इसलिए) दरिद्र की अपेक्षा धनवान की चिंता अधिक है। संसार की गति ही ऐसी है। वस्तुएं जैसी हैं, उनकी विवेचना करने के लिए हमें दर्शन शास्त्र की ओर लौटना पड़ेगा, हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे हैं। इसमें ईश्वर का दोष नहीं है, जो हम करते हैं, उसमें हमारा अपना दोष होता है, और कुछ नहीं। ईश्वर को दोष क्यों दिया जाए? अशुभ का अस्तित्व क्यों है? (इस प्रश्न को) हल करने का एकमात्र मार्ग (यह कहना है कि) ईश्वर शुभ और अशुभ, दोनों का कारण है। सगुण ईश्वर के सिद्धांत में बड़ी कठिनाई यह है कि यदि तुम यह कहते हो कि वह केवल शुभ है, अशुभ नहीं, तो अपने तर्क के फंदे में स्वयं फंस जाते हो। तुम कैसे जानते हो कि ईश्वर? तुम कहते हो कि (वह) इस विश्व का पिता है और तुम कहते हो कि मंगलमय है और चूंकि संसार में अशुभ (भी) है, इसलिए ईश्वर को अशुभ होना चाहिए, वही कठिनाई! यहां न कोई शुभ है और न कोई अशुभ है। जो कुछ है, सब ईश्वर है। शुभ क्या है, यह तुम कैसे जानते हो? तुम (उसे) अनुभव करते हो। जो) अशुभ है, तुम उसे कैसे जानते हो? (यदि) अशुभ आता है, तो उसे अनुभव करते हो। हम शुभ और अशुभ को अपने भावों से जानते हैं।

# अपने मन को सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

मन को कितना ही शुद्ध किया जाए ये मन ही रहेगा। जैसे जहर को शुद्ध नहीं करना होगा, क्योंकि जहर जितना शुद्ध हो जाएगा ये जहर ही रहेगा और ये जहर और खतरनाक हो जाएगा चूंकि मन का स्वभाव असाध्य है, ये किसी भी तरह से पवित्र नहीं हो सकता। मन इतना कुशल है, इतना चालाक है और इसका गणित इतना जटिल है कि मनुष्य एक से हटे कि मन तत्क्षण मनुष्य के लिए दूसरा जाल बिछा देता है। एह मन कदे नहीं निर्मल होणा बाझ गुरु दे कहे अवतार। इसलिए अपने मन को सदैव सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए। सद्गुरु की कृपा से ही मन का अज्ञान दूर होता है। अतः जो लोग अज्ञानता का शिकार है, वही मन के उत्पातों से डरते हैं, मन को मार देने की बातें करते हैं। सत्य के ज्ञाता मन को मारने की नहीं, बल्कि मन को मोडऩे की बात करते हैं। इनका मत है कि दिशा बदलने से दशा अपने अपने आप ही बदल जाती है। चेतना पर बंधी इस ग्रंथि 'मन' को हम अकसर सुलझाना चाहते हैं, यानी 'मन' से 'मन' को सुलझाने की कोशिश करते हैं और यहां भूल हो जाती है, क्योंकि मन स्वयं एक उलझाव है। मन से कोई सुलझाव हल नहीं हो सकता, जैसे कोई अपने ही हाथ से उसी हाथ को पकडऩे की कोशिश करता है या जैसे कोई चश्मा लगाकर उसी चश्मे को खोजता फिरे कि कहां है चश्मा? अतः महात्मा फरमाते हैं कि साक्षी को बिना जगाए ये मन रूपी ग्रंथि कभी नहीं सुलझ सकती। मानो हमें द्रष्टा को इस ग्रंथि के भीतर लाना होगा, ताकि ये ग्रंथि आसानी से टूट सके और ये कला पूर्ण सद्गुरु ही हरिनाम रूपी दात देकर प्रदान कर सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *-विनय कुमार साहू*

## ट्रेंड

### आर्थिक साझेदारी




भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी में आज एक नया अध्याय शुरू हो रहा है! व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर व्यापार को बढ़ाने, समावेशी विकास को गति देने और उद्यमों के लिए अवसर पैदा करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सहकारिता नीति




भारत के सहकारिता क्षेत्र के लिए आज ऐतिहासिक दिन है, जब मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' मिलेगी। यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवा शक्ति से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करेगी।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मदनदास देवी को नमन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह श्रद्धेय मदनदास देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। मदनदास ने युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### भाजपा जाए तो शिक्षा आए



भाजपा की नीतियों में शिक्षा शराब से पिछड़ जाती है क्योंकि शिक्षा जगाती है, चेतना बढ़ाती है जबकि शराब सुलाती है, चेतना हर जाती है। रूढ़िवादी भाजपा को जाग्रत समाज नहीं चाहिए। भाजपा जाए तो शिक्षा आए!
-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


# अमेरिका के साथ ये कैसी डील पीएम इस्तीफे को मजबूर



अमेरिका के साथ हुए एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने जापान की सियासत में भूचाल ला दिया है। इस समझौते के तुरंत बाद जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे की खबरें सुर्खियों में हैं। इशिबा ने अपने करीबी सहयोगियों को यह संकेत दिया है कि वह जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पीएम इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ हुए टैरिफ समझौते का गहन अध्ययन करने के बाद इस्तीफा देने के संबंध में फैसला लेंगे। पिछले सप्ताह के अंत में हुए चुनाव में इशिबा की सत्तारूढ़ पार्टी को ऐतिहासिक हार मिलने के बाद उन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। उनके दल 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' और सहयोगी दल 'कोमिटो' ने रविवार को 248 सदस्यीय उच्च सदन में बहुमत खो दिया है। इशिबा ने घोषणा की थी कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता समेत विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पद पर बने रहेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते के बाद उनके संभावित इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया है। जापानी मीडिया ने कहा है कि वह अगस्त में पद छोड़ने के बारे में घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने की धमकियों के चलते जापान को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा।

## ऑफ बीट

# बाबा शिब्बोथान जिनके पानी से उतर जाता है सांप का जहर



कांगड़ा जिला के भरमाड़ में स्थित सिद्धपीठ शिब्बोथान को सिद्ध संप्रदाय गद्दी, सिद्ध बाबा शिब्बोथान और सर्वव्याधि विनाशक के रूप में भी जाना जाता है। कहा जाता है कि लगभग 600 वर्ष पूर्व भरमाड़ के निकट सिद्धपुरघाड़ के आलमदेव के घर में शिब्बू नामक बालक ने जन्म लिया। बाबा शिब्बो जन्म से पूर्ण रूप से दिव्यांग थे। उन्होंने जाहरवीर गुग्गा जी की दो वर्षों तक घने जंगलों में तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जाहरवीर ने बाबा शिब्बो को तीन वरदान दिए। प्रथम में उन्होंने कहा कि यह स्थान आज से शिब्बोथान नाम से प्रसिद्ध होगा। दूसरे में कहा कि तुम नागों के सिद्ध कहलाओगे और इस स्थान से सर्पदंशित व्यक्ति पूर्ण रूप से ठीक होकर जाएगा। तुम्हारे कुल का कोई भी बच्चा अगर यहां पानी की तीन चूलियां जहर से पीड़ित व्यक्ति को पिला देगा, तो पीड़ित व्यक्ति जहर से मुक्ति पाएगा और स्वस्थ हो जाएगा। तीसरे और अंतिम वर में उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर बैठकर तुमने तपस्या की है, उस स्थान की मिट्टी जहरयुक्त स्थान पर लगाने से विदेश में बैठा व्यक्ति भी जहर से मुक्ति पाएगा। बाबा शिब्बोथान के गर्भगृह में मछिंद्रनाथ, गोरखनाथ, क्यालू बाबा, अजियापाल, गुग्गा जाहरवीर मंडलिक, माता बाछला, नाहर सिंह, बहन गोगड़ी, बाबा शिब्बोथान, बाबा भागसूनाग, 10 पिंडियां और बाबा जी के 12वीं शताब्दी के लोहे के 31 संगल मौजूद हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### मैहर में चोरी की कोशिश, देसी कट्टे के साथ बदमाश गिरफ्तार

मैहर। जिले के बदेरा थाना क्षेत्र में एक शख्स को देसी कट्टे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पवन साकेत 28 ग्राम भदनपुर में एक घर में चोरी के इरादे से घुसा था। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बदेरा थाना प्रभारी अभिषेक सिंह परिहार और उनकी टीम ने आरोपी को पकड़ा। डायल 100 पर सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कट्टा लेकर चोरी के लिए घर में घुसा है। मौके पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ा हुआ था। तलाशी में उसके पास से एक देसी कट्टा और 12 बोर के दो जिंदा कारतूस मिले,जिनकी कीमत करीब 10,500 रुपये है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके शोर मचाने पर पड़ोस के लोग आ गए और आरोपी को पकड़ लिया।आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(6),305(ए),62 और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में मैहर उपजेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार,उप-निरीक्षक आर. एन. रावत, सहायक उप-निरीक्षक अरविंद सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नाबालिग को राजकोट से सकुशल बचाया, मैहर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

मैहर। पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए,अमदरा थाना क्षेत्र से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को गुजरात के राजकोट से सकुशल बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। मामले की शुरुआत 18 जुलाई 2024 को हुई,जब अमदरा थाने में एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत अपहरण का मामला (अप.क्र. 175/25,धारा 137(2) दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### वर्षा ऋतु में दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर रोकथाम एवं बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार जलमग्न पुल-पुलियों या रपटों पर किसी भी स्थिति में वाहन न चलाये जाए, वाहनों की तकनीकी फिटनेस की पूर्व जांच कर उन्हें ही संचालन मे लाएं, वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णतः वर्जित रहेगी। गीली सड़कों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखें और अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने से बचें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें ताकि अचानक ब्रेक लगाने की आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त समय मिल सके। बारिश में विंडशील्ड वाइपर का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि आपकी हेडलाइट्स और टेललाइट्स ठीक से काम कर रही हैं। टायरों में पर्याप्त हवा भरें और उनकी स्थिति की जांच करें ताकि फिसलन से बचा जा सके। बारिश में गाड़ी चलाते समय अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों के प्रति जरूरी सावधानी बरतें। बारिश में अपने वाहन की हेडलाइट्स को चालू रखें ताकि दृश्यता बनी रहे।

### खेत के पास पानी भरे गड्ढे में डूबा 11 वर्षीय बालक, मौके पर ही मौत

जयसिंहनगर। थाना अंतर्गत चंदेला गांव में गुरुवार को एक हृदयविदारक घटना में 11 वर्षीय बालक की खेत के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। मृत बालक के माता-पिता खेत में रोपा लगाने में व्यस्त थे, तभी यह हादसा घटित हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामकुमार रैदास अपनी पत्नी के साथ खेत में धान रोपाई कर रहा था। उनके साथ उनका बेटा अंकित रैदास उम्र 11 वर्ष भी खेत आया हुआ था, जो पास ही में खेल रहा था। खेलते-खेलते अंकित खेत के समीप एक निर्माणाधीन मकान के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे के पास पहुंच गया, जिसमें करीब 8 फीट तक पानी भरा हुआ था। काफी देर तक जब अंकित नजर नहीं आया तो परिजनों को चिंता हुई। पिता ने आस-पास खोजबीन की, तभी गड्ढे में उसकी चप्पल तैरती दिखी, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। रामकुमार रैदास ने गांव के अन्य लोगों की मदद से गड्ढे में उतर कर बेटे को बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलने पर जयसिंहनगर थाना प्रभारी अजय कुमार बैगा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की।

# फर्जी बैंक खोलकर 60 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जिसने फर्जी बैंक खोलकर कई लोगों के साथ 60 लाख की धोखाधड़ी की थी। आरोपी की पहचान हरिशंकर शुक्ला के रूप में हुई है,जिसे सिटी कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर गिरफ्तार किया है।






सतना।

घटना का खुलासा तब हुआ जब धर्मेंद्र सिंह बघेल ने 27 फरवरी 2020 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि हरिशंकर शुक्ला ने राजेंद्र नगर,सतना में फिनसाल स्टार निधि लिमिटेड नाम की एक कंपनी खोली थी। हरिशंकर शुक्ला लोगों को 7 से 9 प्रतिशत के उच्च ब्याज दर का लालच देकर कंपनी में पैसे जमा करने के लिए प्रेरित करता था। कई लोगों ने इस लालच में आकर अपनी गाढ़ी कमाई जमा कर दी। जब लोगों की जमा अवधि पूरी हो गई और उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे,तो न तो कंपनी के कर्मचारियों ने और न ही डायरेक्टर हरिशंकर शुक्ला ने कोई संतोषजनक जवाब दिया। इसके बाद हरिशंकर शुक्ला ने कंपनी का दफ्तर बंद कर दिया और अपने मूल निवास,छतरपुर के पाटन गांव,चला गया। उसने सभी फोन कॉल का जवाब देना भी बंद कर दिया। इस तरह उसने लगभग 60 लाख की धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर,पुलिस ने हरिशंकर शुक्ला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 418,420,421 और निक्षेपक अधिनियम की धारा 6 के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद,आरोपी की तलाश के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने हरिशंकर शुक्ला को 24 जुलाई 2025 को छतरपुर स्थित उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस हरिशंकर शुक्ला से गहनता से पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी,उप निरीक्षक सुभाष चंद्र वर्मा,प्रधान आरक्षक चितेन्द्र पाण्डेय और आरक्षक वेदनारायण बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खड़े ट्रक से कार भिडी, महिला गंभीर, 4 अन्य को हल्की चोट

मैहर।

शारदा देवी के दर्शन कर जबलपुर लौट रहे एक परिवार की कार शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक खड़े ट्रक से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई,जबकि दो बच्चों सहित चार अन्य को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को तुरंत मैहर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। यह हादसा सुबह करीब 8 बजे मैहर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के खेरवाकला गांव के पास हुआ। जबलपुर के रहने वाले मोहन रावलानी 35,भाविका रावलानी 35,अमित रावलानी 30 और दो बच्चे,कार नंबर एमपी 20 जेड एल 6013 से मैहर में मां शारदा के दर्शन करने आए थे। दर्शन के बाद वे जबलपुर वापस जा रहे थे। मैहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर, अचानक सड़क पर एक मवेशी आ



गया। मवेशी को बचाने की कोशिश में ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद,स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को कार से बाहर निकाला। NHAI टोल को घटना की सूचना दी गई,जिसके बाद टोल एंबुलेंस (1033) तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मैहर सिविल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में जांच के दौरान पता चला कि भाविका रावलानी के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं,जबकि अन्य चारों को मामूली चोटें लगी हैं। प्राथमिक उपचार के बाद,परिजनों की सहमति से सभी घायलों को जबलपुर ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक मालिक की जानकारी जुटा रही है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और मवेशियों को सड़क से दूर रखने के महत्व को रेखांकित करती है।

## बिजली चोरों पर सख्त कार्रवाई 1200 उपभोक्ता जाएंगे कोर्ट



सतना। विद्युत विभाग ने बिजली चोरी और बिल न चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर कड़ा रुख अपना लिया है। विभाग ने शहर के 1200 से अधिक उपभोक्ताओं को अदालत में पेश करने की तैयारी कर ली है। इन सभी पर बिजली चोरी या लंबे समय से बिल जमा न करने का आरोप है। इसके साथ ही, विभाग ने उन उपभोक्ताओं को 'गुलाबी नोटिस' भी जारी किए हैं,जो बार-बार बिल जमा करने में लापरवाही बरतते हैं। यह नोटिस उनके लिए आखिरी चेतावनी है। विभाग ने बकाया बिल और चोरी के मामलों में राशि जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले दो दिनों में 230 उपभोक्ताओं के मीटर निकाले जा चुके हैं। जैसे ही यह कार्रवाई शुरू हुई,ऐसे उपभोक्ता परेशान होकर नोटिस के साथ विभाग के दफ्तरों के चक्कर लगाते दिखे। ये 1208 नोटिस लगभग 4.53 करोड़ रुपये की राशि से संबंधित हैं। सहायक अभियंता और लीगल सेल प्रभारी अवनीश पांडे ने बताया कि विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं को चिह्नित किया है जो आदतन बिजली चोरी करते हैं और बार-बार सूचना के बावजूद भी राशि जमा नहीं करते। उन्होंने कहा कि अब ऐसे लोगों को न्यायालयीन कार्रवाई के जरिए ही रोका जा सकता है। इस कार्रवाई के लिए विभाग की 13 वकीलों की टीम देर रात तक काम करती रही। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और 138 के तहत बिजली चोरी करने पर जेल का प्रावधान है। विभाग की इस सख्ती से यह साफ है कि अब बिजली चोरों को जेल भेजने की तैयारी है। प्रभारी अधिकारी विद्यासागर सिंह ने बताया कि विभाग की मंशा किसी को जेल भेजने की नहीं है,क्योंकि इससे पूरा परिवार मुश्किल में पड़ जाता है,लेकिन विद्युत अधिनियम 2003 बहुत सख्त है और इसमें पकड़े जाने पर जेल का प्रावधान है उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे 21 जुलाई से पहले चोरी की क्षतिपूर्ति राशि जमा कर समझौते का लाभ उठाएं और बड़ी कानूनी कार्रवाई से खुद को और अपने परिवार को बचाएं। यदि इस महीने के अंत तक बिजली चोरी के मामलों में गिरफ्तारियां होती हैं,तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी।

## नव विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत, मायके पक्ष के परिजनों ने पति, ननद और भाभी पर लगाया हत्या का आरोप

रीवा।

जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुआरी में महिला की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने पति सहित ननद और भाभी के ऊपर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है । बताया गया है कि महिला का विवाह तकरीबन 1 वर्ष पूर्व हुआ था पुलिस इस पूरे मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। घटना के संबंध में मृतका प्रिया साकेत के पिता रामगोपाल साकेत निवासी ग्राम दोही ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने एक वर्ष पूर्व अपनी बेटी प्रिया की शादी गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुआरी निवासी अनिल साकेत से की



थी। पिता ने बताया कि पहले तो सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन उसके बाद अनिल ने उनकी बेटी से मारपीट की। जिसकी शिकायत भी गुढ़ थाने में दर्ज कराई थी जहां से समझौते के बाद अनिल प्रिया को ले गया था। मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया कि पति अनिल सहित उसकी भाभी और बहन ने मिलकर उनकी बेटी के साथ जमकर मारपीट की और जब उसकी मृत्यु हो गई तो उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया। पिता ने पुलिस से मांग की है कि अनिल सहित उसकी भाभी और बहन के ऊपर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। गुढ़ पुलिस ने मृतका के शव को पीएम करवाया है, बताया कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारण सामने आएगे, मायके पक्ष के लोगों के आरोपों के आधार पर पुलिस ने बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## युवती को शादी के लिए दबाव डालने और चाकू से धमकाने वाला युवक डूंडासिवनी पुलिस की गिरफ्त में

सिवनी जिले के डूंडासिवनी थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवती को शादी का दबाव डालकर धमकाने और चाकू दिखाकर डराने वाले युवक को पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इस कार्रवाई में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और सतर्कता की सराहना की जा रही है। डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के जनता नगर निवासी एक महिला ने अपनी 21 वर्षीय बेटी के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि उसकी बेटी की पहचान एक युवक से थी, जो पिछले कुछ समय से शादी का दबाव बनाकर मानसिक रूप से परेशान कर रहा था। पीड़िता की मां ने बताया कि 22 जुलाई 2025 को युवक एक बार फिर उनके घर आया और युवती से शादी करने की जिद करने लगा। जब युवती ने इंकार किया, तो युवक ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, आरोपी ने फोन में मौजूद युवती के निजी फोटो वायरल करने की धमकी भी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए डूंडासिवनी थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी ने तत्परता दिखाई और उच्च अधिकारियों - पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और सीएसपी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई।

## बंदरों के कलेजा निकालने प्रयासरत शिकारियों की जमानत खारिज,

डिंडौरी ।

वन्यजीव संरक्षण को लेकर डिंडौरी में न्यायालय ने कठोर रुख अपनाते हुए दो आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। आरोपियों पर बंदरों को बेहोश कर मारने की साजिश का गंभीर आरोप है। मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि 22 जुलाई को समनापुर-डिंडौरी मुख्य मार्ग पर दो युवक – महासिंह गोंड (20 वर्ष) एवं प्रताप सिंह धुर्वे, निवासी ग्राम पिपरिया (जिला मंडला), बंदरों को नमकीन और बिस्किट खिलाकर बेहोश कर रहे थे। राहगीरों की सतर्कता से एक बंदर को बचाया जा सका।

सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बंदरों का कलेजा निकालने के लिए आए थे, जिसे कथित तौर पर 'औषधीय' उपयोग में लाया जाता है। तलाशी में उनके पास से एक धारदार बका, दो तांत वाली बोरी और एक थैला बरामद हुआ। प्रकृति और जीवों के प्रति संवेदनहीन इस कृत्य को लेकर आरोपियों पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09 और 51 के तहत मामला दर्ज किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी लक्ष्मीनारायण साहू ने जमानत का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि यह केवल वन्यप्राणी ही नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता पर हमला है। न्यायालय ने तर्कों से सहमत होते हुए आरोपियों की जमानत अर्जी सिरे से खारिज कर दी। यह फैसला वन्यजीवों के प्रति क्रूरता के खिलाफ एक उदाहरण बनकर सामने आया है, जिससे अवैध शिकारियों और अंधविश्वास के भरोसे अपराध करने वालों को साफ चेतावनी मिलती है।

## विवाहिता के जहर खाकर आत्महत्या मामले में पति एवं ननदोई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान जी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा के मार्दर्शन में कोतवाली अनूपपुर द्वारा श्रीमती प्रियंका गुप्ता निवासी वार्ड न. 11 अनूपपुर के द्वारा जहर का सेवन करने के बाद ईलाज के दौरान बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज, शहडोल में मृत्यु हो जाने के मामले में जांच पर विवाहित महिला के पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता एवं ननदोई जयप्रकाश गुप्ता के विरूद्ध महिला के साथ मारपीट, प्रताड़ना एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित किये जाने का अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि 20.07.2025 को श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति राजा उर्फ नर्मदा प्रसाद गुप्ता उम्र करीब 33 साल निवासी वार्ड न. 11. बस्ती रोड, अनूपपुर को घर में सल्फास की गोली खाने से ईलाज हेतु बिरसा मुण्डा मेडिकल कालेज शहडोल ले जाया गया था. जहां उक्त महिला की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण की मर्ग डायरी थाना सोहागपुर, जिला शहडोल से थाना कोतवाली अनूपपुर को. जांच हेतु प्राप्त हुई। उक्त महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में जांच एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित केरकेट्टा को सौंपी गई जिनके द्वारा जांच पर पाया गया कि मृतिका श्रीमती प्रियंका गुप्ता की पी. एम. रिपोर्ट में डाक्टर जगदीश कनाश मेडिकल कालेज, शहडोल के द्वारा मारपीट से दाहिने हाथ में चोटे आना लेख किया गया है। मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के पिता कैलाश प्रसाद गुप्ता, भाई श्रवण कुमार गुप्ता तथा चाचा राजाराम गुप्ता सभी निवासी ग्राम बसही, राजेन्द्रग्राम के द्वारा पुलिस जांच में बताया गया कि मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता का विवाह वर्ष 2014 में नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता के साथ हुआ था। नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता शादी के कुछ समय बाद से ही मृतिका प्रियंका गुप्ता को मायके आने-जाने की बात को लेकर परेशान करने करने लगा था। मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के ससुर बंसतलाल गुप्ता ने अपनी अनूपपुर स्थित भूमि को बहु प्रियंका गुप्ता के नाम पर रजिस्ट्री करवा दिया था। उक्त भूमि को बेचकर पैसा प्राप्त करने के उद्देश्य से मृतिका श्रीमति प्रियंका गुप्ता के पति नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता व उसके जीजा जयप्रकाश गुप्ता के द्वारा उसे परेशान किया जाने लगा और उक्त दोनो व्यक्तियों के द्वारा मृतिका के ऊपर भूमि को बेचने हेतु दबाव बनाया जाने लगा। साथ ही नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता का किसी अन्य लड़की से प्रेम संबंध था। जिस कारण 19.07.2025 को पत्नी प्रियंका गुप्ता द्वारा समझाये जाने पर नर्मदा उर्फ राजा गुप्ता के द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शिकायत मिलने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार की सामने आई थी। पीड़िता ने परिजनों के साथ सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई थी कि 21 जुलाई को दोपहर करीब 03.30 बजे वह घर में अकेली थी तभी उसके भाई का दोस्त आरोपी मुस्ताक खान निवासी रौसर उसके घर पहुंचा और अकेले पन का फायदा उठाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 64,333 बी.एन.एस. 3/4 पास्को एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की जिसके बाद उसके लोकेशन रेलवे स्टेशन की तरफ मिली। बताया गया कि आरोपी फरार होने की तैयारी में था। पुसिल ने साइबर टीम की मदद से अरोपी को उद्योग विहार तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## दिनदहाड़े किसान के सूने आवास चोरों ने बोला धावा, नकदी और जेवरात समेत लाखों लेकर हुए रफूचक्कर, सेमरिया थाना क्षेत्र के बीरखाग कुर्मियान टोला की घटना

रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र के शाहपुर चौकी अंतर्गत बीरखाम कुर्मियान टोला गांव में बुधवार को अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक किसान के सूने घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के समय गृहस्वामी और उनकी पत्नी खेत में काम कर रहे थे। लौटने पर जब उन्होंने घर के दरवाजे टूटे देखे तो उनके होश उड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीरखाम कुर्मियान टोला निवासी किसान अनिल कुमार सिंह बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे अपनी पत्नी के साथ खेत पर काम के लिए निकले थे। घर में ताला बंद था। खेत में ट्रैक्टर से जुताई का काम चल रहा था। बताया जा रहा है कि करीब 11 बजे ट्रैक्टर का डीजल खत्म हो गया, जिस कारण दोनों पति-पत्नी वापस घर लौटे। जैसे ही वे घर पहुंचे, उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाने पर यह साफ हो गया कि अज्ञात बदमाशों ने वारदात को बड़ी तैयारी के साथ अंजाम दिया है। घर के भीतर तीन कमरों में रखी लोहे की पेटियों के ताले तोड़ दिए गए थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने एक बैग में रखे करीब 3 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषण पार कर दिए।



पीड़ित परिवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक चोरी गए गहनों में तीन सोने की मंगलसूत्र, दो बेदी, तीन अंगूठियां, छह जोड़ी चांदी की पायल और तीन सोने के लॉकेट शामिल हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत 6 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच के साथ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



# वॉर 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले दीवाने हुए एनटीआर के फैंस

**मुंबई।** मेकर्स 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में ट्रेलर को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिल्म के ट्रेलर से पहले अब जूनियर एनटीआर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने एनटीआर के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सेलिब्रेशन भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीर काफी वायरल हो रही है। जिसे एनटीआर के फैंस काफी शेयर कर रहे हैं। इसमें जूनियर एनटीआर का नाम आसमान में लिखा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है आसमान में 'एनटीआर वॉर 2' लिखा हुआ है।

## लाइफ Style



# रश्मिका

## रणबीर के साथ सेल्फी के पीछे की बताई कहानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका ने बताया कि फिल्म एनिमल' के आखिरी दिन उन्होंने रणबीर कपूर से कहा, हमें एक तस्वीर लेनी चाहिए, क्योंकि वह आमतौर पर सेट पर फोटो नहीं खींचतीं। उन्होंने आगे कहा, रणबीर बहुत दयालु और सहयोगी हैं। वह मेरे लिए एक अच्छे दोस्त हैं। उस सेल्फी में रश्मिका ने नीला कुर्ता पहना था, जबकि रणबीर लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। यह फिल्म पहले भाग से कहीं और ज्यादा दमदार होगी। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मिका मंदाना फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के अलावा रश्मिका फिल्म थामा में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। वहीं, रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म के अलावा रणबीर फिल्म रामायण में नजर आएंगे।

रश्मिका मंदाना ने 2022 में बॉलीवुड में फिल्म गुडबाय से डेब्यू किया। 2023 में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आईं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली, लेकिन रश्मिका और रणबीर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

## हॉलीवुड मसाला



# गानों में हैं उतार-चढ़ाव का दर्द

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर जेनिफर लोपेज चर्चा में हैं। उन्होंने इटली में 'लुक्का समर फेस्टिवल' में शिरकत की। इस दौरान ना सिर्फ अपने गाने से दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि हजारों फैंस के भीड़ के सामने खुलकर अपने 'बेडरूम सीक्रेट्स' शेयर किए। उनकी बातें सुनकर किसी ने तालियां बजाई तो कोई हैरान रह गया। कुछ लोग इसे उनके एक्स हसबैंड बेन एफ्लेक से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेनिफर ने एक नए एल्बम के लिए कई गाने हैं। इनमें से ज्यादातर गाने बेन एफ्लेक के साथ उनके उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते से लिए गए हैं।



# अफेयर कांड को भुला नहीं पाए हैं क्रिस मार्टिन

**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से।



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी बयान

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की फिल्म बयान अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियों में छा गई है। अब हुमा की फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। बयान को डिस्कवरी सेक्शन में चुना गया है। इस कैटेगरी में चुनी गई हुमा की बयान इकलौती भारतीय फिल्म है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बयान का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर के महीने में होगा। हुमा कुरैशी स्टारर बयान एक पुलिस थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन विकास रंजन मिश्रा ने किया है, जो इससे पहले चौरंगा लिए जाने जाते हैं। हुमा इस फिल्म में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं। हुमा कके अलावा फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष, अविजीत दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पेरी छाबड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# रामायण में असमिया अभिनेत्री की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी निर्देशित और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। यह फिल्म दो भागों में बन रही है। इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म में एक असमिया एक्ट्रेस भी अहम किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म रामायण में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म रामायण में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# नए सीजन में नजर नहीं आएंगे 'क्योंकि सास भी...' के ये एक्टर्स

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, लगभग 8 साल तक यह सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। इस सीरियल से एक्ट्रेस स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। कई और एक्टर्स भी इस सीरियल से स्टार बने। 29 जुलाई को यह सीरियल अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। इस बार भी स्मृति ईरानी तुलसी का आइकॉनिक रोल करेंगी मगर कुछ जाने-माने एक्टर्स इस सीरियल में नजर नहीं आएंगे। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नजर नहीं आएंगी। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। बा सीरियल में विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी के किरदार का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। असल में भी सुधा शिवपुरी का निधन साल 2015 में हुआ। सीरियल में तुलसी विरानी की सास सविता का रोल अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि पुराने वर्जन में उनकी भी मौत को दिखाया गया। तुलसी विरानी के बड़े बेटे गौतम का रोल सुमित सचदेव ने किया था। यह किरदार 25 साल पहले लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया था। अचानक सीरियल में यह किरदार कम नजर आने लगा।

## बिग बॉस में इस बार घर वाले ही लेंगे फैसले

**नई दिल्ली।** फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन जल्द शुरू होगा। सलमान खान फिर से होस्टिंग करेंगे। उम्मीद है कि शो का प्रीमियर अगले महीने होगा। इस बार कंटेस्टेंट चुनने में दर्शकों की भूमिका होगी।



'बिग बॉस 19' का घर 20 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शो को एक बार फिर सलमान खान होस्ट करेंगे। अब तक सीजन 19 के कंटेस्टेंट बनने के लिए 45 हस्तियों से संपर्क किया गया है। जैसा कि पहले भी बताया था, 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा और यह शो पांच महीने तक चलेगा। सलमान खान 27 और 28 अगस्त को शो के प्रीमियर के लिए शूटिंग करेंगे और 29 अगस्त को कंटेस्टेंट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसके बाद वे घर में एंट्री करेंगे। बिग बॉस 19 की थीम रिवाइंड है, जहां घरवाले बेघर होने में अहम भूमिका निभाएंगे और दर्शक चुनेंगे कि किसे नॉमिनेट करना है। सूत्र के मुताबिक, घर के कामकाज में कंटेस्टेंट्स को पूरी आजादी होगी, राशन तय करने से लेकर कौन से काम करने हैं और कौन से नहीं, सभी फैसले घर वाले ही लेंगे और फिर बिग बॉस को बताया जाएगा।

# आमिर मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में फहराएंगे तिरंगा ...

**मुंबई।** अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

***बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी*** : आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।



### पूरे महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

# सैयारा के क्लाईमैक्स को देख क्यों मर-मिट रहे दर्शक

**नई दिल्ली।** सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म को देख थिएटर में नौजवान आंसू बहा रहे हैं। कई तो बेहोश भी हो गए और कइयों ने मजनू वाली हरकते कीं। सैयारा के साथ-साथ नौजवान ऑडियंस भी प्यार में पागल होती दिख रही है। फिल्म के इमोशनल प्लॉट ने दर्शकों को अंदर से तोड़ दिया है, जिसका नजारा थिएटर में देखने को मिल रहा है। क्या सैयारा का क्लाईमैक्स बहुत ही ज्यादा इमोशनल करने वाला है? क्या फिल्म का अंत देख नौजवानों के दिलों को चोट पहुंच रही है? आखिर सैयारा के क्लाईमैक्स में ऐसा क्या है, जो दर्शकों को पागल कर रुला रहा है। यहां हम आपको यहां सैयारा के क्लाईमैक्स के उन 5 कारणों को बताने जा रहे हैं, जो दर्शकों को रुला रहे हैं।

**इमोशनल स्टोरी** : सैयारा रोमांटिक होने के साथ-साथ भावनात्मक कहानी भी है, जिसमें प्यार, दर्द और दिल टूटने की कहानी दिखाई जा रही है। फिल्म में नए चेहरे हैं, जिनके चेहरे पर प्यार को लेकर तड़प, बिछड़न और फिर दुख-दर्द नजर आता है और क्लाईमैक्स यही इमोशनल प्लॉट दर्शकों की मरने जैसी हालत कर रहा है।

**रिलेशनशिप** : क्लाईमैक्स उन लोगों को सबसे ज्यादा रुलाता है, जिनका प्यार मुकम्मल नहीं हो पाया या फिर कहें कि जिन्हें प्यार नहीं मिला है। रिलेशनशिप में होने के बाद भी जब प्यार कामयाब नहीं हो पाता है और बिछड़ने का डर मन में बैठ जाता है, तो वहां इंसान भावनात्मक रूप से टूट जाता है।

**अहान-अनीत की केमिस्ट्री** : प्यार में पड़े नौजवान कपल अहान और अनीत में खुद को इमेजिन कर रहे हैं और प्यार के बीच आने वाली हर उस मुश्किल और दर्द को अपना समझ रहे हैं, जिन्हें वो करीब से फेस कर चुके हैं। और तो और स्टार की लव केमिस्ट्री भी आंखें नम कर रही है।

**म्यूजिक** : क्लाइमैक्स में संगीत का ऐसा मिश्रण सुनने को मिला है, जो दिल टूटे आशिकों की आंखों में पानी ला देता है और गला रूंध जाता है।



**हैपिंग एंडिंग** : आशिकी 2 में मोहित सूरी ने एक्टर को मारकर बहुत बड़ी गलती की थी। आशिकी 2 का सबसे कमजोर पक्ष यही था, लेकिन उन्होंने यह गलती सैयारा में नहीं दोहराई। कृष और वाणी का मिलन और फिर उनकी शादी ने दर्शकों में पॉजिटिव मैसेज भेजा और फिल्म की हैप्पी एंडिंग ने भी उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया।

## हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं समीर के नाम

# संगीत के लिए किसी के पास दिल नहीं, तो फिर वह पत्थर है

*नई दिल्ली। संगीतकार ऐसी चीज है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है। हर किसी के दिल मे संगीत होता है। अगर किसी के पास संगीत के लिए दिल नहीं है तो फिर वह दिल नहीं पत्थर है। यह कहना है भारत के दिग्गज गीतकार समीर अनजान का। फिल्मी दुनिया में समीर अनजान, एक ऐसा नाम है जो किसी के लिए अनजान नहीं है। हिंदुस्तान में रहने वाले लोग उनके गीतों को सुनकर और गुनगुनाकर मोहब्बत का इजहार करते हैं। एक ऐसा गीतकार, जिसे यह कला विरासत में मिली, लेकिन उन्होंने अपने पिता की खींची गई लकीर से भी लंबी लाइन खींच दी। उनके नाम हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज है। समीर अनजान ने एक बातचीत में बॉलीवुड के नेपोटिज्म, राजनीति और म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने सफर की अनसुनी कहानियां सुनाईं।*

### लोगों को मेरा असली नाम पसंद नहीं आया तो अनजान बन गया

उत्तर प्रदेश के बनारस के शीतला पांडेय कैसे समीर अनजान बने इस पर वह कहते हैं कि मेरी पहली कविता बनारस के एक प्रमुख अखबार जयदेश में प्रकाशित हुई। उस वक्त में इस अखबार को उसके ऑफिस की दीवार पर लगाया जाता था। पहली बार जब कविता लगी तो लोगों ने कहा कि शीतला पांडेय तो किसी क्लर्क या किसी शिक्षक का नाम लगता है। इसके बाद में दो-तीन कविता घर के नाम राजन से लिखीं, उस पर भी कोई रिएक्शन नहीं आया। उस वक्त मैं समीर का एक नॉवेल पढ़ रहा था। मैंने विचार किया और अगली कविता इसी नाम से लिखकर दे दी। इस पर लोगों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला। इसी से मुझे पहचान भी मिली।



पिता नहीं चाहते थे मैं गीतकार बनूं

**आखिर पिता ने ही सिखाई बारीकियां** : अनजान बताते हैं कि जब मैं मुंबई से अपने घर आया तो मां ने मेरी हालत देखकर पिताजी को मुंबई में खत लिखा कि बेटा मुंबई में बहुत संघर्ष कर रहा है। पिताजी को इसकी जानकारी नहीं थी। खोज खबर ली और कुछ रिश्तेदार मुझे उनके पास ले गए। उन्होंने मुझसे कई सवाल पूछे। वह समझ गए थे कि मैं मुंबई छोड़कर जाने वाला नही हूं। इसके बाद मुझे उन्होंने अपने पास रहने के लिए बुला लिया। उन्होंने संगीत लाइन की कई बारीकियों को सिखाया और समझाया। फिर कुछ दिन बाद एक ऐसा मोड़ आया कि पिताजी खुद बोले कि अब तुम तैयार हो जाओ, आकाश तुम्हारा है।

बनारस छोड़कर मुंबई पहुंचने के सवाल पर उन्होंने बताया कि पिताजी लाला जी पांडेय ने 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद सफलता हासिल की थी। उन्होंने मुझे बोला था सबकुछ करना, लेकिन गीतकार बनने की कोशिश मत करना। पढ़ाई के बाद मेरी सरकारी बैंक में जॉब भी लग गई। इस बीच मेरा शौक परवान चढ़ रहा था। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि मैं बैंक में क्या कर रहा हूं? फिर मैंने जॉब छोड़ दी। इसके बाद सीधे मुंबई के लिए निकल गया।

### 5 हजार गीत लिख चुके

1983 से फिल्मों के गीत लिख रहे अनजान बताते हैं कि सबसे ज्यादा गीत लिखने का अवॉर्ड उनके नाम है। करीब 5 हजार गीत लिख चुका हूं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। मोहम्मद रफी साहब को छोड़कर करीब-करीब सभी प्रमुख गायक-गायिकाएं मेरे लिखे गाने गा चुके हैं। मैं आज फिल्मी दुनिया की चौथी पीढ़ी के साथ काम कर रहा हूं। हर पीढ़ी के हिसाब से मैं खुद को बदलते आया हूं। मैंने खुद को हर समय अपडेट किया। साजन, राजा हिंदुस्तानी, कुछ कुछ होता है, जैसी कई अहम फिल्मों के गीत मेरे लिए खास हैं।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के साथ जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने की आस

# जीएसटी काउंसिल की आगामी बैठक पर व्यापारियों और कर सलाहकारों की निगाहें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




जीएसटी काउंसिल की 55 वीं बैठक दिसंबर 2024 में हुई थी उसके बाद लगभग 7 माह का समय निकल चुका है अभी तक कोई बैठक नहीं हुई है। कोई तारीख भी घोषित नहीं की गई है, जबकि जीएसटी काउंसिल की बैठकों पर व्यापारियों एवं कर सलाहकारों की निगाहें लगी हुई है। आगे होने वाली बैठक में जीएसटी के स्लैबों में परिवर्तन होने की सभी को आशा है कि जीवन बीमा एवं स्वास्थ्य बीमा में जीएसटी हटाने की भी संभावना है। साथ ही पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में ले जाने की भी उम्मीद है। टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहाकि कर सलाहकारों को भी पुरानी बकाया, समय बाधित अपीलों एवं पंजीयन को लेकर किसी एमनेस्टी स्कीम के आने की आशा है। देश में जीएसटी कलेक्शन लगातार बढ़ रहा है अब समय है सरकार को टैक्स स्लैब में परिवर्तन के विषय में सोचना चाहिए, ताकि आम जनता को महंगाई से कुछ राहत मिल सके। कर सलाहकारों को जीएसटी कानून में अभी भी बची हुई विसंगतियां को दूर करने को लेकर इस होने वाली बैठक से बहुत उम्मीदें हैं। जीएसटी ट्रिब्यूनल अभी तक नहीं बनने के कारण सुनवाई के इंतजार में काफी प्रकरण लंबित है, इसकी स्थापना भी जल्दी होना चाहिए।

'आयकर विवरणी भरने में क्या करना है' विषय पर कार्यशाला

## आयकर विभाग के फार्मों की अनदेखी नहीं करें नहीं तो नोटिस आने की संभावना



टैक्स लॉ बार एसोसिएशन द्वारा अपने सदस्यों के लिए आयकर विवरणी भरने में विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे वार्षिक सूचना लेखा-जोखा एवं लेनदेन सूचना लेखा-जोखा का उपयोग कैसे करना है एवं उसमें उपलब्ध जानकारी का उपयोग आयकर विवरणी भरने में कैसे करना है इस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसे युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट आकाश सक्सेना ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे इन फार्मों की हमें अनदेखी नहीं करना है, विभाग द्वारा प्रदान किए जा रहे इन फार्मों में अलग-अलग स्रोतों से जानकारी दो बार आ जाती है इसका हमें ध्यान रखना है नहीं तो कर की देनदारी बढ़ जाएगी। उन्होंने बताया की बैंक खातों से निश्चित सीमा से अधिक नगद निकालने या जमा करने पर विभाग से नोटिस आने की संभावना है। किसी भारतीय करदाता को विदेशी कंपनियों से प्राप्त होने वाले डिविडेंड पर आयकर देने की जिम्मेदारी है इसी प्रकार सूचना पत्र में कभी-कभी शेयरों की खरीदी का मूल्य शून्य दर्शा दिया जाता है जिसे जांच कर भरना आवश्यक है अन्यथा पूंजीगत लाभ कर देने की जवाबदारी आ सकती है। विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर जानकारी का मिलान करने के बाद करदाताओं को सूचना पत्र जारी कर रहा है एवं उसके आने के बाद छुपाई गई आय पर कई गुना शास्ती के साथ कर देना पड़ सकता है। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष मृदुल आर्य, वरिष्ठ सदस्य भूपेश खुरपिया, राजेश्वर दयाल, गोविंद वसंता, हर्ष गुप्ता, अनिल जैन आदि उपस्थित थे।

## भारतीय बाजार में नए अवतार में रेनॉल्ट ट्राइबर हुई लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई




फ्रेंच कार निर्माता कंपनी रेनॉल्ट ने भारतीय बाजार में अपनी सबसे सस्ती 7-सीटर कार रेनॉल्ट ट्राइबर के नए फेसलिफ्ट मॉडल को लांच कर दिया है. इस कॉम्पैक्ट एमपीवी को तकरीबन 6 साल के बाद कोई बड़ा अपडेट मिला है। इससे पहले हल्के-फुल्के अपडेट के साथ ही ये कार पेश की जाती रही है। आकर्षक लुक और एडवांस फीचर्स से लैस नई ट्राइबर की कीमत 6.29 लाख रुपए से 8.64 लाख रुपए के बीच तय की गई है। कंपनी ने इस कार को कुल 4 वेरिएंट के साथ बाजार में उतारा है। इसके बेस वेरिएंट ऑथेंटिक की कीमत 6.29 लाख रुपए है। जिसमें कुछ बेसिक फीचर्स दिए गए हैं। वही सेकंड वेरिएंट इवोल्यूशन की कीमत 7.24 लाख रुपए, मिड वेरिएंट टेक्नो में कुछ ज्यादा फीचर्स दिए गए हैं, जिसकी कीमत 7.99 लाख रुपए है। इसके अलावा टॉप वेरिएंट इमोशन की कीमत 8.64 लाख रुपए है।

## होंडा की नई शाइन 100 डीएक्स और सीबी125 हॉर्नेट

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस खास मौके पर कंपनी ने दो नई मोटरसाइकिलें सीबी125 हॉर्नेट और शाइन 100 डीएक्स पेश की। नई सीबी 125 हॉर्नेट और होंडा शाइन 100 डीएक्स की बुकिंग्स 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगी। सुत्सुमु ओतानि, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया ने कहाकि एचएमएसआई की भारत में यात्रा का एक अहम अध्याय है। हम 25 शानदार वर्षों का जश्न मना रहे हैं और मुझे बहुत गर्व है कि हम एक नहीं।

ड्रग डीलर्स एसोसिएशन ने कहा- इनवर्टेड ड्यूटी में उलझ रहा दवा व्यापार

## प्रदेश की ओर से भेजा जाए जीएसटी काउंसिल को जीएसटी घटाने का प्रस्ताव

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

दवा निर्माताओं के संगठन ने मांग उठाई है कि कच्चे माल और दवा के बीच जीएसटी के अलग-अलग रेट का भेद खत्म किया जाना चाहिए। साथ ही दवा बनाने के मटैरियल और तैयार दवा दोनों पर जीएसटी की दर घटाकर पांच प्रतिशत के स्लैब में लाना चाहिए। बेसिक ड्रग डीलर्स एसोसिएशन मप्र ने सरकार को पत्र लिखकर दवाओं के कच्चे माल और तैयार दवाओं दोनों पर जीएसटी की दर पांच प्रतिशत करने की मांग की है। एसोसिएशन ने इस संबंध में पत्र लिखा है और मांग की है कि प्रदेश की ओर से जीएसटी काउंसिल को इस बारे में प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए। संगठन के अनुसार जिस मटैरियल से दवा तैयार होती है, उसकी बिक्री पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है। टैक्स की दर का यह अंतर व्यापार में व्यावहारिक परेशानी पैदा कर रहा है। टैक्स के रूप में दवा कारोबारियों का 6 प्रतिशत जीएसटी विभाग के पास जमा रहता है। जबकि निर्माण लागत बढने से उपभोक्ताओं के लिए दवाएं महंगी हो जाती हैं। एसोसिएशन ने मांग रखी है कि दवाओं और कच्चे माल दोनों पर ही जीएसटी की दर 5 प्रतिशत की जानी चाहिए।

## मंडी बोर्ड में 1 अगस्त से होगी अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति मोबाइल एप से दर्ज

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के प्रबंध संचालक निर्देशानुसार पर मंडी बोर्ड मुख्यालय में आहूत हुई बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निर्णय अनुसार मंडी बोर्ड और मध्यप्रदेश की सभी 259 कृषि उपज मंडियों में सेवारत अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थित 1 अगस्त से मोबाइल एप के मार्फत दर्ज होगी। जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश की समस्त 259 कृषि उपज मंडी समितियों में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति को ट्रैक करने और समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के साथ कार्य की गुणवता में सुधार लाने के उद्देश्य से मंडी बोर्ड ने यह नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी में हैं। यह नई व्यवस्था 1 अगस्त 2025 से लागू होगा। मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक ने सभी संभागीय अधिकारियों और मंडियों के सचिवों को मंडी बोर्ड उपस्थिति एप का यूजर मैनुअल संलग्न कर निर्देशित किया है।

## 227 किमी रेंज के नए ब्रांड के साथ आया इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोहिया समूह के योद्धा ब्रांड ने देश में ही डिजाइन किया हुआ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर -योद्धा ईपॉड बाजार में उतारा है, जो कंपनी के अनुसार एल5 श्रेणी (तिपहिया ईवी श्रेणी) में अगली पीढ़ी का यात्री वाहन है। कंपनी ने बताया कि इसे जिसे पूरी तरह से देश में ही डिजाइन और निर्मित किया गया है तथा इसे सड़कों और मौसम के हिसाब से तैयार किया गया है।

### एक बार चार्ज करने पर चलेगी 227 किलोमीटर



कंपनी ने बताया कि यह वाहन एक बार चार्ज करने पर करीब 227 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसमें 11.8 केडब्ल्यूएच की लिथियम-आयन बैटरी, छह किलोवॉट की मोटर, 55 एनएम का टॉर्क और वाटर वेडिंग कैपेसिटी 300 मिमी तक की दी गई है। योद्धा ईपॉड का निर्माण उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में किया गया है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख यूनिट की है।

## फॉक्सवेगन व स्कोडा ने वापस मंगाई 2021 और 2025 के बीच बनी कार



**नई दिल्ली।** फॉक्सवेगन और स्कोडा की 2021 और 2025 के बीच बनी कारों में एक खराबी आ गई है, जिसके चलते कंपनी ने इन कारों को रिकॉल करने का ऐलान किया है। यह गाड़ियां फॉक्सवेगन और स्कोडा की हैं, जिनकी सीट बैल्ट में दिक्कत आई है, जिसके चलते कंपनी ने इन कारों को रिकॉल करने का ऐलान किया है। कुल 1821 कारों को रिकॉल किया गया है। एसआईएएम की रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी गड़बड़ के चलते यह फैसला लेना पड़ा है।

**इन गाड़ियों को किया गया रिकॉल** जिन गाड़ियों को रिकॉल किया गया है, उनमें स्कोडा काइलैक, कुशक और स्लाविया के अलावा फॉक्सवैगन वर्टस और टाइगून मॉडल हैं।

## फिज़िक्सवाला देगा नीट और जेईई अभ्यर्थियों के लिए स्कॉलरशिप का अवसर

**जबलपुर।** एजुकेशन कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने PWNSAT (फिज़िक्सवाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट) 2025 के चौथे संस्करण की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट NEET-UG और IIT-JEE के अभ्यर्थियों के लिए एक प्रयास है ताकि शिक्षा और मार्गदर्शन को सभी छात्रों तक पहुँचाया जा सके, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।

यह पहल जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान घोषित की गई, जहाँ मध्य प्रदेश के पीडब्ल्यू रीजनल हेड, पीडब्ल्यू विद्यापीठ जबलपुर के सेंटर हेड और बिज़नेस हेड एक साथ उपस्थित हुए और उन्होंने PWNSAT 2025 के विभिन्न लाभों की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, शहर के कई स्कूलों के प्राचार्य भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



PWNSAT 2025 एग्ज़ाम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया जाएगा, ताकि देश के विभिन्न क्षेत्रों के छात्र इसे आसानी से दे सकें। ऑनलाइन मोड के लिए छात्र 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2025 के बीच परीक्षा दे सकते हैं। वहीं, ऑफलाइन मोड में परीक्षा 5 अक्टूबर और 12 अक्टूबर 2025 को आयोजित की जाएगी, जो पीडब्ल्यू के सभी विद्यापीठ और पाठशाला सेंटर्स पर होगी।

बिक्री लक्ष्य को आसानी से किया जाएगा हासिल : खाद्य सचिव

## गेहूं की खुले बाजार में बिक्री की जरूरत नहीं, आपूर्ति पर्याप्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि खुला बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सरकारी भंडार से गेहूं बेचने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि आपूर्ति पर्याप्त है और कीमतें स्थिर हैं। सरकार, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा प्रबंधित केंद्रीय पूल से अधिशेष भंडार को पूर्व निर्धारित आरक्षित मूल्य पर सीधे बाजार में बेचकर गेहूं की आपूर्ति और कीमतों को विनियमित करने के लिए खुला बाजार बिक्री योजना का संचालन करती है।

### टूटा चावल फिलहाल निजी कंपनियों को

चोपड़ा ने बिक्री लक्ष्य को आसानी से हासिल करने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा यह बिक्री घरेलू बाजार के लिए है। मिलें 15 प्रतिशत टूटे चावल को अलग करने के लिए तैयार हैं...अबतक की प्रतिक्रिया अच्छी रही है। टूटा चावल फिलहाल निजी कंपनियों को बेचा जा रहा है और शायद अगले चरण में हम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) को भी शामिल करेंगे।'' उन्होंने कहा कि 10 प्रतिशत टूटे चावल की पीडीएस बिक्री के लिए किसी खास क्षेत्र का चयन अभी संभव नहीं है। चोपड़ा ने कहा जब हम ऐसा करेंगे, तो पूरे देश में करेंगे।''

### अब तक आठ लाख टन चीनी का किया निर्यात

चीनी निर्यात के बारे में चोपड़ा ने कहा कि भारत 2024-25 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) में अब तक आठ लाख टन चीनी का निर्यात कर चुका है। सरकार ने 20 जनवरी, 2025 से चीनी निर्यात की अनुमति दी है। इसमें इस सत्र के लिए निर्यात की सीमा 10 लाख टन निर्धारित की गई है।

### हमने अच्छी मात्रा में की है रीदारी : चोपड़ा



चोपड़ा ने भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ की वैश्विक गोलमेज बैठक से इतर पत्रकारों से कहा, पर्याप्त भंडार मौजूद है। हमने काफी अच्छी मात्रा में खरीद की है। इसलिए बाजार में पर्याप्त आपूर्ति है। कीमतें पहले से ही स्थिर हैं। इसलिए गेहूं ओएमएसएस की कोई जरूरत नहीं है। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ओएमएसएस के तहत करीब 30 लाख टन गेहूं बेचा, जबकि 2023-24 में करीब 1.01 करोड़ टन गेहूं की बिक्री की गई थी। देश का गेहूं उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 11.75 करोड़ टन रहने का अनुमान है।



### सरकार कर रही 50 लाख टन चावल की बिक्री

ओएमएसएस के माध्यम से चावल की बिक्री के बारे में चोपड़ा ने कहा कि सरकार 50 लाख टन चावल की बिक्री कर रही है, जिससे पंजाब, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और हरियाणा सहित चार-पांच राज्यों में टूटे चावल की मात्रा 25 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत रह जाएगी। इसका उद्देश्य 100 प्रतिशत टूटे चावल में से 15 प्रतिशत चावल 'डिस्टिलरी' और अन्य को बेचना है, जबकि शेष 10 प्रतिशत टूटे चावल की नीलामी निजी व्यापारियों को की जाएगी।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी का बेसकॉम के साथ बिजली आपूर्ति समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली।

जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी फोर्टी फाइव ने ग्रिड से जुड़ी 100 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए बेंगलुरू इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (बीईएसकॉम) के साथ बिजली खरीद समझौता किया है। बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर 4.31 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर से 25 वर्ष की अवधि के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जेएसडब्ल्यू एनर्जी की अनुषंगी कंपनी जेएसडब्ल्यू रिन्यू एनर्जी फोर्टी फाइव लिमिटेड ने 100 मेगावाट बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के साथ ग्रिड से जुड़ी 100 मेगावाट सौर परियोजना के लिए बेसकॉम के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

### परियोजना को फिरोजाबाद से जोड़ा जाएगा

उक्त परियोजना को एक निर्दिष्ट स्थल पर विकसित किया जाएगा और इसे कलबुर्गी जिले में 220/400 केवी केपीटीसीएल फिरोजाबाद सबस्टेशन से जोड़ा जाएगा। इसके बाद कंपनी की कुल ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़कर 29.4 गीगावाट हो जाएगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** – मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** – नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


**धनु** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** – आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

## शब्द पहेली - 5938



मंगल सेनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5937 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5948

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5947 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



अजब-गजब / अनुराग मनींद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस



**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस




**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग



**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी
शिवानी छाया

बच्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।



**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे - जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता है। *

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?
**पिंकी** : गुलाबजामुन।
**रिंकी** : कैसे?
**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।
-तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?
**सोहन** : कैसे?
**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।
-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा



कहानी
आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



आज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा, 'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

बच्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

# चाइना ओपन : 17 साल की उन्नति ने किया बड़ा उलटफेर, ओलंपिक विजेता सिंधू को दी मात

एजेंसी ▶▶| चांग्झू (चीन)

उन्नति हुड्डा ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 वर्षीय हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी।

## क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

- उन्नति ने 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से दर्ज की जीत
- उन्नति का अगला मुकाबला दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से



## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिंधू सात साल में पहली बार भारतीय साथी से हारी

सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी। इससे पहले सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की।



## चोऊ तिएन चेन से हारकर प्रणय बाहर

लेकिन एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।



## खबर संक्षेप



### पोलैंड में चोपड़ा-नदीम का आमना-सामना असंभव

**कराची।** पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है। चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाकिस्तानी एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में डायमंड लीग और फिर अगले महीने स्विट्जरलैंड में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने वाले थे।

### इंग्लैंड में जीत से महिला विश्व कप से पहले भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि इंग्लैंड की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भारत की दो श्रृंखलाओं में जीत से इस साल होने वाले वनडे विश्व कप और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले महिला टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत कर नया इतिहास रचा। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय महिला टीम ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में इंग्लैंड से श्रृंखला जीती। भारत ने इसके बाद वनडे श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत 30 सितंबर से श्रीलंका के साथ एकदिवसीय विश्व कप की सह-मेजबानी करेगा। इसके बाद इंग्लैंड में 2026 में टी-20 विश्व कप का आयोजन होगा।



### गेंदबाज श्रेयंका और प्रिया ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर

**नई दिल्ली।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा भारत महिला 'ए' टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। दोनों खिलाड़ियों का इस दौरे में भाग लेना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 10 जुलाई को दी जाने वाली फिटनेस मंजूरी पर निर्भर था लेकिन दोनों खिलाड़ी अभी 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और वर्तमान में अपने खेलने के लिए वापसी के प्रोटोकॉल का पालन कर रही हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20, तीन 50 ओवर के मैच और चार दिवसीय एक लाल गेंद के मैच वाली बहु प्रारूप श्रृंखला खेलनी है। श्रृंखला सात अगस्त को मैकाय में पहले टी20 मैच के साथ शुरू होगी, जिसके बाद नौ और 10 अगस्त को इसी मैदान पर अन्य दो मैच खेले जाएंगे।



## टेस्ट सीरीज : सुदर्शन और यशस्वी की फिफ्टी, गिल का बल्ला रहा खामोश

# भारत 358 रन पर ऑलआउट, चोटिल पंत ने ठोका अर्धशतक, स्टोक्स ने झटके पांच विकेट

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

चौथे टेस्ट मैच में टीम इंडिया ने पहली पारी में 358 रन बनाए। भारत के लिए दूसरे दिन चोटिल ऋषभ पंत बैटिंग करने उतरे। वह बुधवार 37 रनों पर रिटायर्ड हर्ट हुए थे। ऋषभ पंत ने लंगड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजों को धोया।

पंत ने 75 गेंद में 54 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 3 चौके और दो छक्के निकले। पंत के अलावा साई सुदर्शन ने 61 और यशस्वी जायसवाल ने 58 रनों की पारी खेली। वहीं इंग्लैंड के लिए कप्तान बेन स्टोक्स ने 5 विकेट झटके।

### टीम इंडिया की शुरुआत रही अच्छी

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत चौथे टेस्ट में अच्छी रही थी। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने पहले विकेट के लिए 94 रनों की साझेदारी की। केएल राहुल 98 गेंद में 4 चौकों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर तीन नंबर पर आए साई सुदर्शन ने भी अर्धशतक लगाया और यशस्वी जायसवाल ने भी फिफ्टी जड़ी। जायसवाल ने 107 गेंद में 58 रनों की पारी खेली। उनके बल्ले से 10 चौके और एक छक्का निकला। साई सुदर्शन ने 151 गेंद में 7 चौकों की मदद से 61 रन बनाए। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका पहला अर्धशतक रहा। वहीं कप्तान शुभमन गिल का बल्ला खामोश रहा. वह सिर्फ 12 रन ही बना सके। पहले दिन 37 रनों पर चोटिल हुए ऋषभ पंत ने 75 गेंद में 54 रनों की पारी खेली। रवींद्र जडेजा ने 20 रन बनाए। शार्दुल ठाकुर ने 41 और वाशिंगटन सुंदर ने 27 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। अंशुल कंबोज (00) और जसप्रीत बुमराह चार रन पर आउट हुए।



### ऋषभ ने धोनी को पीछे छोड़ा

टूटे अंगूठे से अर्धशतक जड़ ऋषभ पंत ने इतिहास रच दिया है। वह अब इंग्लैंड में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। यह इंग्लैंड में उनका पांचवां फिफ्टी प्लस स्कोर था। पंत ने एमएस धोनी और फारूख इंजीनियर को पीछे छोड़ दिया है। धोनी और फारूख के नाम चार-चार 50 प्लस स्कोर थे।

### पंत बने सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज

ऋषभ पंत भारतीय टीम की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पछाड़ा है। शर्मा ने देश के लिए 67 टेस्ट मैच खेलते हुए 116 पारियों में 88 छक्के लगाए थे, जबकि पंत के छक्कों की संख्या 89 हो गई है। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने का कारनामा पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग के नाम दर्ज है। पंत के बल्ले से भविष्य में तीन छक्के और निकलते हैं तो वह देश के लिए टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन जाएंगे। फिलहाल वह दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

### टेस्ट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले टॉप-5 भारतीय

| | |
|---|---|
| 91 छक्के | - वीरेंद्र सहवाग |
| 89 छक्के | - ऋषभ पंत |
| 88 छक्के | - रोहित शर्मा |
| 78 छक्के | - एमएस धोनी |
| 74 छक्के | - रवींद्र जडेजा |

## एशिया कप टी20 टूर्नामेंट

# यूएई में गूंजेगा क्रिकेट का शोर बीसीसीआई ने संभाली मेजबानी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ढाका

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है और इसकी औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी के सूत्र ने बताया, 'बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है।

कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है।' यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला खेलनी है।

### बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व राजीव शुक्ला ने किया

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, 'हमारे उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा। ढाका में एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया। नकवी ने कहा, 'हम जल्द ही इसकी घोषणा करेंगे। हमने बीसीसीआई के साथ चर्चा की थी और कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें हम जल्द ही सुलझा लेंगे। सभी 25 सदस्य बैठक में या तो शारीरिक रूप से या वर्चुअली शामिल हुए। हम सभी एकमत हैं।'

## डीसी ओपन

# फ्रिट्ज तीसरे दौर में, वीनस विलियम्स युगल में बाहर




एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने सीधे सेट में जीत दर्ज करके डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एक साल से भी अधिक समय बाद वापसी करने वाली वीनस विलियम्स को महिला युगल में हार का सामना करना पड़ा।

विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले फ्रिट्ज ने अलेक्जेंडर वुकिक पर 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। पहले दौर में बाई मिलने के बाद फ्रिट्ज अब तीसरे दौर में माटेओ अर्नाल्डी का सामना करेंगे, जिन्होंने 16वें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो सोनेगो को 7-5, 7-5 से हराया। महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हरा दिया। इस बीच वीनस विलियम्स और उनकी जोड़ीदार हैली बैप्टिस्ट का युगल में अभियान दूसरे दौर में चैंपियन टाईब्रेकर में दूसरी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और झांग शुआई की जोड़ी से 6-4, 3-6, 10-6 से हार के साथ समाप्त हो गया।

- महिला वर्ग में एम्मा नवारो को मारिया सकारी ने 7-5, 7-6 (1) से हराया

### ओलंपिक की मेजबानी को लेकर भारत सकारात्मक

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार मिलने को लेकर बहुत सकारात्मक है लेकिन उसे लगता है कि अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि और भी देश इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं। कतर नवीनतम देश है, जिसने खुलासा किया है कि उसने 2036 खेलों की मेजबानी के अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भविष्य मेजबान आयोग के साथ बातचीत प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह मेजबान देश के चयन से पहले की लंबी प्रक्रिया का पहला कदम है। आईओए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर ने कहा, 'हम यह मानना चाहेंगे कि हम बहुत सकारात्मक हैं। लेकिन फिर भी यह कहना जल्दबाजी होगी (कि किसे मेजबानी के अधिकार मिलेंगे) क्योंकि अब भी कई देश इसमें शामिल हो रहे हैं।

### आईओए का सीईओ विवाद खत्म, रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद ने एक लंबे विवाद को खत्म करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी और डोपिंग से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद (आईओसी) ने 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान डोपिंग में देश के खराब रिकॉर्ड पर चिंता जताई थी, इसलिए इससे निपटना काफी अहम है। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने जनवरी 2024 में अध्यक्ष पीटी उषा की ओर से की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण उनका 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे।



## यूरो 2025 : स्पेन पहली बार फाइनल में...



स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराया, फाइनल में सामना इंग्लैंड से

**ज्यूरिख।** टूर्नामेंट शुरू होने से पहले बीमार होने के कारण कुछ दिन अस्पताल में बिताने वाली ऐताना बोनमाटी के अतिरिक्त समय में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने जर्मनी को 1-0 से हराकर महिला यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2025) के फाइनल में प्रवेश किया, जहां रविवार को उसका सामना इंग्लैंड से होगा। दोनों टीम निर्धारित समय में गोल नहीं कर पाई थी इसके बाद दो बार की बैलन डी'ओर विजेता बोनमाटी ने अतिरिक्त समय में 113वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

## विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप

### भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे विक्रमादित्य



**नई दिल्ली।** विक्रमादित्य चौफला को 30 जुलाई से 3 अगस्त तक नीदरलैंड के रोटरडैम में होने वाली विश्व रैकेटलॉन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रैकेटलॉन एक मिश्रित खेल है जिसमें प्रतियोगियों को चार रैकेट खेल टेबल टेनिस, बैडमिंटन, टेनिस और स्क्वाश खेलने होते हैं। पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी चौफला ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी टीम का नेतृत्व किया था। उन्होंने 2022 में इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता था।

## टी20 सीरीज का पहला मैच 1 जुलाई 2026 को, महिला टीम का भी दौरा

# भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट के बाद खेली जाएगी टी20 और वनडे सीरीज

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को घोषणा की कि भारत अगले साल सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा, जिसमें पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच शामिल हैं। भारत का दौरा 1 जुलाई 2026 को डरहम में टी-20 मैच से शुरू होगा, जिसके बाद मैनचेस्टर (चार जुलाई), नॉटिंघम (सात जुलाई), ब्रिस्टल (नौ जुलाई) और साउथम्प्टन (11 जुलाई) में मैच खेले जाएंगे।



### भारतीय महिला टीम अगले साल फिर करेगी इंग्लैंड का दौरा

दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 14 जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगी। इसके बाद 16 जुलाई को कार्डिफ और 19 जुलाई को लॉर्ड्स में मैच खेले जाएंगे। भारतीय महिला टीम भी अगले साल फिर से इंग्लैंड का दौरा करेगी। वह इंग्लैंड की महिला टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और एक टेस्ट मैच खेलेगी। टी20 श्रृंखला 28 मई को चेम्सफोर्ड में शुरू होगी। उसके बाद 30 मई को ब्रिस्टल और दो जून को टॉन्टन में मैच खेले जाएंगे। एकमात्र टेस्ट मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### टी20 सीरीज का शेड्यूल

1 जुलाई : पहला टी20 मैच
4 जुलाई : दूसरा टी20 मैच
7 जुलाई : तीसरा टी20 मैच
9 जुलाई : चौथा टी20 मैच
11 जुलाई : पांचवां टी20 मैच

### वनडे सीरीज का शेड्यूल

14 जुलाई : पहला वनडे मैच
16 जुलाई : दूसरा वनडे मैच
18 जुलाई : तीसरा वनडे मैच

### इंग्लैंड की अगुवाई करेंगे दो कप्तान

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम दो टेस्ट श्रृंखलाओं में न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की मेजबानी भी करेगी, जबकि हैरी ब्रूक की सीमित ओवरों की टीम वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के अलावा श्रीलंका की मेजबानी करेगी। भारतीय पुरुष टीम अभी टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए इंग्लैंड में है जबकि भारतीय महिला टीम ने सीमित ओवरों का इंग्लैंड दौरा हाल में समाप्त किया था।

## बर्खास्त किए गए जज को बैकवेजेस, पेंशन व 5 लाख रुपये अदा करने के निर्देश

### हाईकोर्ट ने की निराशाजनक संबंध की आलोचना

# उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के बीच सामंत और गुलाम जैसे रिश्ते!

जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के बीच सामंत और गुलाम जैसे रिश्ते हैं । जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस डीके पालीवाल की डिवीजन बेंच ने कहा कि जिला न्यायपालिका के जज हाईकोर्ट जजों से मिलते हैं तो उनकी बॉडी लैंग्वेज बिना रीढ़ की हड्डी वाले स्तनधारी के गिड़गिड़ाने जैसी होती है। हाईकोर्ट के जज खुद को सवर्ण व जिला न्यायालय के जजों को शूद्र समझते हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में व्यापम मामले में आरोपी को जमानत देने के कारण हाईकोर्ट ने संबंधित जज को बर्खास्त कर दिया। हाईकोर्ट के ऐसे कृत्य से जिला न्यायपालिका में संदेश जाता है कि बड़े मामलों में निर्दोष साबित करने, जमानत देने से संबंधित जज के खिलाफ के विपरीत कारवाई हो सकती है। कोर्ट ने गलत तरीके से बर्खास्त किए गए न्यायाधीश को बैंकबेजेस के साथ पेंशन का भुगतान करने को कहा। कोर्ट ने याचिकाकर्ता जज को 5 लाख का मुआवज़ा प्रदान करने की निर्देश भी दिए।

### यह हैं मामला -

2016 में एससी एसटी एक्ट की विशेष न्यायाधीश के रूप में भोपाल जिला अदालत में पदस्थ रहे जगत मोहन चतुर्वेदी की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। कहा गया था कि 2015 में व्यापम मामले के आरोपी कुछ छात्रों को उन्होंने अग्रिम जमानत दी। जबकि इसी मामले में अन्य आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अलग-अलग तथ्यों के चलते विभिन्न आदेश दिए। इस पर हाई कोर्ट प्रशासन ने उनके खिलाफ कदाचरण की कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त कर दिया। हाई कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में अनुमोदन किया गया । याचिकाकर्ता की अपील भी खारिज कर दी गई। तर्क दिया गया कि अलग-अलग मामलों के तथ्यों



के आधार पर उन्होंने जज की हैसियत से अलग-अलग आदेश दिए थे।

### यह कहा कोर्ट ने -

सुनवाई के बाद कोर्ट ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों और जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों के बीच "निराशाजनक संबंध" की आलोचना की। इसे एक सामंत और दास के बीच का रिश्ता बताया। कोर्ट ने कहा कि एक "अहंकारी" उच्च न्यायालय छोटी-छोटी गलतियों के लिए "जिला न्यायपालिका को फटकार" लगाने की कोशिश करता है, जिससे जिला न्यायपालिका को दंड के भय में रखा जाता है। पीठ ने कहा कि इससे न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा, जिला न्यायपालिका के न्यायाधीश जब उच्च न्यायालय के न्यायाधीश का अभिवादन करते हैं, तो उनकी शारीरिक भाषा, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के सामने गिड़गिड़ाने जैसी होती है। जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों द्वारा रेलवे प्लेटफॉर्म पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनके लिए जलपान की सेवा करने के उदाहरण आम हैं। उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री में प्रतिनियुक्ति पर आए जिला न्यायपालिका के न्यायाधीशों को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश कभी भी बैठने की पेशकश नहीं करते हैं। जब कभी उन्हें ऐसा मौका मिलता भी है, तो वे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के सामने बैठने में हिचकिचाते हैं। राज्य में ज़िला न्यायपालिका और उच्च न्यायालय के बीच का रिश्ता एक-दूसरे के प्रति सम्मान पर आधारित नहीं है, बल्कि एक ऐसा रिश्ता है जहाँ एक द्वारा दूसरे के अवचेतन में जानबूझकर भय और हीनता की भावना भर दी जाती है।

कोर्ट ने कहा कि, जाति व्यवस्था की छाया राज्य के न्यायिक ढाँचे में स्पष्ट दिखाई देती है, जहाँ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सवर्ण हैं और ज़िला न्यायपालिका के जज शूद्र व दयनीय हैं। इससे ज़िला न्यायपालिका मानसिक रूप से कमज़ोर हो जाती है, जो अंततः उनके न्यायिक कार्यों में परिलक्षित होती है।जहाँ सबसे योग्य मामलों में भी ज़मानत नहीं दी जाती, अभियोजन पक्ष को संदेह का लाभ देकर सबूतों के अभाव में दोषसिद्धि दर्ज की जाती है और आरोप ऐसे लगाए जाते हैं मानो दोषमुक्त करने का अधिकार ही न हो। यह सब उनकी नौकरी बचाने के नाम पर होता है, जिसका खामियाजा इस मामले में याचिकाकर्ता को अलग तरह से सोचने और काम करने के कारण भुगतना पड़ा।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता सेवानिवृत्त हो चुका है। उसके साथ हुए घोर अन्याय के कारण उसके पेंशन संबंधी लाभों को बहाल करने के निर्देश दिए जाते हैं । उसे सेवा समाप्ति की तिथि से लेकर सेवानिवृत्ति की तिथि तक का बकाया वेतन 7त फीसदी ब्याज सहित दिया जाए। उसे समाज में जो अपमान सहना पड़ा, उसे देखते हुए उसे पांच लाख रुपये जुर्माना का भुगतान किया जाए।



# आज भोपाल के फ्लेटों के खुलेंगे ताले

जबलपुर।

**सर्वटे को भोपाल ले गई ईओडब्लूय की टीम**

आदिम जाति कल्याण विभाग के डिप्टी कमिश्नर जगदीश सर्वटे की अवैध संपत्ति की परतें एक-एक कर खुलती जा रही हैं। गुरुवार को डिप्टी कमिश्नर सर्वटे को टीम के साथ भोपाल ले जाया गया, जहां आज उसके सामने फ्लैट की तलाशी ली गई। सूत्रों के अनुसार, यहां से नगदी और संपत्ति के अहम दस्तावेज मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है की करीब तीन दिन से चल रही ईओडब्ल्यू की सर्च कार्रवाई में अब तक 6.19 करोड़ से अधिक की अनुपातहीन संपत्ति, बेशकीमती टाइगर की खाल, महंगी शराब की बोतलें, और कई अचल संपत्ति दस्तावेज बरामद हो चुके हैं। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच अभी जारी है और संपत्ति का आंकड़ा और बढ़ सकता है। शुक्रवार को भोपाल फ्लैट की जांच से कई और परतें खुलने की संभावना है

### मां भेजी गई जेल

अधारताल स्थित पैतृक मकान की तलाशी के दौरान टाइगर की खाल बरामद की गई, जिसे एसटीएफ और वन विभाग की मौजूदगी में जब्त किया गया। पूछताछ में डिप्टी कमिश्नर की मां ने बताया कि खाल उनके ससुर की थी और वह उस पर बैठकर पूजा-पाठ किया करती थी।लेकिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत यह गंभीर अपराध है। इसी आधार पर डिप्टी कमिश्नर सर्वटे को आरोपी बनाते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जबकि उनकी मां को जेल भेज दिया गया।

### क्या है मामला

ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया है कि जगदीश सर्वटे ने अपने कार्यकाल के दौरान आय से कई गुना अधिक चल-अचल संपत्तियां अर्जित की हैं, जिनमें फ्लैट, प्लॉट, बैंक बैलेंस, महंगे गहने और विदेशी शराब की बोतलें शामिल हैं। जांच टीम बैंक खातों, लॉकरों और रजिस्ट्री दस्तावेजों को खंगालने में जुटी है।



# लेट फीस के नाम पर हो रहा आर्थिक शोषण

जबलपुर।

**हिन्दू धर्म सेना ने लगाया आरोप, डीईओ को सौंपा**

निजी शैक्षणिक संगठन द्वारा लेट फीस के नाम पर अवैध वसूली कर अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा हैं। यह आरोप लगाते हुए हिंदू धर्म सेना ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपा। हिंदू धर्म सेना द्वारा डीईओ घनश्याम सोनी को सौंपे गए ज्ञापन में जिले के विभिन्न निजी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा लेट फीस के नाम पर अभिभावकों से की जा रही अनुचित और मनमानी वसूली के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में विशेष रूप से कटंगा स्थित विजडम वैली स्कूल का उल्लेख किया गया, जहाँ एक छात्र से 5 सौ 37 रुपए की लेट फीस वसूली का दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत किया गया। इस विषय को व्यापक संदर्भ में रखते हुए अन्य स्कूलों में भी चल रही ऐसी वित्तीय अनियमितताओं पर विस्तृत चर्चा की गई। ज्ञापन में मुख्य मांगों में लेट फीस वसूली बंद करने, आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को राहत देने, इस संबंध में जिला स्तरीय शुल्क निगरानी समिति के गठन की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक अर्पित सिंह ठाकुर, नीरज राजपूत, कपिल रैकवार, आकाश रैकवार, सौरभ रैकवार, सोनू रजक, राजकुमार शर्मा, हर्षित सेठी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शासकीय स्कूल में बच्चों से झाड़ू लगवाने व बर्तन धुलवाने का आरोप

## विरोध में प्रदर्शन, डीईओ को सौंपा गया ज्ञापन

**जबलपुर।** जिले के एक शासकीय विद्यालय में बच्चों से बर्तन धुलवाने और झाड़ू लगवाने का आरोप लगाया गया हैं। इस घटना के विरोध में न सिर्फ जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया बल्कि डीईओ को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग भी की गई। महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा जबलपुर के डुमना स्थित ककरतला प्राथमिक शाला में बच्चों से कथित तौर पर बर्तन धुलवाने एवं झाड़ू लगवाने के विरोध में डीईओ कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के विषय में जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने आरोप लगाया कि



डुमना में ककरतला प्राथमिक शाला में बच्चों से झाड़ू लगाने एवं बर्तन धुलवाने का कार्य कराया जा रहा है। बच्चों को समय से पहले ही स्कूल बुला लिया जाता हैं ताकि बच्चों से झाड़ू लगवाई जा सके। बच्चे स्कूल में पढने आते हैं लेकिन उनसे झाड़ू लगवा कर उनका शोषण किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा के मंदिर में शिक्षा की जगह बच्चों से काम करवाना वो भी बर्तन झाड़ू जैसा काम निंदनीय कृत्य हैं। शिक्षा का अधिकार बच्चों का मौलिक अधिकार है लेकिन शिक्षा के आड़ में उनसे काम करवा कर उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा हैं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि शासकीय पद का पूर्ण रूप से दुरुपयोग कर मासूम बच्चों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं। इसमें सम्बंधित दोषी अधिकारी और प्राचार्य के ऊपर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन के दौरान संगठन के मोहित प्यासी, राहुल अग्रिया, रोहित कुरील, मोहित प्यासी, अभिरूप चंसोरिया, पुनीत चौबे, नीरज वर्मा, नितिन पटरिया, प्रतीक कोई, विवेक सिलावट, राहुल सोधिया, अनिकेत चौधरी, सुरजीत चौधरी, राहुल झरिया, मो इरफान, रोहित गुप्ता, आकाश चौधरी उपस्थित रहे।

# दहेज लोभी आरोपी पति एवं सास, ननद, नंदोई पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** रांझी थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति, सास, ननद व नंदोई के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराई है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड कालोनी सिविल लाईन निवासी 40 वर्षीय श्रीमति कामना ठाकुर की शादी 10 फरवरी 2022 को रांझी निवासी आशीष उइके से हुई थी। शादी के लगभग एक माह बाद से पति आशीष उइके, सास हेमलता उइके, ननद आरती उइके तथा नंदोई धर्मेंद्र तेकाम उसे दहेज को लेकर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करते हुए मायके से 20 लाख रुपए लाने की मांग करते है। गत 12 जनवरी 2025 को सुबह लगभग 11 बजे नानक नगर रांझी में सास, ननद, पति तथा नंदोई दहेज की मांग कर उसके साथ मारपीट कर उसके हाथ पैर एवं शरीर में चोटे पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी पति, सास, ननद व नंदोई के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85 बीएनएस एवं 3, 4 दहेज एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# युवक ने लगायी फांसी

**जबलपुर।** पनागर थानान्तर्गत ग्राम बम्हनी में कल घर पर अकेले युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। घटना के संबंध में पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम बम्हनी निवासी संतोष गौंड खेती किसानी करता है कल उसका भांजा करनसिह गौंड घर पर अकेला था सभी काम पर चले गये थे। रात लगभग साढ़े आठ बजे घर पर लौटी दादी हतथो बाई ने देखा कि भांजा करन सिंह पंखें की कुंडी से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटका हुआ था। जिसकी मौत हो गई थी।

# दिव्यांग छात्र से डेढ़ लाख की साइबर ठगी

जबलपुर।

सिविल लाईन थानान्तर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के देवेन्द्र छात्रावास में रहने वाले दिव्यांग छात्र करे ऑनलाईन सोना खरीदने के बाद उसका रिफंड लेना महंगा पड़ गया। अज्ञात जालसाज ने दिव्यांग छात्र को रिफंड के लिए अलग-अलग नंबरों से कॉल कर मदद का झांसा देकर उसके खाते की जानकारी शेयर कर 1 लाख 41 हजार रूपए निकाल लिये। सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि ढीमरखेड़ा कटनी निवासी शैतान सिंह रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के देवेन्द्र छात्रावास में रहकर प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहा है। शैतान सिंह ने गूगल पे के माध्यम से 20 हजार रूपए का सोना खरीदा था। उसके पास कोई रसीद नहीं थी। अचानक दिव्यांग शैतान सिंह को मोबाईल गुम गया। खरीदी गये सोने का रिफंड पाने की चाहत में शैतान सिंह ने कस्टमर केयर की हेल्पलाईन के तीन फोन नम्बरों पर सम्पर्क सादा इस दौरान किसी अज्ञात ने उसे रिफंड देने का वादा किया और बोला मै जैसा बोलू वैसा करना। दिव्यांग छात्र शैतान सिंह 20 हजार रूपए का रिफंड चाहता था लेकिन जालसाज ने गूगल पे व फोन पे के माध्यम से उसके खाते से 1 लाख 41 हजार रूपए निकाल लिये।




# वीडियो बनाने के विवाद पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

## शहर में बढ़ रही चाकूबाजी की वारदातें

जबलपुर।

गोहलपुर थाना अतंर्गत अहमद नगर में मस्जिद के पास एक युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वालें तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चाकू एवं मोटर सायकिल एमपी 20 एनएल 1463 जब्त की है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमद नगर गोहलपुर निवासी सोहेल खान अपने दोस्त इमरान हुसैन अहमद नगर मस्जिद के पास खड़े होकर बातचीत कर रहा था, तभी मुन्ना, समीम एवं सोहेब ओसमानी मोटर सायकिल से आये और अहमद नगर में हुये झगड़े का वीडियो बनाने पर विवाद करने लगे और सोहेल खान पर समीम ने हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया जिससे उसके गाल एवं कान में चोटे आ गई, घटना के बाद तीनों मोटर सायकल से भाग गये। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे मेडीकल कॉलेज रिफर कर दिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109, (5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी 25 वर्षीय समीम अंसारी, 40 वर्षीय मुन्ना खान और 25 वर्षीय सोहेब ओसमानी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटर सायकिल एमपी 20 एनएल 1463 जप्त कर ली है।



### पुरानी रंजिश पर चाकू से किया वार

रांझी थाना अतंर्गत इंद्रानगर रविदास मंदिर रांझी में पुरानी रंजिश पर पड़ोसी ने एक युवक को जातिगत रुप से अपमानित कर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार इंद्रानगर रविदास मंदिर रांझी निवासी धर्मेंद्र चौधरी गत रात लगभग 10.30 बजे अपने घर के सामने खड़ा था, तभी उसे देखकर घर के सामने रहने वाला अजय केवट पुरानी रंजिश पर गालगीलौज करते हुए जातिगत रुप से अपमान करने लगा, मना करने पर चाकू से धर्मेंद्र के पेट पर हमला कर घायल कर दिया। भतीजा करन चौधरी ने घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायल को मेडीकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 109 बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)व्हीए एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अवैध वसूली करने चक्की वाले को चाकू मारा

कोतवाली थानांतर्गत दीक्षितपुरा में कल दोपहर एक बदमाश ने चक्की चलाने वाले दुकानदार से शराब पीने रुपये की मांग कर कमर में चाकू मार दिया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि राममंदिर दीक्षितपुरा निवासी संदीप केशरवानी कल दोपहर अपने आटा चक्की दुकान में बैठा था। तभी उसकी दुकान में एक लड़का आया और शराब पीने रुपया मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज कर बोला मैं यहां का गुण्डा हूं मेरा नाम अमन केशरवानी है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240